RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 216
लखनऊ, शनिवार, 28 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





पंत अगर 100 टेस्ट खेलते हैं तो रिकार्ड बना सकते हैं

स्पोर्ट्स-12

## राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता सदन ने विपक्ष को दिया जवाब

# बनना है तो राष्ट्रवादी बनिए: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष से कहना चाहूंगा कि आपके काम से आपकी पहचान होती है। जब समाजवाद की बात होती है तो लोहिया जी की बात होती है, अब कभी-कभी शिवपाल की लेखनी ही पढ़ने को मिलती है लोहिया जी पर, आप हम पर लेबल लगाते हैं हम राष्ट्रवादी हैं। अच्छा है हम राष्ट्रवादी है। चूहा बनने की बजाय राष्ट्रवादी बनना श्रेयष्कर है।

क्योकि चूहा घर में रहकर खाता भी है और नींव में छेद भी करता है। हमको एक लंबी यात्रा तय करनी है। उन्होंने कहा कि हम पास-पास भी हैं और साथ साथ भी हैं लेकिन आप पास-पास होते हुए भी साथ-साथ नही हैं और यही आपकी सबसे बड़ी विफलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 167 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। अधिक से अधिक सदस्य बोल रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा है। मेरा अध्यक्ष महोदय से अनुरोध है कि वह इसकी कार्यवृत्ति अंग्रेजी व हिंदी में संकलित करवाकर



इसकी प्रति राज्यपाल को और संसद के पुस्तकालय में प्रेषित करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जनता से मिला जनादेश भाजपा के प्रति एक समान है। राजनीतिक दलों में मतभेद हो सकते हैं पर उत्तर प्रदेश के विकास के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सत्ता पक्ष का सहयोग करेगा तो देश में उत्तर प्रदेश के लिए एक बेहतर संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष की चर्चा के बाद से ही जनता के विकास के लिए रास्ता निकलता है। सदन की अपनी गरिमा होती है लेकिन नेता प्रतिपक्ष की बातों से ऐसा लग रहा था कि जैसे किसी चौराहे पर जनसभा हो रही हो। नेता सदन ने कहा कि हम ढिंढोरा पीटकर अपनी उपलब्धियों को नहीं गिनाते है।

जनता सब देखती है इसलिए उसने 37 सालों के बाद लगातार दूसरी बार हमे सरकार बनाने का मौका दिया हैं योगी आदित्यनाथ ने कहा देश हित में हमे दलगत भावनाओं से उपर उठकर प्रदेश को आगे ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन सत्ता प्राप्ति नहीं, देश है और इसके लिए हमें संसदीय भावनाओं का स मान करना होगा। मार्च 2017 में प्रदेश में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनी थी। नेता सदन ने कहा कि क्या यह सही नहीं है कि 2017 से ( शेष पेज 4 )

### हम जीतें तो ठीक, भाजपा जीते तो ईवीएम में गड़बड़ी, यह तो जनादेश का अपमान: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, हम (विपक्ष) जीतें तो ठीक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीते तो ईवीएम में गड़बड़ी है... यह कहना जनादेश का अपमान है। विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पर खूब तंज कसा।मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल के अभिभाषण पर हमने नेता प्रतिपक्ष के एक घंटे के भाषण को सुना। मुझे उनकी कुछ बातों पर आश्चर्य हो रहा था। एक व्यक्ति चुनावी सभाओं में बोलता है, मीठी-मीठी बातें करता है, लेकिन सदन में अगर जमीनी हालात पर बात होती तो बेहतर होता। उन्होंने अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा, हम जीतें तो अच्छा है, भाजपा जीत जाए तो साहब ईवीएम में गड़बड़ी कर दी गई, यह कहना तो जनता-जनार्दन का अनादर है। अखिलेश ने विधानसभा में कहा था, ए लोग कैसे चुनाव जीते हैं, हम जानते हैं। उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में भाजपा सरकार की जमकर आलोचना की थी।

# भारत 2030 तक बनेगा ड्रोन हब: पीएम

- कृषि, खेल, रक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से बढ़ेगा इस्तेमाल
- मोदी ने दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**पीएम** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी का सुनहरा भविष्य है। उन्होंने कहा कि 'वे इसकी मदद से पूरे देश में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर लेते हैं।' मोदी कहा कि ये देश में दूर दराज के इलाकों में योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होंगे।

उन्होंने पूर्व की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उस समय टेक्नोलॉजी को समस्या का एक हिस्सा समझा जाता था तथा इस बात की कोशिश होती थी कि इसे गरीब विरोधी के तौर पर पेश किया जाए।' पीएम ने कहा कि 2030 तक भारत ड्रोन हब बनेगा। दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव 2022 का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि कृषि, खेल, रक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ेगा। ड्रोन से जुड़ी अपनी कामकाज की शैली को उजागर करते हुए मोदी ने कहा 'मैं हर महीने सरकारी अधिकारियों के साथ प्रगति बैठक करता हूं और ड्रोन की मदद से देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करता हूं। मैं पूरे देश में चल रहे काम का ड्रोन की मदद से औचक निरीक्षण करता हूं।' प्रगति मैदान में शुरू हुए सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव में मोदी ने कहा 'ठीक आठ साल पहले हमने बेहतर कामकाज के लिए कुछ नए मंत्रों पर अमल करना शुरू किया था। आज हम नई तकनीक को सबसे पहले जनता को उपलब्ध करा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं ड्रोन प्रदर्शनी से प्रभावित हूं। 2030 तक भारत ड्रोन हब बनेगा। उन्होंने कहा, जिन-जिन स्टॉल में मैं आज गया, वहां सभी लोग बहुत गर्व से कहते थे कि ये मेक इन इंडिया हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उत्सव सिर्फ ड्रोन का नहीं, यह नए भारत-नई गवर्नेंस का उत्सव है। ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वो अद्भुत है। ये जो ऊर्जा नजर आ रही है, वो भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। पीएम ने कहा, यह ऊर्जा भारत में रोजगार सृजन के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने टेक्नोलॉजी को समस्या का हिस्सा समझा। उसे ( शेष पेज 4 )

# नदी में गिरा वाहन, सात सैनिकों की मौत



भाषा। नई दिल्ली

**थल** सेना के कर्मियों को ले जा रहा एक वाहन शुक्रवार को लद्दाख के तुकतुक सेक्टर में सड़क से फिसल कर श्योक नदी में गिर गया, जिससे सात सैनिकों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थोइसे से करीब 25 किमी दूर एक स्थान पर सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिक जिस वाहन में सवार थे, वह सड़क से फिसल कर श्योक नदी में जा गिरा। करीब 26 सैनिकों के एक दल को लेकर वाहन परतापुर ट्रांजिट कैम्प से हनीफ सब-सेक्टर में स्थित एक अग्रिम स्थान पर जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया, अब तक सात सैनिकों को मृत घोषित किया गया है। अन्य को गंभीर चोटें भी आई ( शेष पेज 4 )

### प्रधानमंत्री ने लद्दाख हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लद्दाख में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया, जिसमें थल सेना के सात जवानों की मृत्यु हो गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है।

इससे पहले सेना के अधिकारियों ने कहा था कि थल सेना के कर्मियों को ले जा रहा एक वाहन शुक्रवार को लद्दाख के तुकतुक सेक्टर में सड़क से फिसल कर श्योक नदी में गिर गया, जिससे सात सैनिकों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि थोइसे से करीब 25 किमी की दूरी पर सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि लद्दाख में हुई बस दुर्घटना से ( शेष पेज 4 )

### भारतीय नौसेना की तैयारियां किसी भी तरह से उकसाने वाली कार्रवाई नहीं है: राजनाथ

**करवार ( कर्नाटक ) ( भाषा )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय नौसेना की तैयारियां किसी भी तरह से उकसाने वाली कार्वाई नहीं है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की गारंटी देने की कोशिश है। सिंह ने आईएनएस खंडेरी में समुद्री यात्रा की और कलवरी श्रेणी की अत्याधुनिक पनडुब्बी की लड़ाकू क्षमताओं और ताकत को देखा। उन्होंने कहा, पनडुब्बी में समुद्री यात्रा का अद्भुत और रोमांचकारी अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि वह भारत की सुरक्षा के प्रति अधिक आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना एक आधुनिक, शक्तिशाली और विश्वसनीय बल है जो हर स्थिति में सतर्क, बहादुर और विजई रहने की क्षमता रखता है। सिंह ने कहा, आज भारतीय नौसेना की गिनती दुनिया की अग्रिम पंक्ति की नौसेनाओं में होती है और दुनिया की बड़ी समुद्री सेनाएं भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं। भारतीय नौसेना द्वारा की जा रही तैयारी किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हिंद ( शेष पेज 4 )

# क्रूज ड्रग केस में आर्यन को क्लीन चिट

- इस मामले में 22 दिन जेल में थे शाहरुख खान के बेटे

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई/नई दिल्ली



**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को क्लीन चिट दे दी। पिछले साल हुए इस मामले में गिरफ्तारी के बाद आर्यन को 22 दिन जेल में बिताने पड़े थे। एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन खान और पांच अन्य को पर्याप्त सबूतों के अभाव के चलते आरोप पत्र में नामजद नहीं किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि एनसीबी के विशेष जांच दल (एसआईटी) को जांच में गंभीर अनियमितताएं और गलतियों के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि आर्यन को गिरफ्तार करने वाली एनसीबी की टीम ने आरोपी की स्वास्थ्य जांच, छापेमारी की वीडियो रिकॉर्डिंग और व्हाट्सऐप चैट में मिले सबूतों की पुष्टि जैसे नियमों का पालन नहीं किया। एनसीबी प्रमुख एसएन प्रधान ने दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि जांच में कुछ खामियां पाई गईं और अदालत में आरोपों को साबित करने के लिए आरोपी के व्हाट्सएप चैट में कोई पक्का सबूत नहीं था।

एनसीबी ने शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत में 14 आरोपियों के खिलाफ छह हजार पृष्ठ का आरोप पत्र दाखिल किया। हालांकि आर्यन खान समेत छह लोगों के खिलाफ सबूतों के अभाव के चलते आरोप नहीं लगाए गए। प्रधान ने कहा, आरोप पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख तक हमारी विशेष जांच टीम को जो कुछ भी मिला, उसके आधार पर हमने ( शेष पेज 4 )

### केंद्र ने समीर के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने वित्त मंत्रालय से स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले की कथित तौर पर लचर जांच करने को लेकर कार्वाई करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले में पिछले साल फिल्म अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन की भी गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर फर्जी जाति प्रमाण-पत्र देने के मामले में भी वानखेड़े के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है। अक्टूबर 2021 में क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले में शुक्रवार को आर्यन खान को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने क्लीन ( शेष पेज 4 )

## टीले वाली मस्जिद मामले में सुनवाई 30 मई को

विधि संवाददाता। लखनऊ

**प्रसिद्ध** टीलेवाली मस्जिद का कब्जा हिन्दूओं को देने की मांग वाली एक वाद पर निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध सत्र अदालत में दाखिल रिवीजन अर्जी पर सुनवाई 30 मई को होगी। वर्ष 2013 में निचली अदालत में दाखिल इस वाद में कहा गया है कि यह पूरा परिसर शेषनागेस्ठ टीलेश्वर महादेव का स्थान है। लिहाजा इस पर हिन्दुओं को पुजा.अर्चना करने की अनुमति दी जाए व उनके दर्शन में बाधा डालने वालों को रोका जाए। निचली अदालत में यह वाद लार्ड शेषनागेस्ठ टीलेश्वर महादेव विराजमान, लक्ष्मण टीला शेषनाग तीरथ भूमि, डॉ. वीके श्रीवास्तव, रामरतन मौर्य, वेदप्रकाश त्रिवेदी, दिलीप साहू, स्वतंत्र कुमार त्रिपाठी व धनवीर सिंह की ओर से दाखिल किया गया था। इस वाद में युनियन आफ इंडिया जरिए सचिव गृह मंत्रालयए आर्कियोलाजी सर्वे आफ इंडिया की लखनऊ सर्किलए स्टेट आफ यूपी जरिए प्रमुख सचिव गृह, जिलाधिकारी ( शेष पेज 4 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,884 | ↑ 632 | |
| निफ्टी | 16,352 | ↑ 182 | |
| सोना | 50,939 | ↑ 303 | /10g |
| चांदी | 62,636 | ↑ 1023 | /kg |

### क्विक न्यूज

**अब अपात्रों से नहीं होगी राशन की वसूली: सरकार**

**लखनऊ।** अपात्र राशन कार्ड धारकों से अब कोई वसूली नहीं की जाएगी। दरअसल विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने सरकार से जानना चाहा कि राशन की दुकानदार राशन कम दे रहे हैं और यह बात भी सामने आई है कि सरकार आपात्र लोगों से दो गुने दाम पर राशन की वापसी लेगी। सरकारा की तरफ से जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है सब लोग चैन कह नींद सोए सरकार किसी से कहीं कोई वसूली इस प्रकार की नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कोविड के समय सरकार ने 23 लाख मीट्रिक टन आनाज बाटा है और गड़बड़ी पाए जाने पर 1725 दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने आजम की जमानती शर्त पर रोक लगाई

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के विधायक आजम खान की जमानत से जुड़ी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शर्त पर रोक लगा दी। खान ने अपनी याचिका में दावा किया था कि यह शर्त उनके जौहर विश्वविद्यालय के एक हिस्से को ढहाने से संबंधित है, जिसे कथित तौर पर शत्रु संपत्ति पर कब्जा करके बनाया गया था। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत संबंधी शर्त प्रथम दृष्टया असंगत है और दीवानी अदालत की डिक्री की तरह लगती है।

पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 10 मई के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि यह कहा गया था कि याचिकाकर्ता (खान) को उम्र और उनके स्वास्थ्य के आधार पर जमानत दी जा रही है जबकि उनके खिलाफ शुरू किए गए ज्यादातर मामलों में उन्हें जमानत मिल गई है। पीठ ने आगे कहा, "हालांकि, जमानत दिए जाने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई शर्तें प्रथम दृष्टया असंगत हैं और उन शर्तों के साथ कोई तार्किक संबंध नहीं है जो आरोपी की उपस्थिति को सुरक्षित करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि सुनवाई की निष्पक्षता बाधित नहीं हो।

पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में, एकल न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि जमानत याचिका पर मौजूदा आदेश एक दीवानी अदालत की डिक्री की तरह लग सकता है जो संपत्ति पर मालिकाना हक से संबंधित है। उसने कहा, "फिर भी, प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने जमानत देने की शर्तों को लागू करते हुए दंड ( शेष पेज 4 )

### गीतांजलि का टॉम्ब ऑफ सैंड अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी उपन्यास बना



**लंदन।** लेखिका गीतांजलि श्री के हिंदी उपन्यास टॉम्ब ऑफ सैंड को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह उपन्यास इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाला किसी भारतीय भाषा का पहला उपन्यास है। लंदन में बृहस्पतिवार को आयोजित समारोह में गीतांजलि श्री ने कहा कि वह इस पल के लिए तैयार नहीं थीं और पुरस्कार पाकर पूरी तरह से अभिभूत हैं। लेखिका ने 50,000 ब्रिटिश पाउंड का पुरस्कार डेजी रॉकवेल के साथ साझा किया। रॉकवेल ने गीतांजलि श्री के उपन्यास का अंग्रेजी ( शेष पेज 4 )

# ऐतिहासिक राइफल और हेलमेट राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचाए

- रक्षा मंत्रालय ने कहा- राष्ट्रीय समर स्मारक के साथ 1971 के शहीद सैनिकों के स्मारक का एकीकरण पूरा हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**इंडिया** गेट पर प्रतिष्ठित अमर जवान ज्योति का हिस्सा रही ऐतिहासिक राइफल और सैनिक के हेलमेट को शुक्रवार को एक समारोह में राष्ट्रीय समर स्मारक में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के प्रतीक, उलटी राइफल और हेलमेट को अब परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं की प्रतिमाओं के बीच स्थापित कर दिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार ने कहा कि इस प्रक्रिया के साथ ही राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के साथ 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों के स्मारक का एकीकरण पूरा हो गया है। समारोह का नेतृत्व चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ टू द चेयरमैन, चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) एयर मार्शल बीआर कृष्णा ने किया। इसमें तीनों सशस्त्र बलों (थल सेना, वायु सेना और नौ सेना) के वरिष्ठ अधिकारी भी शरीक हुए। इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति को जनवरी में राष्ट्रीय समर स्मारक की ज्योति में विलय कर दिया गया था। राष्ट्रीय समर स्मारक, इंडिया गेट से करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। अमर जवान ज्योति का निर्माण उन भारतीय सैनिकों के एक स्मारक के तौर पर किया गया था जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए थे। इस युद्ध में भारत विजयी रहा था। अमर जवान ज्योति का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी 1972 को किया था। समारोह में हेलमेट और उल्टे राइफल को अंतिम सलामी दी गई और सीआईएससी ने इंडिया गेट पर माल्यार्पण किया गया।

इसके बाद एक वाहन में परम योद्धा स्थल तक ले जाया गया और नए बनाए गए स्मारक में स्थापित किया गया। जहां सेना के तीनों अंगों के एजी समकक्षों के साथ सीआईएससी ने नए स्मारक को सलामी दी। इंडिया गेट के नीचे से अमर जवान ज्योति से अनन्त लौ को राष्ट्रीय समर स्मारक में अमर लौ के साथ विलय करने के चार महीने बाद राइफल और हेलमेट को स्थानांतरित कर दिया गया था। इसका उद्घाटन फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तब कांग्रेस ने इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति की शाश्वत लौ ( शेष पेज 4 )

## योगी ने ममता, उद्धव और केजरीवाल को भी घेरा

**लखनऊ।** विधानसभा में शुक्रवार को जब सीएम योगी आदित्यनाथ खड़े हुए तो यह साफ था कि वह राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देंगे। हुआ भी वही। 37 साल का रिकॉर्ड तोड़कर सत्ता में वापसी करने वाले योगी आदित्यनाथ ने जब विपक्ष और खासकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जवाब देना शुरू किया तो उन्होंने दिल्लीए, बंगाल से लेकर महाराष्ट्र तक निशाना साधा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पिछले 5 साल में हुए चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए हैं। यहां चुनाव के बाद कोई हिंसा नहीं हुई। उन्होंने लगे हाथ पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा का हिसाब भी पेश कर दिया। विधानसभा चुनाव में सपा के लिए वोट मांगने आई ममता बनर्जी का नाम लिए बिना योगी ने कहा कि बंगाल से एक दीदी आई थीं। चुनाव बाद वहां बंगाल हिंसा की 12 हजार घटनाएं हुई थीं। 294 विधानसभा सीटों में से 142 पर हिंसा की घटनाएं हुई थीं। 25 हजार बूथ प्रभावित हुए। भाजपा के 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता सेल्टर होम में जाने को मजबूर हुए थे। 57 की हत्या हुईए 123 से अधिक महिलाओं के साथ अमानवीयता हुई।

पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता है

**आवश्यकता है**
प्रो.एच.एन. मिश्रा कॉलेज आफ एजूकेशन, आर्य नगर, कानपुर में स्ववित्तपोषित एम.एड.पाठ्यक्रम में अध्यापन हेतु प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर,असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है। वेतन व योग्यता शासन एवं यू.जी.सी. मानकानुसार। 15 दिन के अन्दर आवेदन पत्र उपरोक्त पते पर प्रेषित करें। मोबाइल नं. 8318703843, कार्यालय का दूरभाष संख्या – 0512–2548134 ईमेल– incs2005@gmail.com
अध्यक्ष

**सूचना**
मैने अपनी पुत्री गजाला खान व दामाद मो0 वामिक से उनके गलत आचरण की वजह से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है इनके द्वारा किए गए कार्यों से मेरा कोई सरोकार ना होगा, श्रीमती रोशन आरा पत्नी स्वर्गीय अफजल निवासी मकान नंबर 21 दहेली सुजानपुर कानपुर

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विजय मनचन्दा से बदलकर विजय कुमार मनचन्दा कर लिया है अब से मुझे विजय कुमार मनचन्दा के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। विजय कुमार मनचन्दा पुत्र रघुनाथ मनचन्दा नि0 109/66 डी0/7 रामनगर चौराहा नियर रिमझिम स्कूल, नैनी, प्रयागराज।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री असरा अरशद का नाम बदलकर असरा अरशदे हुसैन कर लिया है अब से मेरी पुत्री असरा अरशद को असरा अरशद हुसैन के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। असरा अरशद हुसैन पुत्री अरशद हुसैन नि0 66बी0 महेवा पूरब पट्टी वार्ड नं0 39 नैनी, प्रयागराज।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री आमिना अरशद का नाम बदलकर आमिना अरशद हुसैन कर लिया है अब से मेरी पुत्री आमिना अरशद को आमिना अरशद हुसैन के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। आमिना अरशद हुसैन पुत्री अरशद हुसैन नि0 66बी0 महेवा पूरब पट्टी वार्ड नं0 39 नैनी, प्रयागराज।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम किशवर सुल्ताना से बदलकर किशवर सुल्ताना हनफी कर लिया है अब से मुझे किशवर सुल्ताना हनफी के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। किशवर सुल्ताना हनफी पत्नी मोहम्मद निहाल सिद्दीकी नि0–पी0–579 गौस नगर करैली, प्रयागराज।

**सूचना**
सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र गिरीश को उसका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। बाबादीन पुत्र मंहगू निवासी– ग्राम खन्ता, मजरा–रमद्वारी, तहसील व थाना–महमूदाबाद, जिला सीतापुर

# हाथ जोड़कर बस्ती लूटने वाले, सुधारों की बात करते हैं: योगी

## पिछली सरकारों में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को कहावतों और मुहावरों से विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नजर नहीं है नजारों की बात करते हैं जमीं पर चांद सितारों की बात करते हैं। हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं,। उन्होंने एक मनीषी की बात का हवाला देते हुए कहा कि अभिमान तब आता है जब हमें लगता है हमने कुछ किया है और सम्मान तब मिलता है जब दुनिया को लगता है आपने कुछ किया है।

सीएम योगी शुक्रवार को विधानसभा सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। सीएम योगी विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन अपने पूरे रौ में दिखे। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए नसीहत भी दी और अपनी सरकार की उपलब्धियों को तथ्यों के साथ पूरी मजबूती से सदन में रखा। उन्होंने सिलसिलेवार विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमको संकट में दलीय प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर खड़ा होना पड़ेगा। अटल जी ने इसे करके दिखाया थाए सोच अगर होती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न न होती। हम जिस प्रगति से बढ़ रहे हैं। हम नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं। आज प्रदेश के लोगों के पहचान का संकट नहीं है। अब वह कहीं जाते हैं तो गर्व से बताते हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के दो ही समाधान होते हैं दोनों का नाम एक ही है. भाग लो। हमें हमारा नेतृत्व एक ही बात के लिए हमेशा आगाह करता है कि हमारा मिशन केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं हमारा मिशन देश होना चाहिएए देश के हित के लिए कार्य होना चाहिए। पिछली सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे। मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।

उन्होंने कहा कि आपके दौर में जहां गड्ढे शुरू हो जाते थे वहां से प्रदेश की पहचान होती थीए जहां से अंधेरा शुरू होता थाए वहां उत्तर प्रदेश जाना जाता था। अब उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे स्टेट के रूप में जाना जाता है आगरा एक्सप्रेस वे के पहले यमुना एक्सप्रेस वे बन चुका थाए उससे पहले श्रध्देय अटल जी ने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना को दे दिया था। ये उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम था।

### विधानसभा में अब घंटी बजी तो जब्त होगा मोबाइल फोन: स्पीकर

**लखनऊ।** विधानमंडल सत्र की कार्यवाही के दौरान विधायकों के सेल्फी लेने और मोबाइल पर बातें करने से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बेहद गंभीर हो गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने विधान भवन में तैनात चीफमार्शल को विधायकों के मोबाइल फोन को जब्त करने का निर्देश दे दिया। सदन में बार–बार कई सदस्यों का फोन बज उठा जिस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जताई। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों के विधानभवन के मंडप में सेल्फी लेने पर रोक लगाने के साथ ही चीफ मार्शल को आदेश दिया कि नियम तोडने् पर किसी का भी मोबाइल फोन जब्त करने में संकोच ना करें। सतीश महाना ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सदन की कार्यवाही के दौरान किसी के मोबाइल फोन की घंटी बजी तो फोन जब्त कर लिया जाएगा। शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान दो बार किसी सदस्य के मोबाइल फोन की घंटी बजी। विधानसभा अध्यक्ष ने घंटी बजने के बाद चेतावनी दी कि यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान सदस्य अपने मोबाइल स्विच ऑफरखें।

### शिवपाल की तारीफ की, अखिलेश पर कसा तंज

लखनऊ। यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुखिया शिवपाल सिंह की तरीफकी। सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। पहले हमारे युवा की क्या स्थिति थी? 2015–16 में टैबलेट बांटे गए लेकिन युवाओं को नहीं मिल पाया। आज हम दे रहे हैं। मैं धन्यवाद दूंगा शिवपाल जी को कि उन्होंने भी अपने क्षेत्र में जाकर युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण किया। और माननीय सदस्य भी वितरित करें। सभी जगह गए हैं। थोड़ा प्रयास करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा अध्यक्ष द्वारा सरकार पर लगाए तमाम आरोपों पर पलटवार करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास की यात्रा में पक्ष और विपक्ष को एक साथ चलना है। यात्रा आपकी भी चल रही है और हमारी भी चल रही है लेकिन अंतर यही है कि हम पास–पास भी हैं और साथ–साथ भी हैं। हमारे बहुत सारे सदस्यों की आप जाति नहीं बता सकते लेकिन आप पास–पास होकर भी साथ–साथ नहीं हैं। इससे पहले शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदार और मेहनती बताया। इसके साथ ही उन्होंने परोक्ष रूप से उन पर तंज भी किया।

### यूपी विधानसभा सत्र के दौरान मनाया जाएगा विधायकों का जन्मदिन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को विधानसभा में एक नई परंपरा की शुरुआत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब से विधानसभा सत्र के दौरान यदि किसी विधायक का जन्मदिन पड़ेगा तो सदन में उस विधायक को सभी सदस्यों की ओर से बधाई दी जाएगी। उनकी इस घोषणा का सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपा कर समर्थन किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा घोषित इस परंपरा की शुरुआत भाजपा विधायक रामनरेश अग्निहोत्री को जन्मदिन की बधाई देकर की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने जैसे ही राम नरेश के जन्मदिन की सूचना सदन को दी वैसे ही सभी दलों के सदस्यों ने भाजपा विधायक को बधाई दी। इसके बाद राम नरेश ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आपने पलायन का रास्ता चुना तो जनता ने पलायन करा दिया: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम योगी ने विधानसभा में अखिलेश यादव पर आज हमला बोला। योगी ने कहा कि आप ने पलायन का रास्ता चुना तो जनता ने पलायन करा दिया। हमने चैलेंज स्वीकार किया तो श्रमिक हमारे साथ अडिग खड़ा रहा। आज यूपी में प्रवासी हो या निवासी हर श्रमिक को 2 लाख रुपए की समाजिक सुरक्षा की गारंटी दी है। 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा भी मु त में दिया गया है। बटाईदार हमारे जितने भी लोग किसानी के साथ जुड़े हैं उन्हें 5 लाख रुपए की दुर्घटना बीमा दी गई है। योगी ने कहा कि हर एक श्रमिक को कोविड महामारी के दौरान भरण पोषण दिया गया। संकट का साथी कौन यह कोरोना महामारी ने बता दिया है। राशन कार्ड की सुविधा हर श्रमिक को दी है। नेशनल पोर्टेबिलिटी के माध्यम से यदि यूपी का कोई हमारा भाई किसी और राज्य में काम कर रहा है, कार्ड उसने यहां बनाया है तो पीएम ने उसे सुविधा दी है कि वह कहीं भी राशन ले सकता है। यह सुविधा यूपी में उपलब्ध हैं। यदि दूसरे राज्य के श्रमिक यूपी में हैं तो उन्हें इसका लाभ मिल रहा है।

## भाजपा सरकार किसानों की मदद के बजाए उन्हें दे रही है धोखा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को विधानसभा में बोलते हुए कहा है कि नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा घटनाएं उत्तर प्रदेश में हुई हैं। जिस तरीके से भाजपा सरकार चल रही है उससे हर वर्ग परेशान है। भाजपा विधायक थाने चला रहे हैं। सरकार यह दावे करती है कि चीनी मिलों बिकी हैं। एक भी नाम बता दें कि समाजवादी सरकार में कौन मिल बिकी है।

अखिलेश ने कहा कि मंडी व्यवस्था को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। सरकार किसानों की मदद के बजाए उन्हें धोखा दे रही है। नीति आयोग के आंकड़े यूपी की सच्चाई बता रहे हैं। स्कूलों में अभी तक किताबें नहीं मिलीं, ड्रेस नहीं दे पाए, जूते मोजे नहीं दे पाए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण व्यवस्थाओं को बदल दिया जिसकी वजह से दलित और पिछड़े नौजवानों की नौकरी छूट गई। ये सरकार काम रोकने वाली सरकार है। यह सदन में डॉ. लोहिया का नाम बहुत लेते है। भाजपा सरकार ने गेहूं की खरीद नहीं की। बड़े–बड़े उद्योगपतियों से मिली भगत कर गेहूं खरीदवा दिया। अब आटा महंगा करा दिया। अभ्यर्थी भर्ती कैंसिल करने की मांग कर रहे हैं। सरकार भर्ती क्यों नहीं रद्द करती, सरकार को पता है कि तकनीकी का साथ लेकर धांधली हुई है। जिस संस्था में परीक्षा हो रही है उससे मिली भगत थी।

दारोगा भर्ती पेपर लीकए सौ से ज्यादा लोग पकड़े गए। यूपीएसएससी लोअर सबआरडीनेट पेपर लीक, ट्यूवेल आपरेटर पेपर लीक, यूपी आरक्षी नागरिक पुलिस के पर्चे गलत बंटे, ग्राम्य विकास की भर्ती में धांधली हुई। समाजवादी सरकार में पूरी पारदर्शिता से नौकरियों में भर्ती हुई थी। यादव ने कहा जातीय जनगणना होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के लोग पुलिस की पिटाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी बजट सत्र में कानून व्यवस्था और बेटी सुरक्षा पर झूठ के पुलिंदे सुना रहे है वहीं जंगलराज के तले बे–खौफ दरिन्दे बेटियों से दुष्कर्म कर रहे हैं।

### बेरोजगारी के मुद्दे पर सपा का वाकआउट

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्न प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। सपा सदस्य मनोज कुमार पाण्डेय ने जानना चाहा कि सरकार ने श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत कितने नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। श्रम मंत्री से इसका वाजिब उत्तर न मिलने पर सपा सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। बाद में संसदीय कार्यमंत्री ने स्थिति संभालते हुए आंकड़े पेश कर बताया कि बीते पांच साल में 4.50 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी गईं। सपा सदस्य मनोज कुमार पाण्डेय और अतुल प्रधान ने श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर से जानना चाहा कि पांच वर्षों में कितने नौजवानों को स्थाई रोजगार के रूप में सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इस पर श्रम मंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों की जानकारी भर्ती आयोगों से की जा सकती है। यह उनके विभाग से संबंधित नहीं है। उन्होंने सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं का ब्योरा दिया, इस पर मनोज कुमार पाण्डेय ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मंत्री को नौकरियों के बारे में ही जानकारी नहीं है। यह बहुत की आश्चर्यजनक बात है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मूल प्रश्न का उत्तर ही नहीं मिल रहा। सतीश महाना ने इस पर संसदीय कार्यमंत्री से जानकारी देने को कहा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्थिति संभालते हुए कहा कि बीते पांच साल में 4.50 नौकरियां दी गई हैं। साथ ही पांच साल में 3742 रोजगार मेले लगाकर 5.74 लोगों को निजी नौकरियों से जोड़ा गया है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्य सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर गए।

# सीएम योगी पर निजी टिप्पणी को लेकर तीखी नोंकझोक

## जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने किया सदन का बहिष्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी को लेकर आज विधान परिषद में सत्ता पक्ष और समाजवादी पार्टी के बीच तीखी नोंकझोक हुई। दोनों दलों के सदस्यों के बीच तू–तू मै–मै से शुरू तकरार में सपा सदस्यों द्वारा सीएम योगी की निजी जिन्दगी पर हल्के शब्दों में टिप्पणी किये जाने पर सभापति मानवेन्द्र सिंह को हस्तक्षेप करना पडा, तब कही जाकर मामला शांत हुआ।

हुआ यह कि शून्यकाल के दौरान नियम 105 के तहत सपा की तरफ से शिक्षा मित्रों के मामले पर नेता सदन स्वतन्त्र देव सिंह ने अपने जवाब की शुरुआत सीएम योगी से की। उन्होने कहा कि प्रदेशवासियों और हम सभी का सौभाग्य है, जो योगी जी सरीखा सन्याषी हमे मुख्यमंत्री के रूप में मिला है। उन्हे शिक्षा मित्रों के साथ–साथ हर किसी की चिन्ता है। रात–दिन वह प्रदेश के विकास और यहां के लोगों की बेहतरी के लिये जुटे हैं। वह शिक्षा मित्रों के साथ जरूर न्याय करेगे। उन्होने कहा कि जो इंसान कोरोना के संकटकाल में अपने पिता के निधन पर नही गया और राज्य की जनता की सेवा में लगा रहा, वह भला किसी के साथ कैसे अन्याय कर सकता है। उन्होने कहा कि शिक्षा मित्र को समायोजित करने का सपा सरकार का गलत तरीका था, जो अदालत में जाकर फंसा, लेकिन योगी सरकार जरूर उनकी बेहतरी के लिये कोई समाधान निकालेगी। सपा के मान सिंह यादव ने नेता सदन के जवाब से असहमति जताते हुये कहा कि यीएम योगी को सन्याषी कहना ठीक नही है। वह तो पित्र ऋण से मुक्त पाने के लिये संतान को जन्म देना होता है। वह तो पित्र ऋण से भी मुक्त नही हो सके है। सपा सदस्य की इस टिप्पणी का भजपा सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध किया। संवेदनशील मामला देख सभापति मान्वेन्द्र सिंह ने तुरंत हस्तक्षेप करके मुख्य मुददे पर आने के सदस्यों को निर्देश दिये। सभापति के हस्तक्षेप करने पर सपा सदस्यों ने तर्क दिया कि मामले की शरुआत तो नेता सदन ने की है। इस पर सभापति ने कहा कि अगर कोई गल्ती करता है तो क्या आप भी गलत रास्ते पर जाएगे। इस



विधान परिषद

नेता सदन स्वतन्त्र देव सिंह ने खडे होकर बात रखनी चाही ,लेकिन सभापति ने उन्हे यह कहते हुये बैठने के निर्देश दिया कि आप तो जवाब दे चुके है और अब जवाब देने की जरूरत मही है। हालांकि सपा सदस्य जवाब से संतुष्ट नही थे और उन्होने सदन का बहिष्कार करके अपना विरोध दर्ज कराया। तकरार से शुरू होने से पहले सपा ने नियम 105 के तहत शिक्षा मित्रों का मामला विधान परिषद में शून्यकाल के दौरान उठाया था। इनका कहना था कि सपा ने शिक्षा मित्रों का सहायक शिक्षक के पद पर समायोजन करने का कदम उठाया था और तब इनका नया वेतन 28500 से हो गया था। मामला अदालत जाने पर सरकार ने इनका मानदेय मात्र 10000 रुपये कर प्रतिमाह कर दिया है। जिस कारण बडी संख्या में शिक्षा मित्र आत्महत्या कर चुके है। सपा सदस्यों का आरोप था कि भाजपा सरकार शिक्षा मित्रों को सपा समर्थक मानती थी, जिस कारण उनके साथ न्याय नही कर रही।

### तकनीकी कारणों से पेंशन से वंचित शिक्षको पर विचार करेगी सरकार

**लखनऊ।** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा विभाग के उन अध्यापकों को पेंशन की सुविधा देने पर विचार करेगी, जिनका चयन तो 31 मार्च 2005 के पहले हुआ लेकिन इनकी ज्वानिंग 2005 के बाद हुई। तकनीकी कारणों के चलते अभी इन्हे पेंशन की सुविधा से अलग रखा गया है। विधान परिषद में आज राज बहादुर सिंह चंदेल द्वारा पूछे गये सवाल पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने दी। सवाल में पूछा गया था कि पहली अप्रैल 2004 से पहले चयनित और 2005 के बाद पदभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों के सामने पेंशन की दिक्कत है। उन्हे पेंशन की सुविधा से अलग रखा गया है। सरकार ने बताया कि इन्हे पेंशन की सुविधा में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

### ग्यारह स्कूलों को नोटिस

**आईटीई** के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को प्रवेश की व्यवस्था में हीलावाली करने पर 11 स्कूलों को नोटिस दिये गये है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आशुतोष सिन्हा के सवाल के जवाब में दी। विधान परिषद में सवाल में कहा गया था कि गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिये जाने की व्यवस्था है। इसका कोटा भी निर्धारित है। निर्धारित व्यवसाि के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चों की फीस की भरपाई सरकार करती है। सवाल में आशुतोष सिन्हा ने सरकार को अवगत कराया गया था कि वाराणसी में उक्त व्यवस्था का लाभ उन्ही स्कूलों में दिया जाता है जो आवेदक के निवास स्थान के वार्ड में आते है। जिस कारण बच्चों को बहुत कम प्रवेश मिल पाता है। बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि योजना के तहत कही भी प्रवेश लिया जा सकता है। उन्होने कहा कि इस तरह की शिकायतो आने पर सरकार जांच कराती है।

## ध्वनिमत से पारित हुआ राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

● सदन में विपक्ष ने सिर्फ विरोध जताने के लिए विरोध किया: स्वतंत्रदेव सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लंबे विचार–विमर्श के बाद ध्वनिमत से पारित हुआ। इस दौरान सत्ता पक्ष से लेकर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों व नेताओं ने अपने विचार रखे। विपक्ष की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव पर पेश किया गया संशोधन का प्रस्ताव खारिज हो गया।

इससे पहले नेता सदन स्वतंत्रदेव सिंह ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कि मैने नेता प्रतिपक्ष व विपक्ष के सभी नेताओं की बातों को ध्यान से सुना। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने सिर्फ विरोध के लिए विरोध किया है। विपक्ष न तो सच्चाई को देखना चाहत है और न समझना चाहता है। वह यह भी नहीं समझना चाहता है कि किन कारणों से उसे सत्ता से दूर रखने की सजा दे रही है। शायद उसकी एक ही वजह है कि विरोधी दलों की जनआकाक्षांओं की अनदेखी करने की आदत है तभी तो प्रदेश की तरक्की और गरीब के जीवन में बदलाव लाने के साथ सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय वाले राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के त्यौहारों पर बिजली अपूर्ति करती है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की नीति पर चल रही है। हमारी सरकार दंगाइयों एवं गुंडाराज का खात्मा कर रही है। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए सपा के रणविजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को बन्द कर दिया। शिक्षा मित्रों के बारे में यह सरकार कोई चिन्ता नहीं करती है। हरी सिंह ढिल्लो ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि किसानों का जितना काम इस सरकार में हुआ उतना किसी सरकार में नहीं हुआ। पंचायत राज के लिए उत्तर प्रदेष को 28 पुरस्कार मिला। गोविन्द नारायण ने सरकार के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेष एक्सप्रेसवे प्रदेश के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना समाज व देश के विकास के लिए बनाई गई योजना है। ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विद्यालयों की स्थिति बड़ी खराब है, महाविद्यालयों की तो और भी ज्यादा खराब है।

### संख्या बल घटने की वजह से घटा सपा का कद

**लखनऊ।** सौ सदस्यों वाले विधान परिषद सदन में समाजवादी पार्टी के सदस्यों की अभी तक सर्वाधिक संख्या होने की वजह से उसकी नियम 105 के तहत कार्यस्थगन की दो सूचनाएं लिए जाने की दी गई सुविधा को सभापति ने वापस ले लिया। जिस पर सपा सदस्य नरेश उत्तम पटेल ने विरोध जताया। उन्होंने इस निर्णय को उनके दल के अधिकारों का हनन बताया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने भी अपना विरोध जताया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि इसमें अधिकारों का कोई हनन नहीं है। अब आपके दल की संख्या कम रह गई है। इसलिए अन्य सदस्यों के अनुरोध पर यह सुविधा खत्म की गई है। अन्य दलों की तरह अब आपकी भी नियम 105 के तहत केवल एक सूचना ही ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि उच्च सदन में अब सपा के सिर्फ 13 सदस्य ही शेष बचे हैं।

### ज्वाइनिंग के अभाव में रिक्त पद भरेंगे

**लखनऊ।** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों के रिक्त उन पदों को सरकार भरेगी, जो चयन के बावजूद आवेदकों के ज्वाइन न करने से भरे नही जा सके है। इस तरह के कुल 1623 पद रिक्त है। जिनमे प्रवक्ता के 219 तथा सहायक अध्यापक के 1404 पद है।

यह जानकारी विधान परिषद में आज शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने सुरेश कुमार त्रिपाठी के सवाल के जवाब में दी। उन्होने बताया कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा चयनित किये गये प्रवक्ता तथा सहायक अध्यपकों में 219 प्रवक्ता तथा 1404 सहायक अध्यापक कार्यभार ग्रहण करने के लिये उपस्थित नही हुये। जिन्होने अपनी ज्वानिंग नही दी उनकी जगह रिक्त पदों को भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है। भर्ती परीक्षा पास करने वाले उन छात्रों को मौका दिया जाएगा, जो प्रतिक्षा सूची में है।

**मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र**
**उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड**
जैन मन्दिर मार्ग, डालीगंज–लखनऊ

पत्रांक–238/म0ग्रा0प्र0के0/टे0को0पत्रा0/2022–23 दिनांक–27.05.2022

**अल्पकालीन निविदा हेतु विज्ञप्ति**

मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, डालीगंज–लखनऊ में निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक–03.06.2022 निर्धारित है:–

1– व्याख्यान कक्ष की फर्श पर टाईल्स का कार्य कराया जाना है।
2– छात्रावास में बने टॉयलेट जिनके चौड़ीकरण एवं दीवार व फर्श पर टाईल्स का कार्य कराया जाना है।
3– एक कार्यशाला की बिजली व खिड़की एवं छत की मरम्मत कराया जाना है।
4– छात्रावास के दो हॉल की पुरानी वायरिंग के स्थान पर नई वायरिंग (एल0ई0डी0 लाईट, बोर्ड इत्यादि) के कार्य।
5– छात्रावास में स्थापित किचन की फर्श/दीवार की टाईल्स एवं प्लेटफार्म पर मार्बल/पत्थर लगाये जाने का कार्य तथा छात्रावास में स्थापित प्राचार्य कक्ष की फर्श की टाईल्स का कार्य।

सम्पूर्ण जानकारी हेतु इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य
मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र,
डालीगंज–लखनऊ

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मुंशीपुलिया शौचालय के पीछे नया वेंडिंग जोन चिन्हित

● सेक्टर 14 पानी टंकी के पास सहित नये स्थान वेंडिंग जोन में लाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**शहर में** टाउव वेंडिंग कमेटी के दौरान इंदिरानगर में मुंशीपुलिया शौचालय के पीछे, सेक्टर 14 पानी टंकी के पास सहित नये स्थान वेंडिंग जोन में लाए गए। साथ ही अलीगंज में निराला नगर में मोड़ वेंडिंग, पुरनिया चौराहे से केंद्रीय भवन तक वेंडिंग जोन को निरस्त कर दिया गया। इसके साथ ही बैठक में वेंडिंग कमेटी के सदस्यों के साथ एजेंडे पर चर्चा की गयी, जिसमें सदस्यों ने सहमति जताई। वेंडरो को कोरोना काल में 25 प्रतिशत की वेडर शुल्क में छूट मिलेगी। वहीं, वेडर कार्यालय बनाने पर भी सहमति बनी।

शुक्रवार को लालबाग नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त अजय द्विवेदी की अध्यक्षता में टाउन वेडिंग कमेटी की बैठक सहायक नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, एलडीए, पुलिस प्रशासन और साप्ताहिक बाजार के सदस्यों की मौजूदगी में की। मुंशीपुलिया चौराहे के पास हटाए गए दुकानदारों और अन्य वेंडरों को नये स्थान चिन्हित कर दिया गया। मुंशीपुलिया के सार्वजनिक शौचालय के पीछे, आवास एवं विकास परिषद के पानी की टंकी सेक्टर 14 के आस पास, ईश्वरधाम पार्क सेक्टर 8 से लगे हुए स्थान, श्मशान वाली रोड पर नहर के किनारे शनि मंदिर के पास, ओपी चोधरी डेंटल हॉस्पिटल के सामने झील के किनारे की पट्टी पर नए वेंडिंग जोन बनाए जाने पर सभी ने अपनी सहमति जताई। पूर्वांचल पटरी दुकानदार कल्याण समिति के पत्र के आधार पर कोविड काल में लॉक डाउन के तहत वेंडिंग शुल्क में 25 फीसदी की छूट देकर 75 फीसदी शुल्क क ी वसूली पर सहमति दी गयी । साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूर्व की भांति सौ फीसदी शुल्क की वसूली करने के निर्देश जोनल अधिकारियों को दिए। सदस्यों ने वेंडिंग जोन के लिए एक कार्यालय की स्थापना कराए जाने एवं मॉडल वेंडिंग जोन स्थापित करने को लेकर चर्चा की गयी। कमेटी के सदस्यों द्वारा मॉडल वेंडिंग जोन की संख्या व वेंडर्स की सूची सूचीबद्ध करते हुए ट्रैफिक पुलिस व पुलिस विभाग को उपलब्ध कराए जाने पर नगर आयुक्त ने सहमति प्रस्तुत की। वहीं, मॉडल वेंडिंग जोनों में दिए गए निर्देश का अनुपालन किये जाने व समय से वसूली सुनिश्चित किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

### ये वेंडिंग जोन होंगे निरस्त

**वेंडिंग** कमेटी की बैठक में नगर आयुक्त के निर्देश पर जोन 3 में आन वाले 2 वेंडिंग जोनों को निरस्त किये जाने के निर्णय लिया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने सहमति दी है। निराला नगर मोड़ से ग्लोब मेडिकेयर हॉस्पिटल के मध्य बायीं पटरी का वेंडिंग जोन व पुरनिया चौराहे से केंद्रीय भवन जाने वाले मार्ग कूड़ाघर तक दाहिनी पटरी पर बने वेंडिंग जोन शामिल हैं।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर पत्नी को पांच साल की सजा

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** एडीजे पवन कुमार राय ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में पत्नी रुपाली को दोषी करार दिया है। उन्होंने इसे पांच साल की सजा व 10 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया है। 25 जूनए 2013 को पति आनंद कुमार निगम ने घर में फंद्रा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। सरकारी वकील पुष्पेंद्र सिंह व सच्चिदानंद राय के मुताबिक इस मामले की एफ्आईआर आनंद के पिता अशोक कुमार निगम ने थाना तालकटोरा में दर्ज कराई थी। 19 अप्रैलए 2012 को आंनद की शादी रुपाली से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से रुपाली व उसकी बहनें ताना मारकर आनंद की बेइज्जती करने लगे थे। उसे भिखारी बताकर मानसिक रुप से प्रताड़ित करते थे। उसके साथ मारपीट भी की। विरोध करने पर दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते थे। आनंद ने मजबूर होकर आत्महत्या कर लिया। विचारण के पश्चात अदालत ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने में पत्नी रुपाली को दोषी करार दिया। जबकि साक्ष्य के अभाव में अन्य मुल्जिमों को बरी कर दिया।

## राहुल चौधरी सभापति व विजय कुमार उपसभापित निर्वाचित

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सिविल कोर्ट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेडए लखनऊ के चुनाव में राहुल चौधरी निर्विरोध सभापति निर्वाचित हुए हैं। जबकि उपसभापति के पद पर विजय कुमार पाडेंय निर्वाचित हुए हैं। चुनाव परिणाम के मुताबिक आनंद श्यामए सुंधाशु उपाध्याय, संजीव कुमार यादव, रितिका श्रीवास्तव, अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव, वंदना सिंह गौर, विनय प्रकाश मौर्या, नरेंद्र सिंह व संजय कुमार संचालक सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए हैं।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

ज्वेल्स नीलामी सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय : 73, हजरतगंज, लखनऊ

1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

| | |
|---|---|
| बैंक ने निम्नलिखित गहनों की खुली नीलामी करने का निर्णय लिया है। | सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया<br>बनी शाखा, फोन नं0 : 8303713761 एवं 9415417775<br>E-Mail: bmluck5117@centralbank.co.in |
| रत्नों का निरीक्षण और समय | दिनांक 04.06.2022, 10.00 hrs to 12.00hrs (शाखा के कार्य दिवसों के दौरान) |
| नीलामी की तिथि और समय | दिनांक 06.06.2022, 14.00hrs to 16.00 hrs |

| क्रम संख्या | आभूषणों का विवरण | ग्राम में सकल वजन | ग्राम में शुद्ध वजन | आरक्षित मूल्य रुपये में | ई0एम0डी0 धनराशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हार 1 पीस सोने का | 10.00 | 7.50 | 39600.00 | 4000.00 |
| 2. | मंगलसूत्र 1 पीस कांच के मोती के साथ सोने का | 23.240 | 13.680 | 72230.40 | 7300.00 |
| 3. | कंगन 1 पीस सोने का | 19.640 | 14.730 | 77774.40 | 7800.00 |
| 4. | चेन 1 पीस सोने का | 12.020 | 9.010 | 47572.80 | 4800.00 |
| 5. | अंगूठी 6 पीस और नाक पिन 1 पीस सोने की | 14.170 | 10.630 | 56126.40 | 5700.00 |
| 6. | झुमकी 2 पीस सोने की | 7.100 | 5.330 | 28142.40 | 2900.00 |
| 7. | चूड़ी 4 पीस सोने की | 27.380 | 20.540 | 108451.20 | 10900.00 |
| 8. | हार 1 पीस सोने का | 41.590 | 31.190 | 164683.20 | 16500.00 |
| 9. | टीका 1 पीस सोने का | 4.600 | 3.450 | 18216.00 | 1900.00 |
| 10. | बाली 2 पीस सोने की | 4.860 | 3.650 | 19272.00 | 2000.00 |
| 11. | हार 1 पीस सोने का | 9.050 | 6.790 | 35851.20 | 3600.00 |
| 12. | चेन 1 पीस सोने की | 12.300 | 9.230 | 48734.40 | 4900.00 |
| 13. | बाली 2 पीस सोने की | 1.890 | 1.420 | 7497.60 | 750.00 |
| 14. | पायल 2 पीस चाँदी की | 217.00 | 141.00 | 8883.00 | 900.00 |
| 15. | हथफूल 2 पीस चाँदी का | 98.00 | 64.00 | 4032.00 | 450.00 |
| 16. | पायल 2 पीस चाँदी की | 107.00 | 70.00 | 4410.00 | 450.00 |
| 17. | पेटी 1 पीस चाँदी की | 237.00 | 154.00 | 9702.00 | 1000.00 |
| 18. | बिछिया सोने की | 46.00 | 30.00 | 1890.00 | 200.00 |

महत्वपूर्ण नियम और शर्तें

1. बैंक नीलामी की तारीख तक केवल 13.30hrs ईएमडी स्वीकार करेगा,
2. सफल बोलीदाता को नीलामी की तारीख के सायं 4.00 बजे से पहले पूरी बिक्री/उद्धृत/बोली मूल्य जमा करना होगा और अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर गहनों की डिलीवरी लेनी होगी,
3. गहनों की गुणवत्ता और मात्रा का सत्यापन केवल बोलीदाताओं द्वारा ही किया जाना चाहिए और उसके बाद बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
4. बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को आंशिक या पूर्ण रूप से रोकने/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है,
5. नीलामी शुरू होने से पहले ही प्रस्तावित बोलीदाताओं द्वारा फोटो और पते का प्रमाण बैंक को जमा करना और बोली प्रपत्र अनिवार्य हैं।
6. अन्य नियमों और शर्तों के लिए कृपया नीचे दिए गए पते पर बैंक से संपर्क करें।
7. जीएसटी केवल क्रेता द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

दिनांक : 28.05.2022 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी -: सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया


# पारा में अवैध डेरी पर हुई कार्रवाई 23 भैंसे भेजी गई कांजी हाउस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** के पारा में अवैध डेरियों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गयी। पारा में 23 भेंसे पकड़ी गयी। नगर निगम द्वारा इ स माह में डेरियों से कुल 88 भैंसों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद किया गया। भेंसों का सड़कों पर घूमने से दुर्घटना का कारण बनती हैं। यही नहीं डेरियो से निकले हुए गोबर से नालियां और सीवर चोक होने की शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं।

शुक्रवार को पारा क्षेत्र से अवैध डेरियाँ नगर निगम ने हटाई। कैटिल कैचिंग दस्ते ने 23 भैंस, 1 गाय, एक पड़िया, 1 भैंसा और 2 पड़वा जब्त किया। कैटिल कैचिंग दस्ते ने पीजीआई स्थित कांजी हाउस में बंद किया गया। क्षेत्र से निरंतर अवैध डेरियों की गंदगी और गोबर नाली में बहाने की शिकायत आ रही थी। जबकि नगर निगम सीमांतर्गत वर्तमान में लाइसेंस लेकर अधिकतम 2 गाय पालने की अनुमति है। इसके बावजूद द र्जन भर जानवर डेरियों में पाले जा रहे हैं, जिसके चलत नगर निगम द्वारा निरंतर अवैध डेरियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। समीक्षा दौरान सीएम ने 18 मई में दिये गये निर्देश पर कार्रवाई की गयी है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से आवारा पशुओ को दिन के साथ.साथ रात्रि में भी अभियान चलाकर पकड़ने की कार्रवाई 23 मई को की गयी। अभियान में अभी तक कुल लगभग 65 गाय और सांडो को पकड़कर गौशाला में बंद किया जा चुका है। माह मई में गाजीपुर, पीजीआई, आशियाना, माड़ियांव, ठाकुरगंज और तालकटोरा क्षेत्र में अभियान चलाकर सैकड़ो की संख्या में पशु जब्त किये गए। 30 मई से नगर निगम द्वारा बिना लाइसेंस प्राप्त किये श्वान पाल रहे पालको से जोनवार अभियान चलाकर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाएगी, जिसमे लाइसेंस न होने पर 5000 रुपये तक का जुर्माना वसूला जायेगा और श्वान जब्त कर लिया जाएगा।

### ● 30 मई से चलेगा श्वान पकड़ने का अभियान

# उत्तर प्रदेश में कार्य करने का है बेहतर माहौलः दुर्गा शंकर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से आज लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष के सभागार में प्रांतीय सिविल सेवा के 2018 एवं 2019 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि देश व प्रदेश में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कार्य संस्कृति में बदलाव आया है। पारदर्शिता व जवाबदेही के लिये कदम उठाये जा रहे हैं। हर क्षेत्र चाहे वह अवस्थापना हो, शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो सभी क्षेत्रों में बहुत तेजी से विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने का बेहतर माहौल है। अधिकारी अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन बगैर किसी दबाव के नियमानुसार निष्पादित करें। प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा जन सामान्य को प्रदत की जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लोग आसानी से प्राप्त कर सकें, इसके लिये प्रयत्न करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने हेतु जनता से सीधे संवाद स्थापित करें। अधिकारियों के कार्य एवं व्यवहार की जानकारी आम जन तक स्वतः ही पहुंच जाती है। अपने कार्यों से लोगों के मध्य अमिट छाप छोड़ें। नवीनतम तकनीक एवं जानकारी से स्वयं को अपडेट रखें।

### ● मुख्य सचिव से मिले प्रशिक्षु पीसीएस

## ओपीडी से गायब डॉक्टरों पर पीजीआई निदेशक ने जताई नाराजगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीजीआई** में शुक्रवार को ओपीडी से गायब मिलने वाले डाक्टरों से संस्थान के निदेशक डॉ आरके धीमन ने नाराजगी जताई है। निदेशक द्वारा नवीन भवन स्थित ओपीडी का निरीक्षण करने के दौरान कई डॉक्टर गायब मिले हैं। वहीं निदेशक ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी में स्थित ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर, शौचालय व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। आज सुबह करीब 11 बजे पीजीआई निदेशक डा आरके धीमन ओपीडी भवन पहुंचे। पांच मंजिला भवन में संचालित विभाग वार ओपीडी का निरीक्षण कर डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के बारे में जानकारी जुटायी। खून की जांच, ब्लड प्रेशरए एक्सरे और अल्ट्रासाउण्ड समेत दूसरी सुविधाएं परखीं। निरीक्षण में रेजिडेंट व स्वास्यकर्मी मौजूद थे लेकिन कुछ डॉक्टर गायब मिले। निदेशक ने डॉक्टरों को फोनकर ओपीडी में समय से पहुंचने के निर्देश दिये। डॉक्टरों के गायब रहने के बारे में डॉ धीमन का कहना था कि उस समय डॉक्टर वार्ड में राउण्ड कर मरीजों का हाल ले रहे थे।

## टीबी अस्पताल में लगी आग, फाइलें जलकर खाक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजेन्द्र** नगर स्थित टीबी अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अस्पताल के एक कमरे में आग लगने से वहां मौजूद जरूरी फाइलें, फर्नीचर और एसी जलकर खाक हो गया। आग के कारणों के पीछे शार्ट सर्किट को जिममेदार बताया जा रहा है। इस बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक टीबी अस्पताल रोजाना की तरह अस्पताल के कर्मचारी ने लाइट, पंखे एसी सब खोल दिया। कुछ देर बाद ही जिला क्षय रोग अधिकारी के कमरे के बगल वाले डिस्ट्रिक प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के रूम के एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में पूरे कमरे में धुआं फैल गया। कर्मचारी ने दमकल के साथ अधिकारियों को सूचना दी। हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकल ने पहुंचकर आग बुझाया। तब तक कमरे का एसी, फर्नीचर और जरूरी फाइलें जलकर खाक हो गईं।

## तीन आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले किये है। स्थान्तिरित किये गये अधिकारियों में लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पांडे को विशेष सचिव पर्यटन विभाग के पद पर तैनात करते हुये प्रबंध निदेशक राज्य पर्यटन विकास निगम का अतिरिक्त कार्य दिया गया है। इनके स्थान पर मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर रिया केजरीवाल को लखनऊ का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। अमेठी के ज्वाइंड मजिस्ट्रेट संजीव कुमार मौर्य को केजरीवाल के स्थान पर मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर के पद पर भेजा गया है।

## केजीएमयू में 5.77 करोड़ की लागत से बनेगा मानव संसाधन विकास केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तेजी** से बढ़ती मानसिक बीमारियों से आम आदमी को निजात दिलाने में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संस्थान परिसर में मानव संसाधन विकास केंद्र स्थापित होगा। इसके लिए भवन निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने अपने बजट में 5.77 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। केजीएमयू के अधिकारियों के मुताबिक इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी एंड इंफेक्शियस डिसीजेस को अपग्रेड किया जाएगा। इसमें नए उपकरण आएंगे। इसके लिए 23 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया गया है। इससे वायरस जनित बीमारियों की पहचान व इलाज में आसानी होगी। वहीं संक्रामक बीमारियों का भी बेहतर इलाज होगा। अधिकारियों ने बताया कि 12.5 करोड़ रुपये से उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके अलावा इस बार प्रदेश सरकार की तरफ से संस्थान के लिए बजट में सेटेलाइट कैंपस के लिए 21.28 करोड़ रुपये, बर्न इंजरी के लिए 67.52 लाख, .बर्न इंजरी में मशीन और उपकरण के लिए 29.59 लाख रुपये और डायबिटीक रेटिनोपैथी सेंटर के लिए दो करोड़ रुपये दिये गये हैं।


SBI भारतीय स्टेट बैंक

आर.ए.सी.पी.सी.– सेक्टर बी, निकट राम राम बैंक चौराहा, अलीगंज, लखनऊ

मांग नोटिस

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अग्रलिखित ऋणियों जिन्होने अपने ऋण व ब्याज का भुगतान नहीं किया है, जिनका ऋण अब एनपीए हो चुका है, को एक नोटिस जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत उनके अंतिम ज्ञात पते पर जारी किया गया था जो कि **अवितरित/लेने से मना किया व वापस** कर दिया गया है। इसलिए हम उन ऋणियों को दूसरी बार इस पब्लिक नोटिस द्वारा सूचित करते है कि वे ऋण की रकम को ब्याज व अन्य खर्चो सहित जैसा कि नोटिस में वर्णित है, इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान कर दे अन्यथा बैंक सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अधीन कार्यवाही करने को बाध्य होगा।

**आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 8 के अंतर्गत आकर्षित करते हुये ऋणकर्ता/ज़मानतकर्ता को सचेत किया जाता है कि आप प्रतिभूति आस्तियों को मोचन कराने हेतु उपलब्ध समय सीमा का अवश्य संज्ञान लें।**

| क्र. सं. | ऋणकर्ता/ज़मानतकर्ता/पार्टनर का नाम एवं पता/शाखा | बंधक सम्पत्तियों का विवरण | धारा 13(2) मांग नोटिस के अनुसार बकाया धनराशि | एनपीए की तिथि / मांग नोटिस की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणकर्ता:– श्रीमती मनीषा अवस्थी,** मकान नं. ई–4/119, सेक्टर एम, अलीगंज, लखनऊ–226020 **शाखा–बेहटा सबोली लखनऊ (8351)** | मकान नं. ई–4/119, सेक्टर एम, अलीगंज, लखनऊ, **क्षेत्रफल–37.70 वर्ग मी. स्वामी– श्रीमती मनीषा अवस्थी चौहद्दी:–पूर्व–** मकान नं. ई–309/308, **पश्चिम**–रोड 30 फीट, **उत्तर**–मकान नं. ई–4/120, **दक्षिण**–मकान नं. ई–4/118 | रु. 12,41,047/– 20.04.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 30.10.2020<br>20.04.2022 |
| 2. | **ऋणकर्ता:–श्री अभिमन्यु पांडे पुत्र श्री बालगोविंद पांडे,** निवासी म.नं. 511/64, पुराना बादशाह नगर, लखनऊ–226007 **ज़मानतकर्ता– श्रीमती गीता पांडे पत्नी श्री अभिमन्यु पांडे,** निवासी म.नं. 511/64, पुराना बादशाह नगर, लखनऊ–226007 **शाखा–नगर महापालिका, लखनऊ (4619)** | प्लॉट नं. 20, खसरा नं. 1116, ईस्माईलगंज, लखनऊ, **क्षेत्रफल–185.873 वर्ग मी. स्वामी–श्री अभिमन्यु पांडे व श्रीमती गीता पांडे, चौहद्दी:– पूर्व**–प्लॉट दीगर, **पश्चिम**–रोड 6.096 मी. चौड़ी, **उत्तर**–प्लॉट समिति, **दक्षिण**–प्लॉट समिति | रु. 2,40,353/– 04.04.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 30.03.2020<br>04.04.2022 |
| 3. | **ऋणकर्ता:–श्रीमती सत्यवती पत्नी स्व. श्री सुशील कुमार,** मकान नंबर 3/169, सेक्टर–एच, जानकीपुरम, लखनऊ **ज़मानतकर्ता– श्रीमती केतकी देवी पत्नी सोमेश्वर प्रसाद,** मकान नंबर ई1/153, सेक्टर सी, जानकीपुरम लखनऊ–226021 **शाखा–ऐश्वर्या प्लाजा, लखनऊ (50826)** | म.नं. एलआईजी प्लॉट नं. 3/169/एच, सेक्टर–एच, जारकीपुरम, लखनऊ, **क्षेत्रफल–52 वर्ग मी. चौहद्दी:– पूर्व**–9 मी चौड़ी रोड, **पश्चिम**–प्रस्तावित प्लॉट, **उत्तर**–म. नं.3/168, **दक्षिण**–म. नं.3/168, | रु. 3,96,875/– 22.04.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 28.09.2021<br>22.04.2022 |
| 4. | **ऋणकर्ता:–श्री. शैलेन्द्र कुमार सिंह,** ग्राम–जेतवंशी, झंझारा, बाराबंकी–225304 **शाखा–अवध नवाब बैंकिंग लाउंज (4428)** | Vehicle Regn. No.- UP32-LV-8694 Asset/Vehicle Make- TATA NEXON | रु. 8,31,416/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 07.10.2021<br>16.04.2022 |
| 5. | **ऋणकर्ता:–श्री. मनोज कुमार,** ग्राम बंगाओ बख्शी का तालाब, लखनऊ–227205 **शाखा–लखनऊ (20636)** | Vehicle Regn. No.- UP32-KM-1123 Asset/Vehicle Make- MARUTI BALENO | रु. 4,42,779/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 28.10.2021<br>16.04.2022 |
| 6. | **ऋणकर्ता:–मीना सिंह,** ग्राम दुकनाहा, पो.–दुकनाहा, लालगंज, रायबरेली–229205 **शाखा–चारबाग, नाका हिंडोला (1089)** | Vehicle Regn. No.- UP32-KH-1704 Asset/Vehicle Make- MARUTI WGAON R | रु. 1,08,849/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 25.10.2021<br>16.04.2022 |
| 7. | **ऋणकर्ता:–आशा लता श्रीवास्तव,** म.नं. एचएन 174, सूर्या सिटी, तकरोहल अमराई गांव, लखनऊ–226016 **शाखा–बेहटा सबोली लखनऊ (8351)** | Vehicle Regn. No.- UP32-HE-7610 Asset/Vehicle Make- TATA NANO | रु. 1,34,420/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 06.01.2022<br>16.04.2022 |
| 8. | **ऋणकर्ता:–रशीदा खातून पत्नी अयाज अहमद,** फातिमा अस्पताल भिंगा रोड, दरगाह शरीफ, बहराइच–271801 **शाखा–बेहटा सबोली लखनऊ (8351)** | Vehicle Regn. No.- UP32-JM-5334 Asset/Vehicle Make- MARUTI SWIFT | रु. 4,88,987/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 17.11.2021<br>16.04.2022 |
| 9. | **ऋणकर्ता:–श्री अजय बिहारी मिश्रा पुत्र शत्रुहन लाल मिश्रा,** गढ़ी रोड, अयोध्यापुरी, शास्त्री नगर, गोकुलपुरी, लखीमपुर खीरी, खीरी–262701 **शाखा–अवध नवाब बैंकिंग लाउंज (4428)** | Vehicle Regn. No.- UP32-JX-4743 Asset/Vehicle Make- HONDA AMAZE | रु. 4,39,227/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 13.01.2022<br>16.04.2022 |
| 10. | **ऋणकर्ता:–श्री प्रिंस मसीह,** म.नं.–7, अशोक मार्ग, इनकम टैक्स ऑफिस के पास, हजरतगंज, लखनऊ–226001 **शाखा–इंदिरा नगर, लखनऊ (5679)** | Vehicle Regn. No.- UP32-HD-0438 Asset/Vehicle Make- MARUTI ALTO 800 | रु. 1,23,355/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 31.01.2022<br>16.04.2022 |
| 11. | **ऋणकर्ता:–त्रिज़ा आशा गुप्ता,** म. नं. 1197, सेक्टर–आई, एलडीए कॉलोनी, आशियाना, लखनऊ–226012 **शाखा–एनबीआरआई, लखनऊ (10173)** | Vehicle Regn. No.- UP32-HA-7091 Asset/Vehicle Make- HONDA AMAZE | रु. 2,76,555/– 08.03.2022 तक +भविष्य का ब्याज संविदात्मक दर पर व अन्य खर्चे | 13.08.2021<br>16.04.2022 |

दिनांक: 27.05.2022 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक


# अलग वार्ड में रखे जाएंगे मंकी पाक्स के मरीज

● एहतियात बरतने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** के बाद मंकी पाक्स की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लक्षण मिलने वाले मरीजों को अलग वार्ड में भर्ती करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ डा मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंकी पाक्स वायरस को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

सीएमओ के अनुसार मंकी पाक्स नामक वायरस से व्यक्ति को पहले बुखार आता है। उसके बाद शरीर में चक्कते पड़ने लगते हैं लिम्फनोड़ जैसे लक्षण मिलते हैं। जो दो से चार सप्ताह तक रहता है। यह वायरस आंख, नाक, मुंह के जरिए शरीर में दाखिल होता है। इसके अलावा संक्रमित जानवरों के काटने पर भी यह संक्रमण हो सकता है। अगर किसी भी मरीज में इस तरह का कोई लक्षण पाया जाता है तो उसके नमूने को पूणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट वायरोलाजी लैब में भेजा जाएगा।

### बीमारी के लक्षण

पूरे शरीर पर गहरे लाल रंग के दाने, निमोनिया, तेज सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, अत्यधिक थकान, तेज बुखार आना, शरीर में सूजन, एनर्जी में कमी होना, स्किन में लाल चकत्ते, समय के साथ लाल चकत्ते घाव का रुप ले लेना।

# गंदगी करने पर 448 व्यक्तियों पर 50 हजार का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गंदगी** करने वालों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए 50 हजार का जुर्माना ठोंका गया है। हजरतगंज, इंदिरानगर सहित कई जोनों में सफाई के बाद भी गंदगी करने पर दुकानदारों, पटरी दुकानदार, प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की है। सुपरवाइजरों द्वारा नगर आयुक्त के आदेश पर 448 लोगों पर जुर्माना किया गया है।

शुक्रवार को गंदगी करने वालों पर नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के के आदेश पर कड़ी कार्रवाई की गयी। गंदगी के विरूद्ध अभियान चलाते हुए 448 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गयी। सुपरवाइजर ने अलीगंज, इंदिरानगर, ठाकुरगंज के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर गंदगी करने पर जुर्माना किया गया। प्रतिष्ठानों और स्ट्रीट वेन्डरों ने कूड़े को निर्धारित एजेंसी ईकोग्रीन को न देकर सड़क पर डालने पर कार्रवाई हुई। जबकि नगर निगम ने स्वच्छ लखनऊ.स्वस्थ्य लखनऊ के तहत पूरे शहर को स्वच्छ करने में जुटा है। ऐसे में इनके द्वारा गंदगी करने पर 448 व्याक्तियों पर 49540 रुपए का जुर्माना किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बाजारों, प्रतिष्ठानों और पटरी दुकानदारों पर गंदगी के करने के दौरान कार्रवाई की जा रही है। इसमें 50 रुपए से एक हजार तक जुर्माना करने का कार्य किया जा रहा है। हजरतगंज में 48 व्यक्तियों पर 3100 रुपए का जुर्माना, ऐशबाग में 38 व्यक्तियों पर रुपए 5050 का जुर्माना, अलीगंज में 35 व्यक्तियों पर रुपए 9380, गोमतीनगर में 84 व्यक्तियों पर 6940 रुपए, आलमबाग में 47 व्यक्तियों पर 2080 रुपए, ठाकुरगंज में 95 व्यक्तियों पर 11620 रुपए, इंदिरानगर में 34 व्यक्तियों पर 5270 रुपए का जुर्माना, जोन.8 में 57 व्यक्तियों पर 6100 रुपए का जुर्माना किया गया। वही इसके साथ ही प्रवर्तन टीम ने सार्वजनिक संपत्तियों, फ्लाइवोर की दिवारों, डिवाइडर, विद्युत पोलो पर पोस्टरों को हटाया गया। अभियान के दौरान 354 प्रचार सामग्री हटायी गयी।

# विकास के अवसरों में भागीदारी करने का सीएम ने किया आह्वान

● मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** लागत लेखाकार संस्थान की तरफ से बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 60 वें राष्ट्रीय लागत लेखा अधिवेशन के पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन संबोधन प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री द्वारा अधिवेशन के थीम वाक्य अध्यात्म से आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुये पुरे देश से पधारे प्रतिनिधियों का स्वागत किया और बदलते समय में उप्र में उपलब्ध विकास के अवसरों में भागीदारी करने के लिए आह्वान किया। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने भारत सरकार के विजन 2047 का उल्लेख करते हुए एक जनपद एक उत्पाद की उत्तर प्रदेश सरकार की योजना का ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही इस योजना में योगदान देने के लिए कहा। अधिवेशन के थीम वाक्य आध्यात्म से आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुए आध्यात्मिक की महत्ता का वर्णन किया। प्रधानमंत्री के प्रिय शब्द आत्मनिर्भरता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अध्यात्म से व्यक्ति के अंदर एक ऊर्जा उत्पन्न होती है जो कि आत्मनिर्भरता प्रदान करने में सहायक होती है यदि संस्थान के सदस्य आध्यात्मिक को अपनाते हैं तो कोई कार्य असंभव नहीं है और हम प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रोफेसर नागेश्वर राव उपकुलपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, केश्रीकांत अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया, कृष्णन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंजाब एवं सिंध बैंक, योगेश गुप्ता भारतीय पुलिस सेवा अपर महानिदेशक पुलिस केरल को आईकॉन अवार्ड प्रदान किया।

## गरीब पट्टेधारकों व मछुआरों के लिए योगी सरकार की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी के दिशा-निर्देशन में मत्स्य विभाग, उप्र द्वारा ग्राम सभा के तालाबों के गरीब मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआरों के लिए शत-प्रतिशत राज्यपोषित दो नवीन योजनाएं निषादराज बोट योजना तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की शुरूआत की जा रही है। इस हेतु प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के वार्षिक बजट में प्रारम्भिक स्तर पर रू0 4.00 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिससे ग्रामीण अंचलों में निवास कर रहे गरीब मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआरों की आय में वृद्धि होगी तथा उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाये जाने में सहायता मिलेगी। यह जानकारी आज यहां मत्स्य विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे ने देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जलस्त्रोतों से मत्स्य आखेट, मत्स्य आहार के पोषण एवं मत्स्य संपदा के रखरखाव व प्रबन्धन हेतु ग्राम सभा के तालाबों के मत्स्य पट्टेधारकों एवं मछुआरों को नाव, जाल आदि उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से निषादराज बोट सब्सिडी योजना प्रारम्भ की गयी है। इस योजना में प्रति वर्ष 1500 पट्टेधारकों एवं मछुआरों की दर से आगामी 5 वर्षों में 7500 मछुआरों व पट्टेधारकों को नाव व जाल क्रय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। डॉ. दुबे ने बताया कि परियोजना की अधिकतम इकाई लागत रुपए 0.67 लाख निर्धारित की गयी है जिस पर 40 प्रतिशत अनुदान के रूप में आर्थिक सहायता देय होगी। इस हेतु आय-व्ययक 2022-23 में योजनान्तर्गत प्रारम्भिक स्तर पर रुपए 200 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है। मछुआरों एवं पट्टेधारकों को मत्स्य पालन से संबंधित जलक्षेत्रों में अवैध शिकारमाही की रोकथाम व उसके नियंत्रित करने, तालाबों, नदियों व अन्य जलस्त्रोतों में मत्स्य आखेट के मत्स्य प्रबन्धन में यह योजना अत्यंत सहायक होगी।

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस आज

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल की टीसीआई परियोजना के सहयोग से प्रदेश के 15 शहरों के 334 शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर किशोर स्वास्थ्य दिवस हर माह की आठ तारीख को मनाया जा रहा है। इसके लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लगभग 3817 स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें किशोर-किशोरियों को खेल-खेल के माध्यम से किशोरावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाता है। इसके साथ ही उनके खून की जांच, आयरन की गोली का वितरण और सेनेटरी पैड का प्रयोग एवं निस्तारण के बारे में बताया जाता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबन्धक डॉ वेद प्रकाश बताते हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा उच्च प्राथमिकता वाले जनपदों में न सिर्फ जिला स्तर बल्कि ग्रामीण स्तर पर हर तीन माह में एक आउट रीच कैम्प लगाकर किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, जिसमें थीम के अनुसार किशोर.किशोरी स्वास्थ्य पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2021-22 में इन कैम्प में लगभग 6400 से अधिक गतिविधियां आयोजित की गई।

## भारतीय परंपरा में अधिकार से अधिक कर्तव्यों का महत्व:प्रो कपूर

**लखनऊ।** भारतीय परंपरा मूल्य आधारित परंपरा है। इसमें अधिकार से अधिक कर्तव्यों पर महत्व दिया गया है। नालंदा तक्षशिला एवं कई अन्य विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों के दहन के पश्चात आज भी भारत में एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियां उपलब्ध है। यह जानकारी शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रोफेसर कपिल कपूर ने दी है। प्रो कपूर गन्ना संस्थान में आयोजित नई शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण को अंग्रेज़ी की पाठ्य पुस्तकों में पूर्ण करने के उद्देश्य से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं सम्मिलित रिसर्च फाउंडेशन की सहभागिता में आयोजित सम्मेलन में प्रोफेसर कपिल कपूर ने कहा कि नई शिक्षा नीति के लागू करने के संदर्भ में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। विश्व की 46 सभ्यताओं में सबसे पुरानी हिंदू सभ्यता 8000 वर्षों से भी अधिक समय से जीवित है। हमारी सभ्यता ज्ञान केंद्रित है और लगभग सभी विषयों पर हमारी पाठ्य पुस्तकें आज भी उपलब्ध हैं। काल गणना के विषय में भी भारतीय कैलेंडर में सबसे पुराना कैलेंडर जो कि 9000 वर्ष पुराना है आज भी मौजूद है।

## इग्नू एवं इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इन्डिया के मध्य एमओयू

**लखनऊ।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा कौशल आधारित उच्च शिक्षा जनमानस को उपलब्ध कराने हेतु एक और कदम बढ़ाया गया है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय और इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इन्डिया (आईसीएआई) के मध्य व्यापक समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर किये गये। यह हस्ताक्षर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नागेश्वर रॉव की उपस्थिति में किया गया। इग्नू की ओर से एमओयू. पर हस्ताक्षर डॉ आलोक चौबे, कुलसचिव द्वारा किये गये। इस अवसर पर प्रो के रविशंकर, निदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज़, इग्नू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रो नागेश्वर रॉव को इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इन्डिया द्वारा सीएमए आईकॉन अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया। इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर रॉव ने बताया कि इस एमओयू के बाद वे विद्यार्थी जिन्होने आईसीएआई से अपना पाठ्यक्रम पूर्ण किया है, उनको क्रेडिट ट्रान्सफर का लाभ मिलेगा और वे सहजता से इग्नू द्वारा संचालित एमबीए, एमकॉम, बीकॉम आदि पाठ्यक्रमों को कम समय में पूर्ण कर पायेंगे।

## कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा में सीएमएस छात्रों ने रोशन किया लखनऊ का नाम

**लखनऊ ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के इण्टरनेशनल कैम्ब्रिज ब्रांच के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से लेवल कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा (कक्षा-12) में शानदार परीक्षाफल देकर लखनऊ का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल एसेसमेन्ट एजूकेशन ने मार्च 2022 में सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। इस वर्ष लेवल कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा में सीएमएस के सभी छात्रों ने शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इन छात्रों में अनाहिता सिंह ने सभी विषयों में टॉप करते हुए चार। ग्रेड अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि दक्ष कुमार सिंहए दिव्यांश त्रिपाठी, वरद श्रीवास्तव, ऐश्वर्या सिंह, अरूणिमा शंकर, सौम्या उपाध्याय, यश गोला, युवराज यादव एवं आद्या शेखर ने विभिन्न विषयों में। ग्रेड एवं। ग्रेड अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कुल मिलाकरए सीएमएस के इन छात्रों ने कैम्ब्रिज बोर्ड परीक्षा में पन्द्रह।

## अधिकारियों ने घर-घर जाकर लाभार्थियों का दर्ज किया बयान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**शहरी** आवास योजना में लाभार्थियों की नब्ज टटोलने नगर पंचायत के अधिकारी घर-घर जा रहे हैं। इस दौरान आवास लाभार्थियों से अवैध वसूली के बारे में पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। अधिकारियों के अभियान से निर्माणाधीन आवासों का सत्यापन और टैगिंग का कार्य भी निपटता जा रहा है। मोहनलालगंज नगर पंचायत में मौजूदा वित्तीय वर्ष में तकरीबन तीन सौ बेघरों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिया गया है। आवासों में अवैध वसूली की शिकायत पर कमिश्नर रंजन कुमार ने सख्त रुख अपनाकर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को रैण्डम तौर पर पचास आवास लाभार्थियों के घर जाकर बयान दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एसडीएम शुभी सिंह ने अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी को सभी आवास लाभार्थियों के घर जाकर उनकी नब्ज टटोलने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को ईओ ने लाभार्थियों के घर जाकर उनके बयान दर्ज करने की शुरुआत की। नगर पंचायत की टीम ने प्रतिदिन दस लाभार्थियों के घर जाकर सत्यापन करने का प्लान तैयार किया है। पहले दिन मऊ गांव में लाभार्थियों से मिलने पहुंचे अधिशाषी अधिकारी ने दस लाभार्थियों से बातचीत कर आवास निर्माण का सत्यापन किया। हालांकि अवैध वसूली की शिकायत सामने नहीं आई। लाभार्थियों से की गई पूछताछ की वीडियो रिकार्डिंग भी कराई गई। ज्यादातर लाभार्थियों ने दूसरी किश्त नहीं आने की शिकायत की। जिस पर ईओ ने डूडा के अधिकारियों से बातचीत कर शीघ्र ही दूसरी किश्त के भुगतान कराए जाने का भरोसा दिया।

## एमएसएमई का विकास सरकार की प्राथमिकता: सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● नई योजनाओं के लिए बजट में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था

**उत्तर** प्रदेश में परंपरागत व्यवसाय से जुड़े कारीगरों को उद्यमी बनाने एवं प्रदेश में एमएसएमई के विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में विभिन्न योजनाओं के लिए गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष विभिन्न योजनाओं में कई गुना तक अधिक बजट का प्राविधान किया गया है। साथ ही कई नई योजनाएं शुरू करने के लिए बजट में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष की अपेक्षा मौजूद वित्तीय वर्ष में एक जनपद-एक उत्पाद योजना के बजट को दोगुना किया है, वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बजट को भी पांच गुना बढ़ाया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री काम्प्लेक्स की स्थापना हेतु बजट में अतिरिक्त धनराशि आवंटित की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी ओडीओपी योजना के लिए इस वर्ष 46.25 करोड़ रुपये बजट का प्राविधान किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इस योजना के लिए 28.90 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई थी। इसी प्रकार विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की सफलता को देखते हुए राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 112.50 करोड़ रुपये की बजट में व्यवस्था की है।

## मुनिराज की गाजियाबाद एसएसपी पद पर स्थाई तैनाती

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद के कार्यवाहक एसएसपी मुनिराज जी. को स्थाई तौर पर इस पद पर तैनाती प्रदान कर दी है। बृहस्पतिवार की देर रात सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया। जिसमें अयोध्या के सहायक पुलिस अधीक्षक पलाश बंशल को अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है। वर्ष 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी मुनिराज जी. अभी तक एसपी अभिसूचना के पद पर तैनात थे। उनके पास एसएसपी गाजियाबाद पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी थी।

## रामाशीष राय बने रालोद के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पूर्व रामाशीष राय को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पद से डॉ मसूद अहमद के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली चल रहा था। जिसको देखते हुए विधानसभा चुनाव बाद जयंत चौधरी ने सभी फ्रंटल संगठन भंग कर दिए थे। प्रदेश अध्यक्ष के अलावा मंजीत सिंह को पार्टी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (प्रभारी, सेक्टर संगठन), कंवर हसन को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (प्रभारी, फ्रंटल आर्गनाजेशन) नियुक्त किया गया है। इनके अलावा ऐश्वर्यराज सिंह को टीम आरएलडी का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है।

## एलयू ने शुरू किया महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान




**लखनऊ।** कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के नेतृत्व में विवि ने लखनऊ के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के इन्टर कालेजों में महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत 27 मई को सरोजिनी नगर ब्लॉक से की। अभियान के प्रथम चरण में विश्वविद्यालय की तरफ से लखनऊ के आस पास के 5 ब्लॉकों के 41 इन्टर कालेज की बालिकाओं में मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं पर चुप्पी तोड़ो और स्वस्थ रहो जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय को प्रमुखता से बताया गया। इस क्रम में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में छात्र.छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बालिकाओं में जागरूकता अभियान की शुरुआत की।

## होम ब्लड प्रेशर मानीटरिंग की गाइडलाइन बनाने में योगदान देगा केजीएमयू

**लखनऊ।** देश में बढ़ रही ब्लड प्रेशर की समस्या के बीच घर पर ब्लड प्रेशर लेने के लिए भारत सरकार की तरफ से गाइडलाइन तैयार कराई जा रही है। इसके लिए पूरे देश में 20 सेंटर का चयन किया गया है। जिनमें केजीएमयू एक है। केजीएमयू फिजियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ नरसिंह वर्मा के मुताबिक बीपी का समय पर इलाज जरूरी है। वहीं सटीक इलाज सही जांच पर निर्भर करता है। बीपी की गलत रीडिंग इलाज की दिशा बदल देती है। ऐसे में लम्बे समय तक हाई बीपी बने रहने पर हार्ट, किडनी, आई, ब्रेन पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसे में फिजियोलॉजी विभाग होम ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग पर शोध करेगा। इसके लिए देश भर के 20 सेंटरों को चुना गया है। प्रत्येक सेंटर में 500 लोगों के ब्लड प्रेशर की माप की जाएगी।

## गोल्डन ऑवर में उपचार मिलने से बचाई जा सकती है जान



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में इमरजेन्सी मेडिसिन विभाग में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय इमरजेन्सी मेडिसिन दिवस मनाया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए इमरजेन्सी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हैदर अब्बास द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया और इमरजेन्सी मेडिसिन के महत्व पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने देश भर के सभी मेडिकल कॉलेजों में इमरजेन्सी मेडिसिन विभाग होना अनिवार्य कर दिया है। विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने मृत्यु दर को कम करने के लिए इमरजेन्सी में शीघ्र हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इमरजेन्सी अस्पताल का चेहरा है और मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर इलाज मिलना चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रोव हैदर अब्बास ने गोल्डेन ऑवर के दौरान इलाज की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके दौरान कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## सही समय पर उपचार मिलने से मृत्युदर में गिरावट संभव

**लखनऊ।** पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर में शुक्रवार से अर्ली ट्रामा केयर को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञों का मानना था कि ट्रामा के मरीजों को समय रहते उचित उपचार मिल जाए तो ट्रामा के केसों में बढ़ रही मृत्यु दर में गिरावट सम्भव है। सर्जन डॉ अमित कुमार ने बताया कि गांव हो या शहर हर जगह ट्रामा के केस बढ़ रहे हैं। इन केसों में सबसे ज्यादा सड़क हादसों के घायल होते हैं और चोटों के शिकार अधिकांश मरीज युवा हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2014 में सड़क यातायात की चोटों से 1.25 मिलियन मौतें हुईं और 2030 तक इसे दुनिया भर में विकलांगता के तौर पर प्रमुख कारण माना जा रहा है। ऐसे में मरीज को अर्ली ट्रामा केयर की जरूरत है। कार्यशाला के दौरान ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और एम्बुलेंस चालकों को जागरूक करने, संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षण दिया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में खुलेंगे तीन नये विभाग

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में टेलीमेडिसिन संग हेल्थ मैनेजमेंट और मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट खोले जायेंगे। इसको लेकर यनिवर्सिटी प्रशासन ने खाका तैयार कर लिया है। यहां तक कि बजट में भी तीनों विभागों के बनाने की व्यवस्था को शामिल किया गया है। लोहिया संस्थान से संचालित अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी की तरफ से वर्तमान में सभी मेडिकल व पैरामेडिकल कॉलेजों को संबद्धता दी जा रही है। जबकि चक गंजरिया में अटल यूनिवर्सिटी के भवन का निर्माणकार्य चल रहा है। 17 एकड़ भूमि पर पहले चरण में निर्माण कार्य चल रहा है। इस बावत अधिकारियों का कहना है कि अटल यूनिवर्सिटी में टेलीमेडिसिन विभाग बनाया जाएगा। इसके माध्यम से देश भर के डॉक्टर आपस में जुड़ सकेंगे। वहीं मरीज भी घर बैठे सलाह हासिल कर सकेंगे।


## कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती

संख्या 23/न0पं0ब0बा0/2021—22 दिनांक 25.5.2022

### अल्पकालिक निविदा सूचना

एतदद्वारा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदा दिनांक 31.5.2022 समय 02.00 बजे दिन तक कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती (एल0बी0सी0 पटल) पर आमंत्रित किये जाता है तथा प्राप्त निविदाओं को उसी दिन समय 03.00 बजे दिन में अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बस्ती द्वारा उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.5.2022 तक नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती कार्यालय पर कार्यालय समय में की जायेगी। यदि इस सन्दर्भ में इसके अतिरिक्त कोई अन्य सूचना/जानकारी चाहते हैं तो दिनांक 30.5.2022 तक कार्यालय समय में नगर पंचायत बभनान बाजार कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। विवरण निम्नलिखित हैं।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | योजना का नाम | आगणन धनराशि (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत बभनान बाजार के अन्तर्गत सन्धुआ में छोटू के मकान से अब्दुल रब के मकान से इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण ढक्कन सहित। | राज्य वित्त आयोग | 9,22,000.00 | 2 प्रतिशत | 1000 | 06 माह |
| 2 | वार्ड 01 अम्बेडकर नगर में मरवटिया में करया के मकान के सामने कालोनी के स्थान के सामने इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 7,12,000.00 | 2 प्रतिशत | 700 | 06 माह |
| 3 | वार्ड 01 अम्बेडकर नगर में मरवटिया में आफत अली के मकान से दुखरन भगत के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 6,22,000.00 | 2 प्रतिशत | 600 | 06 माह |
| 4 | वार्ड 03 लोहिया नगर में संजय चौहान के मकान से आसरा आवास तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं लोहे का गेट लगाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 1,90,700.00 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 5 | वार्ड 09 दीनदयाल नगर में स्कन्द शुक्ला के मकान से बाबू साहब के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 1,27,300.00 | 2 प्रतिशत | 100 | 06 माह |
| 6 | वार्ड नं0 01,03,06,10 में स्थित नालों नाली का तलीझार सफाई एवं सिल्ट हटाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 3,65,300.00 | 2 प्रतिशत | 300 | 15 दिन |
| 7 | वार्ड नं0 10, 09 में स्थित नालों, नाली का तलीझार सफाई एवं सिल्ट हटाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 4,00,000.00 | 2 प्रतिशत | 400 | 15 दिन |
| 8 | वार्ड नं0—04, 11, 06 में स्थित नालों, नाली का तलीझार सफाई एवं सिल्ट हटाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 2,73,000.00 | 2 प्रतिशत | 300 | 15 दिन |
| 9 | वार्ड नं0—07, 04 में स्थित नालों, नाली का तलीझार सफाई एवं सिल्ट हटाने का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 4,78,000.00 | 2 प्रतिशत | 500 | 15 दिन |
| 10 | वार्ड नं0—01 अम्बेडकर नगर में मिठाई लाल के मकान से झिनकू के मकान के आगे गड्डे तक नाली निर्माण का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 3,75,000.00 | 2 प्रतिशत | 400 | 15 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बभनान बाजार,**
**जनपद—बस्ती।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बभनान बाजार,**
**जनपद—बस्ती।**


## पेज एक का शेष

### राष्ट्रवादी बनना...

पहले दुनिया के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल में 150000 पद रिक्त थे। हमने 154000 पुलिस भर्ती की। एक भी भर्ती पर सवाल नहीं। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से स पन्न कराई। इसके बाद ट्रेनिंग की क्षमता को तिगुना किया। पैरामिलिट्री, मिलिट्री के ट्रेनिंग सेंटर लिए गए। बीते 5 सालों में व्यापक पुलिस सुधार हुए। यूपीएसएसएफ और एफडीआरएफ का गठन हुआ। रेंज स्तर पर साइबर थाने बने, आईटीएमेस और सेफ सिटी की परियोजना पर काम हुआ। लखनऊ में फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट की कार्यवाही हो रही है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में कभी पीएसी की बड़ी भूमिका होती थी लेकिन साजिश के तहत 54 कंपनियां को बंद कर दिया गया। क्या अगर पीएसी होती तो मुज फ्फरनगर बरेली में महीनों महीनों कर्फ्यू रहता? नहीं रहता। आखिर हमने इन्हें बहाल किया। दंगा मुक्त उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हमने प्राप्त किया है।

### भारत 2030...

गरीब विरोधी साबित करने की कोशिश की गई। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में टेक्नॉलॉजी के उपयोग को लेकर उदासीनता का वातावरण रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब को हुआ, वंचित को हुआ और मिडिल क्लास को हुआ।

### नदी में...

हैं। घायलों की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वाहन सड़क से करीब 50-60 फुट की गहराई में श्योक नदी में गिर गया। सभी घायलों को शुरूआत में परतापुर स्थित 403 फील्ड हॉस्पिटल ले जाया गया। कुछ घंटों बाद, सभी 19 घायल सैनिकों को हरियाणा के पंचकुला जिले में चंडीमंदिर स्थित सेना के पश्चिमी कमान अस्पताल ले जाया गया।

### प्रधानमंत्री ने...

काफी दुखी हूं, जिसमें हमने अपने बहादुर सैनिकों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिवारों के साथ हैं। मुझे आशा है कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। प्रभावितों को हरसंभव सहायता दी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, 26 सैनिकों के एक दल को लेकर वाहन परतापुर ट्रांजिट कैम्प से हनीफ सब-सेक्टर में स्थित एक अग्रिम स्थान पर जा रहा था।

### भारतीय नौसेना...

महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखना है। रक्षामंत्री ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, भारतीय नौसेना की तैयारियां आक्रामकता के लिए उकसाने वाली कार्वाई न होकर हिंद महासागर क्षेत्र के लोगों के लिए सुरक्षा की एक गारंटी देने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि आईएनएस खंडेरी मेक-इन-इंडिया क्षमताओं का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना के लिए 41 जहाजों या पनडुब्बियों के लिए दिए गए ऑर्डर में से 39 भारतीय शिपयार्ड में बनाए जा रहे हैं। सिंह ने कहा, इस वर्ष जब हम अपनी स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए तैयार हो रहा है।

### क्रूज ड्रग...

आरोप पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा, हमने सबूत के सिद्धांत के आधार पर जांच की। प्रधान ने कहा, हमें 14 लोगों के खिलाफ भौतिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य मिले और छह के खिलाफ सबूत अपर्याप्त थे। उन्होंने कहा, हमने शुरुआती जांच के दौरान मिले सभी तथ्यों पर विचार किया और (आर्यन के खिलाफ) कोई ठोस सबूत नहीं मिला। यह पूछे जाने पर कि क्या शाहरुख खान से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा, कुछ संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की गई, लेकिन उनके नाम नहीं बताए जा सकते। आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने कहा, मैं राहत महसूस कर रहा हूं, और मेरे मुवक्किल शाहरुख खान भी राहत महसूस कर रहे होंगे। सच्चाई की जीत हुई है।

### केंद्र ने...

चिट दे दी। वानखेड़े भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वित्त मंत्रालय नोडल प्राधिकरण है। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने सक्षम प्राधिकारी से क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले में कथित लचर जांच के लिए वानखेड़े के खिलाफ उचित कार्वाई करने को कहा है। वानखेड़े तब एनसीबी के मुंबई क्षेत्रीय निदेशक थे और उन्होंने एक क्रूज जहाज पर मादक द्रव्यों को लेकर की गई छापेमारी के बाद प्रारंभिक जांच का जिम्मा संभाला था। आर्यन खान को इस मामले में पिछले साल तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

### टीले वाली...

लखनऊ, पुलिस महानिदेशक उप्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लखनऊ, पुलिस अधीक्षक पश्चिम लखनऊ, इंसपेक्टर चौक व सुन्नी सेंट्रल बोर्ड आफ वक्फ जरिए चीफ एग्जीक्यूटिव आफीसर के साथ ही मौलाना फजुर्लरहमान को प्रतिवादी बनाया गया है। 18 जुलाई 2017 को निचली अदालत ने मौलाना फजुर्लरहमान की मौत के बाद उनके विधिक उत्तराधिकारी मौलाना फजलुल मन्नान को प्रतिवादी प्रतिस्थापित करने का आदेश दिया था। निचली अदालत में प्रतिवादी की ओर से इस वाद को खारिज करने की मांग की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट...

प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 439 के तहत अधिकार क्षेत्र से जुड़े मापदंडों को पार कर लिया है। इसके साथ ही पीठ ने रामपुर के जिलाधिकारी को भूमि की माप करने, विश्वविद्यालय से जुड़ी भूमि पर कब्जा करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों पर रोक लगा दी और उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा। आदेश लिखाए जाने के बाद, पीठ ने खान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि उसने आदेश में जारी मुख्य निर्देशों पर रोक लगा दी है और शेष शर्तें सामान्य हैं। सिब्बल ने पीठ से कहा कि आदेश की कई शर्तें उचित नहीं हैं जैसे कि खान को एक हलफनामा देना होगा कि वह सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख पर स्थगन का अनुरोध नहीं करेंगे, मुकदमे की सुनवाई एक साल में पूरी की जाएगी और सुनवाई रोजाना आधार पर होगी।

### गीतांजलि श्री...

में अनुवाद किया है, जिसका मूल शीर्षक रेत समाधि है। रेत समाधि उत्तर भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है और 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की कहानी बयां करता है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक दल ने इसे मधुर कोलाहल और बेहतरीन उपन्यास करार किया। गीतांजलि श्री ने पुरस्कार ग्रहण करने के दौरान अपने संबोधन में कहा, मैंने कभी बुकर पुरस्कार जीतने का सपना नहीं देखा था। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मैं यह कर सकती हूं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं अभिभूत हूं, प्रसन्न हूं और सम्मानित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, रेत समाधिटॉम्ब ऑफ सैंड एक शोकगीत है, उस दुनिया का जिसमें हम रहते हैं।

### ऐतिहासिक राइफल...

को बुझाकर और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में अमर लौ के साथ विलय करने पर सरकार पर इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया था। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस वीर जवानों के लिए एक बार फिर अमर जवान ज्योति जलाएगी। उन्होंने कहा था कि यह बड़े दुख की बात है कि हमारे वीर जवानों की अमर ज्योति आज बुझ जाएगी। कुछ लोग देशभक्ति और बलिदान को नहीं समझ सकते- कोई बात नहीं, हम एक बार फिर अपने सैनिकों के लिए अमर जवान ज्योति जलाएंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल निपटी जुमे की नमाज

● दोपहर एक बजे नमाज के लिए मुफ्ती बनारस अब्दुल बातिन नोमानी ज्ञानवापी पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लेने के बाद नमाज की प्रक्रिया शुरू कराई





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ज्ञानवापी** केस की शुरुआत होने के साथ ही अमूमन कम लोगों के साथ होने वाली जुमे की नमाज में माह भर से शुक्रवार को लोगों का जमावड़ा भी खूब हो रहा है। ऐसे में बीते शुक्रवार को अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने लोगों को अपने घरों के पास मस्जिद में नमाज अदा करने की अपील की थी। अब दोबारा शुक्रवार का दिन होने की वजह से किसी भी मामले की सुनवाई भले न हो लेकिन जुमा का दिन होने की वजह से लोगों की भीड़ को रोकने की पहल कमेटी और जिला पुलिस प्रशासन की ओर से की गई। वहीं दोपहर सवा दो बजे नमाज खत्म होने के बाद भीड़ बाहर निकली तो प्रशासन ने राहत की सांस ली। जुमे की नमाज को लेकर ज्ञानवापी मस्जिद के आसपास पुलिस की जबरदस्त नाकेबंदी की गई थी। गोदौलिया और मैदागिन से आने वाले रास्ते पर चार लेयर की बैरिकेडिंग की गई थी। एक बजे के बाद होने वाली नमाज के लिए दोपहर 12:30 बजे से ही नमाजियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो वजु करके नहीं आये उन्हें ज्ञानवापी के सामने एक मकान में नमाज की प्रक्रिया के लिए भेजा गया। दोपहर एक बजे नमाज के लिए मुफ्ती बनारस अब्दुल बातिन नोमानी ज्ञानवापी पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लेने के बाद नमाज की प्रक्रिया शुरू कराई। बीते शुक्रवार को नौबत यह हो गई थी कि परिसर में नमाजियों की अथाह भीड़ हो गई थी। कमेटी की ओर से वालंटियर तैनात कर लोगों की भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा था। वहीं पूरा परिसर नमाजियों से भरने की वजह से लाउडस्पीकर से लोगों से अपील कर उनको घरों की ओर लौटने और घर के पास अन्य मस्जिदों में नमाज पढ़ने की अपील करनी पड़ी थी। वहीं जिला पुलिस प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। भीड़ को नियंत्रित करने के क्रम में कई मार्गों से यातायात का जिम्मा विभाग को संभालना पड़ा था। वहीं इस बार भी जुमे की भीड़ को संभालने के लिए पूर्व से ही अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से संदेश जारी कर मस्जिद में भीड़ न बढ़ाने की अपील की गई। इस बाबत सुबह से ही मस्जिद कमेटी की ओर से वालंटियर को पास जारी कर व्यवस्था बनाने की तैयारी की गई। दूसरी ओर गेट नंबर चार के पास भारी सुरक्षा बलों की तैनाती करने के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता का दौर चलता रहा।

# अमित राय जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**बीएचयू** के वरिष्ठ छात्रनेता रहे अमित राय को जिला कुश्ती संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी वाराणसी कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने दी। अध्यक्ष ने बताया कि यह मनोनयन संघ के कार्य समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिए निर्णय के आधार पर किया गया है। संजय सिंह ने बताया कि अपनी कार्यशैली से युवाओं मे लोकप्रिय अमित राय वाराणसी कुश्ती संघ से लंबे समय से जुड़े हुए हैं और वे लगातार सराहनीय कार्य कर रहे हैं जिसके आधार पर उनको उपाध्यक्ष बनाया गया है।अमित राय को उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सिंह रानू एवं सचिव बलराम मिश्रा सहित तमाम लोगों ने बधाई दी।

# अदालत पर है हमें पूरा भरोसा: विष्णु गुप्ता

● हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विंध्याचल में किया दर्शन पूजन

संवाददाता। मीरजापुर

**हिंदू** सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने शुक्रवार को माता विंध्यवासिनी का सपरिवार दर्शन पूजन किया । इस मौके पर उन्होंने वार्ता करते हुए कहा कि देवों के देव महादेव को मुक्त कराने का संकल्प लिया गया है । सनातन धर्म के साथ ही देवी देवताओं के विग्रह की रक्षा करने का काम हिंदू सेना कर रही हैं । हिंदू सेना सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद वाले मामले में पक्षकार है। बनारस कोर्ट में भी ज्ञानवापी मामले में पक्षकर बन गए हैं। इसी सिलसिले में वह बनारस आए है और उन्होंने बाबा विश्वनाथ सहित भैरव बाबा के दर्शन किया। इसके बाद वह आदिशक्ति माता विंध्याचल देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया ।

हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने कहा कि ज्ञानवापी में जहां शिवलिंग मिला है वहा भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। मामला कोर्ट में चल रहा है । कोर्ट पर हमें पूरा भरोसा है। जिस प्रकार से श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है उसी प्रकार से बाबा विश्वनाथ मंदिर का भी निर्माण होगा । कहा कि जहा भगवान शिव विराजमान है वह स्थान हिंदुओं को समर्पित कर देना चाहिए।

विंध्याचल पहुंचने पर रोहित जायसवालए ऋषभ गुप्ता, तन्मय सोनी, दिव्यांश अवस्थी, श्रेयस पांडेय, प्रियांशु गुप्ता, अनिल गुप्ता, चंदन पाण्डेय, पंकज केसरवानी, सर्वेश मिश्रा एवं अखिलेश गुप्ता ने स्वागत किया। पूजन अर्चन तीर्थ पुरोहित संदीप पाण्डेय ने कराया।

# वीसी प्रो. हरेराम त्रिपाठी आक्यूएसी के विशिष्ट सदस्य बनाए गए

**वाराणसी।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली मे नामित कार्यपरिषद सदस्य के हैसीयत से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,नई दिल्ली में आज आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(आईक्यूएसी)का विशिष्ट सदस्य बनाया गया है। उक्त सूचना ज्ञात होने पर कुलपति प्रो त्रिपाठी ने बताया कि यूजीसी द्वारा उक्त विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद के सदस्य होने के कारण कार्यपरिषद सदस्य की हैसीयत से संस्थान के प्रमुख अध्यक्ष एवं सीएसयू के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी के प्रस्ताव पर (आईक्यूएसी)आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ गठन कर विशिष्ट सदस्य बनाया गया है जो कि दो साल की अवधि के लिये बनाया गया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस पर अपनी सहमति भी व्यक्त किये हैं।

# चोरी के 92 पाइप बरामद, पांच आरोपियों का किया गया चालान

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**गुरुवार** की सायं जनपद के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बीजपुर भैया शिव प्रसाद सिंह मय हमराह थानाक्षेत्र में वारंटी वांछितों की तलाश में निकले हुए थे। उसी दौरान चेतवाँ के पास बीजपुर-रेनुकूट मार्ग पर कुछ ग्रामीणों ने दो डी सी एम में लदे ग्राम समूह पेय जल परियोजना नमामि गंगे में प्रयुक्त हेतु रखे हुए चोरी के 92 नग पाइप के बारे में पकड़े हुए डी सीएम व हाइड्रा को पुलिस को सुपुर्द किया। पुलिस ने जी बी पी आर इंजीनियर्स लि0 हैदराबाद साइड कार्यालय झीलों बीजपुर ग्राम समूह पेयजल परियोजना नमामि गंगे संस्था के एच आर एडमिन दिनेश कुमार मुदुली जिनका स्थाई पता ग्राम ओस्ता पली बाल गाल जनपद खुर्जा उड़ीसा की तहरीर पर कुल आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए पांचों आरोपियों लाल रंग की दोनों डी सीएम व उस पर रखे गए कुल 92 नग पाइप तथा पीले रंग की हाइड्रा को उसी वक्त हिरासत में ले लिया। शुक्रवार की सुबह हिरासत में लिए गए पांचों आरोपियों को पुलिस ने अग्रीम कार्रवाई हेतु संबंधित न्यायालय में पेश किया। जहाँ न्यायाधीश ने आरोपियों पर लगे आरोप को संगीन देखते हुए उसे अग्रीम जमानत तक जनपद कारागार गुरमा में भेजने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अन्य तीन आरोपियों के तलाश में सरगर्मी से जुट गई है। जेल भेजे गए आरोपियों में मध्य प्रदेश प्रान्त के ग्राम व थाना सिलवानी जनपद रायसेन के निवासी चालक गोविंद ठाकुर पुत्र हनुमत ठाकुर, उसी प्रान्त थाना व जनपद के ग्राम रामपुरा खर्द निवासी चालक राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र बलवंत सिंह यादव मध्य प्रदेश प्रान्त के जिला भोपाल ग्राम गुर्जर थाना गूंगा निवासी चालक कंजन सिंह गुर्जर पुत्र श्रीनारायण सिंह गुर्जर, बिहार प्रान्त के जनपद गोपालगंज ग्राम बरौली निवासी चालक अर्जुन भगत पुत्र मुख्तार भगत तथा उत्तर प्रदेश प्रान्त के जनपद सोमभद्र थाना बीजपुर ग्राम बीजपुर पुनर्वास प्रथम निवासी राजेश कुमार पुत्र बदन प्रसाद के नाम शमिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरी में प्रयुक्त लाल रंग के एक डी सी एम का नंबर एम पी 04 जी बी 5987 है जिसमे 49 नग तथा दूसरे डी सीएम जिसका न0 एम पी 04 जी बी 5571 है जिसमे 43 नग पाइप रखा गया था। 92 नग पाइप की अनुमानित कीमत पुलिस द्वारा कुल साढ़े चार लाख के आसपास बताई गई।

## एक पशु तस्कर गिरफ्तार, पांच की तलाश जारी

**डाला/सोनभद्र।** हाथीनाला थाने मे आठ दिन पूर्व छ नामजद गैंगेस्टर व पशु तस्करों मे एक अभियुक्त को गुरुवार की दोपहर दो बजे बग्घानाला मोड़ से गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया जहां न्यायालय ने अभियुक्त को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रविन्द्र प्रसाद ने बताया की तीन माह पूर्व भी बसनिया घाट से 55 पशुओं के मामले में गिरफ्तार करके 6 पशु तस्करों के जेल भेज दिया गया था। सभी पशु तस्करों पर हाथीनाला व कोन थाना मे पूर्व से ही कई मुकदमें पंजीकृत है। जिसको लेकर आठ दिन पूर्व सभी पशु तस्करों के खिलाफ हाथीनाला थाने में मुकदमा पंजीकृत करके वाछिंत आरोपियों की तलाश की जा रही थी तभी मुखबीर से सूचना मिली की 6 नामजद गैगेस्टर आरोपीयों मे एक आरोपी 23 वर्षीय रामकेश्वर साहू पुत्र रामलाल साहू निवासी बड़गड़ थाना मोरवा जिला सिंगरौली ओबरा के तिराहे बग्घानाला मोड़ कहीं जाने के फिराक में खडा है, सूचना पर हाथीनाला पुलिस मौके पर पहुच गई और रामकेश्वर के गिरफ्तार कर लिया। बाकी पांच नामजद लोगों की तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर कोई परेशान कर रहा है तो डायल करें 1090



संवाददाता। डाला/सोनभद्र

**महिलाओं** एवं बच्चियों की सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन के लिए चौकी क्षेत्र के सेक्टर सी मोड हनुमान मंदिर परिसर पर शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090 वाहन मौजूद रहा। चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि जब तक महिलाओं के सम्मान सुरक्षा एवं स्वावलंबी नहीं बनाया जाता तब तक उनका संपूर्ण विकास नहीं हो सकता इसके लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है अपरिचित लोगों से उचित दूरी बनाकर रहें। कोई भी सोशल मीडिया पर परेशान कर रहा है तो 1090 पर डायल करें। साईबर ठगी से बचने के लिए कोई भी ओटीपी नहीं बताना है बैंक से कोई फोन नहीं आता न तो लाटरी लगती है। 181भी डायल कर पुलिस को सूचना दी जा सकती है। महिलाओं का विकास तभी संभव है जब हर महिलाएं शिक्षित होने के साथ अपने अधिकार के प्रति जागरूक होगी। महिलाओं और किशोरियों के हित के लिए मिशन शक्ति के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही डायल 1090, 112 महिला हेल्प डेस्क एंटी रोमियो टीम गठित करना विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान महिला थाना प्रभारी रावर्टसगंज संतू सरोज, ट्रैफिक एस आई सतेन्द्र सिंह,चोपन थाना उप निरीक्षक कृष्ण अवतार सिंह, लखनऊ से आई टीम के प्रभारी भूपेश अवस्थी, एंकर अमित शुक्ला, बलराज चक्रवर्ती, प्रांशु सिंह, विपिन सिंह, आदि मौजूद रहे।

# जीवन की खुशहाली के लिये नियमों का पालन जरूरी: डा. प्रदीप पांडेय

संवाददाता। सकलडीहा/चन्दौली

**शासन** की ओर से सड़क सुरक्षा माह का कार्यक्रम शुरू किया गया है। शुक्रवार को सकलडीहा पीजी कॉलेज में पुलिस अधिकारी सहित शिक्षकों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पम्पलेट वितरण किया गया। जीवन की सुरक्षा के बारे में छात्राओं ने कविता और गाइड लाइन के माध्यम से जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डा प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि जीवन की खुशहाली के लिये नियमों का पालन करना जरूरी है। इस लिये लोगों को खुद के साथ दूसरे के जीवन की सुरक्षा के लिये आगे आना चाहिये। वही कोतवाल विनोद मिश्रा ने सड़क पर हमेशा बाई ओर चलने का नसीहत दिया। स्कूली बच्चों को निर्धारित बस स्टाप से ही चढ़ने व उतरने का नसीहत दिया। इसके साथ शराब पीकरए सड़क पर स्टंड न करने और ओवर स्पीडिंग न करने की सलाह दिया। इसके साथ गलत लेन पर न चलते हुए वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात न करने की जानकारी दिया। इसके साथ ही सड़क पर न दौड़ न तो चलती बस में चढ़ने की जानकारी दिया। अंत में दुर्घटना में घायल को समय से हास्पीटल पहुंचाने व सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जागरूक करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सभी को सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा का गाइड लाइन वितरण किया गया। इस मौक पर कोतवाल विनोद मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक डा अभय वर्मा, डा शमीम राईन, डा दयानिधि सिंह यादव, डा महेन्द्र प्रताप सिंह, डा पीके सिंह, डाण् दयाशंकर यादव, डा इन्द्रजीत सिंह, डा अनिल तिवारी, डा राजेश यादव, डा योगेन्द्र तिवारी, प्रमोद पांडेय, जितेन्द्र यादव, श्यामलाल सहित नवनिर्वाचित छात्र संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## टहलते समय व्यापारी को बोलेरो ने मारा धक्का, घायल

**सकलडीहा/चन्दौली** । शासन की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके बाद भी वाहन चालक बेखौफ फर्राटा भर रहे है। शुक्रवार को सुबह सकलडीहा चंदौली मार्ग पर टहलते समय बोलरो चालक ने कस्बा के 70वर्षीय बर्जुग व्यापारी को धक्का मारकर फरार होगया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने कस्बा के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।प्रतिदिन की भांति सकलडीहा चंदौली व कमालपुर मार्ग पर लोग दर्जनों की संख्या में टहलने के लिये जाते है। कस्बा के नागे बड़ा बाजार के संचालक शंकर गुप्ता पैदल कुछ लोगों के साथ टहलते हुए भोजापुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच सच्चा आश्रम के समीप तेज रफ्तार में जा रही बोलरों के धक्का से बुर्जुग गंभीर रूप से घायल होगया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन कस्बा के निजी हास्पीटल में भर्ती कराया। व्यापारियों ने कस्बा से लेकर सड़क पर तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों पर लगाम लगाने की मांग उठाया है।

# धीमी प्रगति व खराब गुणवत्ता पर डीएम ने जताई नाराजगी

● कार्यदायी संस्था सीएण्डसीएस द्वारा निर्माणाधीन 3 परियोजनाओं का किया गया निरीक्षण

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान जनपद में 50 लाख की लागत से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विन्ध्य कारीडोर के निरीक्षण के उपरान्त विन्ध्याचल में निर्माणाधीन लगभग 182 लाख की लागत से 50 व्यक्तियो के लिये आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानो पर प्लास्टर की गुणवत्ता काफी खराब पाई गई। दीवालो तथा खिड़कियो व दरवाजो के कार्नर पर किये गये प्लास्टर हाथ से ही टूट रहे थे। कई जगह ईट की गुणवत्ता खराब पायी गयी। आश्रय स्थल में शौचालय के अन्दर बनाये जा रहे दीवाल में प्रयुक्त होने वाले बालूए सीमेन्ट में बालू की मात्रा अधिक पायी गयी। 19 बेड के लिये बनाये जा रहे हाल में बीम की गुणवत्ता सही नही पायी गयी। सीढ़ियो पर सीमेन्ट बालू के द्वारा लगाये गये ईट में भी सीमेन्ट की मात्रा कम पायी गयीए जिसे हाथ से ही उठाने पर ईट अलग हो गया। इसी प्रकार छत पर बनाये गये बाउन्ड्रीवाल की गुणवत्ता भी सही नही पाये जाने पर जिलाधिकारी कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस को ब्लैक लिस्टेड करने को कहा। मौके पर उपस्थित अवर अभिन्यता को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियो की गुणवत्ता में सुधार लाया जाय तथा आज शाम तक लिखित रूप से भवन पूर्ण होने की तिथि के बारे में अवगत कराया जाय।

तदुपरान्त जिलाधिकारी द्वारा पालीटेक्निक परिसर में कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस द्वारा लगभग 127 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन आईटी इंजीनियरिंग कालेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्लैब का कार्य पूर्ण तथा प्रथम तल स्लैब का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। प्रथम तल पर 30 प्रतिशत स्लैब कार्य पूर्ण किया गया हैं। इसी प्रकार वर्कशाप का 40 प्रतिशत स्लैब कार्य पूर्ण तथा शेष स्लैब डालने का कार्य प्रगति पर हैं। निरीक्षण के दौरान कई जगह पर ज्वाइंट के स्थान पर बीम टूटा हुआ पाया गया जिसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य में लेबरो की संख्या बढ़ाते हुये तेजी लायी जाय। गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय गुणवत्ता के साथ किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी द्वारा अपने निरीक्षण के क्रम में पहाड़ी विकास खण्ड अन्तर्गत मोहनपुर पहाड़ी पर निर्माणाधीन डिग्री कालेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदासी संस्था सीएण्डडीएस के द्वारा बताया गया कि अब तक प्राप्त 05 करोड़ धनराशि के सापेक्ष 03 करोड़ 78 लाख 50 हजार व्यय किया जा चुका हैं। निरीक्षण के दौरान बीम की फिनिशिंग अत्यन्त खराब पायी गयी। कई बीम नीचे की तरफझुका हुआ पाया गया तथा कमसे कम 04 बीम टेढ़ा पाया गया जिसे जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये उपस्थित अवर अभियन्ता को कड़ी फटकार लगाते हुये बीम व पिलर सही कराने का निर्देश दिया। पिलर से लगे हुये बनाये गये दीवाल के बीच में गैप पाये जाने पर उसे सीमेन्ट व बालू से भरने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के निरीक्षण में केवल 04 या 05 मजदूर के द्वारा सटरिंग का कार्य किया जा रहा था जबकि जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि लेबरो व राजगीरो की संख्या बढ़ाते हुये प्रथम तल पर दीवालो को जोड़ने का कार्य भी कराया जाय तथा भूतल के हिस्से पर खिड़कियो व दरवाजे लगाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि कार्य में तेजी लाते हुये समय से पूरा कराया जा सकें। उक्त डिग्री कालेज को मार्च 2022 में ही पूर्ण कराना था धीमी प्रगति को देखते हुये जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि मजदूरो की संख्या बढ़ाते हुये कार्य तेजी लाये तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया निरीक्षण के दौरान पाये गये कमियों को दूर किया जाय।

# वनिता पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय योग का हुआ समापन



**वाराणसी।** वनिता पब्लिक स्कूल, वाराणसी में मिशन प्रेरणा के तहत आयोजित सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। योग शिविर प्रशिक्षण के समापन के दिन मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने योग शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरविन्द शुक्ला ने भाषण के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। तत्पश्चात् वंदना के बाद विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से योग के विविध आयामों को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि बीएसए राकेश सिंह ने जीवन में योग के महत्व को बताते हुए कहा कि अपने जीवन शैली मं में इसे शामिल करने का संदेश दिया। शारीरिक शिक्षा के अध्यापक द्वारा निदेर्शित विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं को बखुबी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या डॉ रेणुका नागर के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

**मिर्जापुर।** काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ ने शुक्रवार को आवास विकास कॉलोनी पंडित जवाहरलाल नेहरु जीके पार्क में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए 58 वी पुण्यतिथि मनाया गया । जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस के नेता राजधर दुबे सुधाकर मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद छोटे खान जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव रमेश प्रजापति पप्पू अशोक गुप्ता संतोष यादव राजकुमार कन्हैया लाल प्रजापति प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर नगर स्थित काग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष बाजीराव कटरा दीपचंद जैन के आवास पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के चित्र पर माल्यार्पण किया नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन कृष्णा जयसवाल संतोषी उमर विकी जैन राहुल जैन प्यारेलाल यादव संतोष कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो सोशल ऑडिट: रामबाबू त्रिपाठी




संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र

**शुक्रवार** को विकास खण्ड घोरावल में वर्ष 2021-22 मे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिये गये आवासो को लेकर 2 जून 2022 से प्रारम्भ होने वाली सोशल ऑडिट,ग्राम सभा बैठक से पूर्व एंट्री कान्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए जनपद के जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी ने कहा की सोशल आडिट एक अनिवार्य प्रक्रिया है जिसे हर हाल मे किया जाना है पुरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया पुरी कराई जाय। उन्होंने कहा कि यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जाय की सोशल आडिट के दौरान कराये गये कार्यों के अभिलेख टीम को अनिवार्य रूप से मिल जाय। उपायुक्त श्रम रोजगार,शेषनाथ चौहान ने कहा कि सोशल आडिट टीम को कार्यों के सत्यापन के दौरान ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक उपेक्षित सहयोग अनिवार्य रूप से प्रदान करे। बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी घोरावल रमेश कुमार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ब्लॉक कोआर्डिनेटर, बीआरपी सोशल ऑडिट टीम सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

## बंदूक की संस्कृति

### बच्चों की हत्या

**रॉब** प्राथमिक स्कूल में नरसंहार ने एक बार फिर अमेरिकी नौजवानों में बंदूक की संस्कृति पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका की अपने बारे में धारणायें उलट रही हैं। 'दुनिया के पुलिसमैन' या 9-11 के बाद 'दुनिया के सैनिक' जैसी कहावतें अब उलट गई हैं। हालीवुड में अमेरिकन मैरीन की प्रभावशाली छवि तथा नशे जैसी आदत डालने वाले वीडियो गेमों ने खूनी रूप धारण कर लिए हैं। अमेरिका के 'स्पेशल आपरेटर' को आमतौर से 'अमेरिकन जीवनशैली' का अंग माना जाता है, अब नवीनतम फ्रैंकस्टीन जैसा दानव सिद्ध हो रहा है। यह हत्याकांड टैक्सास में हुआ है जिसे स्वघोषित 'फ्रंटियरमैन' या 'बकेनर्स' की भूमि माना जाता है जो अब भी पुराने चरवाहों या काऊब्वाय जैसी हैट व बूट पहनते हैं, घोड़ों पर सवारी करते हैं तथा उनकी बंदूकें, राइफलें व रिपीटर्स उनकी मर्दवादी छवि मजबूत करते हैं। टेक्सास के उवाल्डे में मंगलवार को घटी नरसंहार की नवीनतम घटना ने अमेरिकनों को एक बार फिर झकझोर दिया है, जिस पर लंबे समय से ध्यान देने की जरूरत है। पहले नरसंहार करने वालों को इस्लामी जिहादी, श्वेत नस्लवादी या दक्षिणपंथी स्थानीय आतंकी बता दिया जाता था। लेकिन आज के अमेरिकन हत्यारे इस किस्म के नहीं हैं। ये अधिकांश पुरुष तथा सामान्य नागरिक हैं, सामान्य पड़ोसी की तरह रहते हैं तथा गरीबी या सामाजिक अलगाव की भावना छिपाते हैं। आमतौर से इनका जीवन बरबाद हो चुका होता है अथवा वे दयनीय रूप से मानसिक विकृति का शिकार होते हैं। इन स्थितियों से परेशान हत्यारे अपनी समझ से न्याय पाने का सर्वोत्तम तरीका बंदूक उठाना समझते हैं। लेकिन पहले ऐसे व्यक्ति को इस भूमिका में आने के लिए टीवी पर्दे की छवि, चीविंग गम रैपर, पहलवान बनाने वाले व्हे टिन तथा एक फिल्म चुननी होती है। वास्तव में हर अमेरिकी विज्ञापन में बंदूक लहराते,




मर्दवादी व स्वघोषित चौकीदार दिखते हैं। इसी प्रकार हत्यारा टैक्टिकल बैटल यूनीफार्म, हैट, वेस्ट, ग्लव्स व कार्गो ट्राउजर्स की व्यवस्था करता है क्योंकि सबसे मजबूत अमेरिकी यही 'वेशभूषा' पसंद करते हैं।

'स्पेशल आपरेटर' ने हथियार के बारे में काफी सोचा होगा। उसने डीडीएम4 राइफल चुनी जो सेना की एम4 कार्बाइन का सिविल रूप है। सौभाग्य से सिविल रूप पूरी तरह स्वचालित नहीं होता है नहीं तो और ज्यादा लोग मारे जाते। एआर-15 राइफल तथा 375 गोलियों पर उसे 400 से 2000 डालर तक खर्च करने पड़े होंगे तथा होलोग्राफिक साइट के 700 डालर और लगे होंगे। इस प्रकार हत्यारा ओलिव-ग्रीन कपड़े पहने अमेरिकन सैनिक सुपरमैन के रूप में आ गया होगा। दुनिया को ऐसी विभीषिकाओं का अनुमान काफी पहले डोनाल्ड ट्रंप के युग में हो गया था जब बिना किसी उद्देश्य के बंदूके लहराते स्पेशल आपरेशन फोर्सेज़-एसओएफ जैसे लोग पूरे देश में अपनी पिकअप पर घूमते देखे जा सकते थे। उरका उद्देश्य केवल हत्यारा दक्षिपंथी दृष्टिकोण प्रदर्शित करना होता था। दुनिया को उन दंगाइयों की याद है जिन्होंने ट्रंप के आह्वान पर जनवरी में अमेरिकी कैपिटाल पर धावा बोला था। वे कैवलार व धातु के हेल्मेट पहने तथा शानदार हथियार लिए थे। ऐसे 'एक्टिविस्टों' ने कोविड मास्क आदेश का विरोध करते हुए हवा में गोलियां चलाईं। वे बंदूक चला कर यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका को प्यार करते हैं। अब अमेरिका में बंदूक की संस्कृति हाशिए से निकल कर मुख्यधारा संस्कृति बन गई है। उत्तेजना फैलाने वाले ऐसे सशस्त्र लोग स्वयं को दक्षिणपंथी 'नायकत्व' के प्रतीक की तरह पेश करते हैं तथा गोलियों से कर्ज का भुगतान करते हैं। रिपब्लिकन जहां बंदूक की संस्कृति को गरिमापूर्ण मानते हैं, वहीं डेमोक्रेट उसे प्रतिबंधित करने के आधे-अधूरे प्रयास करते हैं। अमेरिका को इसका रोज नुकसान उठाना पड़ता है। अमेरिकन सोच फौरन बदलने की जरूरत है। इसका अर्थ केवल बंदूकों की सीमा तय करने के साथ ही मर्दवादी छवि बदलना भी है जिसके कारण परेशान लोग बंदूक उठा लेते हैं। यह आम लोकतांत्रिक समझ के विपरीत है कि बंदूक पर स्वामित्व उदारवादी है।

# दुनियाभर में महंगाई की मार

**महंगाई पर नियंत्रण के लिए सभी केन्द्रीय बैंकों को फौरन समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसे तत्काल सक्रिय किया जाए।**



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



ऐसा लगता है कि सारी दुनिया में उच्च मुद्रास्फीति या महंगाई अब सामान्य बात होती जा रही है और कम से कम निकट भविष्य में यही स्थिति बनी रहेगी। अप्रैल, 2022 में आईएमएफ के वर्ड इकोनोमिक आउटलुक ने अनुमान लगाया था कि 2022 के दौरान विकसित देशों में मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत, उभरते बाजारों में 8.7 प्रतिशत तथा विकासशील देशों में पहले जनवरी में लगाए अनुमानों की तुलना में क्रमश: 1.8 से 2.8 प्रतिशत अधिक रहेगी। रूस-यूक्रेन युद्ध अब चौथे महीने में प्रवेश कर रहा है जिसके कारण सप्लाई में अभूतपूर्व बाधायें आई हैं। इसके कारण काफी समय से विभिन्न चीजों के दाम बढ़ रहे हैं और धीरे-धीरे स्थिति और खराब होने की आशंका है। खराब होता सप्लाई-मांग संतुलन तथा वस्तुओं के मूल्य में और वृद्धि से कम से कम मध्यकालीन रूप से मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी रहेगी। इसके कारण ब्याज दरें बढ़ेंगी, अधिक वेतनों की मांग होगी तथा इसके परिणामस्वरूप कंपनियों का मुनाफा घटेगा।

इसके कारण मजबूरी में उनको उत्पादन घटाना पड़ेगा जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ेगी तथा वास्तविक वेतन में और कमी आएगी। वैश्विक महामारी के बाद दुनिया वैसे भी आर्थिक बहाली के लिए संघर्ष कर रही है तथा पहले की तुलना में उच्च कर्ज स्तर से निपटने के प्रयास कर रही है। इसका कारण वैश्विक महामारी से राजकोषीय नीतियों का विस्तार भी है। अब उच्च मुद्रास्फीति का प्रभाव खासकर उभरते बाजारों व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है जिससे कर्ज का संकट गंभीर हो गया है।

बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण युद्ध, प्रतिबंध, चीन में कोविड उभार के कारण लाकडाउन तथा इन सबके कारण सप्लाई श्रृंखला में पैदा भारी बाधायें हैं। ये सभी केन्द्रीय बैंकों के नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए केवल मौद्रिक नीतियां मुद्रास्फीति रोकने के लिए काफी नहीं हैं, हालांकि विभिन्न देशों ने अनेक नीतियां बनाई हैं जो उनकी परिस्थितियों तथा अन्य चीजों पर आधारित हैं। सरकारों को राजकोषीय नीतियों के विस्तार के प्रति भी सावधानी बरतनी चाहिए जिससे कुछ लोगों को कठिनाई हो सकती है जो महामारी के सालों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में विकास पूरी दुनिया में फिलहाल पिछली सीट पर चला गया है। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति का मापन सीपीआई द्वारा होता है जो अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जबकि यह मार्च में 7 प्रतिशत थी। यह पिछले आठ साल में सर्वाधिक है। शहरी मुद्रास्फीति 7.1 प्रतिशत तथा ग्रामीण मुद्रास्फीति 8.4 प्रतिशत थी। सीपीआई में भोजन व पेयपदार्थों को 45.9 प्रतिशत तथा ईंधन को 6.8 प्रतिशत स्थान मिला है। यदि हम इसे बाहर निकाल दें तो प्रमुख मुद्रास्फीति 6.5 प्रतिशत है। यह आरबीआई के 6 प्रतिशत लक्ष्य से अधिक है। फैक्ट्री उत्पादन में सुस्ती बनी हुई है। औद्योगिक सूचकांक में मार्च 2022 में केवल 1.9 प्रतिशत बढ़ा जो अप्रैल 2021 में सबसे नीचे 134.4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। इसका कारण विनिर्माण क्षेत्र का खराब प्रदर्शन था जो बढ़ती लागत तथा सप्लाई में बाधा पैदा हो रही है। मुद्रास्फीति का एक हिस्सा आयातित भी है क्योंकि हमारा 80 प्रतिशत से अधिक ईंधन तथा 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल उन देशों से आयातित है जो स्वयं गंभीर महंगाई का सामना कर रहे हैं। आयात खर्च बढ़ने से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार घटा है और यह 598 बिलियन डालर तक पहुंच गया है जो केवल 11 महीनों के आयात के लिए काफी है।

यह जनवरी 2022 में 635 बिलियन डालर था। मुद्रास्फीति के आंकड़े पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा व तेलंगाना में 9 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गए हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई है कि मांग में धीरे-धीरे सुधार होने से लगातार बनी रहने वाली मुद्रास्फीति की आशंका गलत है। हालिया महीनों में जीएसटी के अधिक संग्रह से भी आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के बजाय वस्तुओं की कीमतें बढ़ी होंगी। अमेरिका के फेडरल बैंक द्वारा मुद्रास्फीति के कारण ब्याज दर में 0.5 प्रतिशत वृद्धि के बाद आरबीआई ने भी रेपो रेट तथा सीआरआर में 4 मई को 0.4 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। उम्मीद की जाती है कि जून में भी ब्याज दर तथा सीआरआर में वृद्धि की जाएगी। क्रिसिल रेटिंग ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 6.3 प्रतिशत लगाया था। उसे उम्मीद है कि आरबीआई रेपो दरों में 2023 वित्त वर्ष के दौरान 0.75 प्रतिशत तथा 1 प्रतिशत के बीच वृद्धि करेगा। अर्थशास्त्रियों व कार्पोरेट नेताओं को उम्मीद है कि ब्याज दर वित्त वर्ष 2023 के अंत तक अंतत: 5.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। वास्तव में 4.4 प्रतिशत रेपो दर तथा 10 वर्ष में जी-सेक का 7 प्रतिशत से ऊपर रहने का अर्थ ब्याज दर के और ऊपर जाने का संकेत देता है। लेकिन ब्याज दर में हर वृद्धि से सरकार के लिए राजकोषीय परिवर्तन का स्पेस घटता है जिसका विकास पर प्रभाव पड़ता है। पहले ही भारत का विकास अनुमान सभी एजेंसियों ने घटा दिया है। आरबीआई ने भी इसे घटा कर 2022-23 के लिए 7.2 कर दी है, जबकि पहले यह अनुमान 7.8 प्रतिशत था।

थोक मुद्रास्फीति का मापन डब्लूपीआई से होता है जो सीपीआई मुद्रास्फीति से लगातार अधिक रहा है। यह मार्च 2022 में बढ़ 14.55 प्रतिशत पहुंच गया जबकि फरवरी में 13.11 प्रतिशत था। कीमतें सभी क्षेत्रों में बढ़ी हैं ये विनिर्माण उत्पादों में 10.71 प्रतिशत, मूल धातुओं में 25.27, ईंधन व बिजली में 34.52 प्रतिशत तथा मूलभूत वस्तुओं में 15.54 प्रतिशत हैं। हालांकि, खाद्य पदार्थों की कीमत में कुछ कमी आई है। मासिक आधार पर थोक कीमतों में मार्च में 2.69 प्रतिशत वृद्धि हुई जो 2004 के बाद सर्वाधिक है। इसका कारण डब्लूपीआई व सीपीआई में भिन्नता मुख्यत: उनमें शामिल वस्तुओं के कारण है। डब्लूपीआई में विनिर्मित वस्तुओं को 64.2 प्रतिशत हिस्सा मिलता है जो सीपीआई की तुलना में बहुत अधिक है जहां प्राथमिक वस्तुओं को 22.6 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इसके बाद 13.2 प्रतिशत हिस्सा ईंधन और बिजली को मिलता है। जहां आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को नीतिगत निर्णय पर आधारित मानता है, वहीं थोक मूल्य में वृद्धि भी अंतत: खुदरा मूल्यों में कुछ तिमाहियों के बाद दिखती है क्योंकि कंपनियां उपभोक्ताओं पर बोझ डालती हैं। इस प्रकार उच्च डब्लूपीआई मुद्रास्फीति मार्च में प्रथमिक वस्तुओं में दिखी जिसके परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतों में और वृद्धि होगी जिसका प्रभाव अमीरों की तुलना में गरीबों पर अधिक होगा।

इससे वित्त मंत्री का यह अनुमान गलत सिद्ध होता है कि गरीब लोगों पर मुद्रास्फीति का प्रभाव अमीरों जितना नहीं है। आश्चर्यजनक बात है कि आरबीआई ने कार्रवाई करने में इतना समय क्यों लगाया और उसने मनमाने ढंग से काम क्यों किया जिससे बाजार को भारी धक्का लगा। इससे विदेशी निवेशकों में असहज स्थिति पैदा हुई तथा शेयर बाजार में रुपये की कीमत में भारी गिरावट आई। ब्याज दरों में वृद्धि का प्रभाव अनुमान से अधिक रहा है। यदि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण करना है तो सभी केन्द्रीय बैंकों को तत्काल समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसका फौरन क्रियान्वयन संभव हो। डब्लूटीओ को मुद्रास्फीति के खिलाफ संघर्ष में शामिल किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति यदि कोविड से खराब नहीं तो उतनी ही बुरी बीमारी है तथा इससे प्रभावी संघर्ष के लिए सारी दुनिया को एकसाथ आना होगा।

# ...पर उपदेश कुशल बहुतेरे



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे'। गोस्वामी तुलसीदास की यह चौपाई हर युग में हर काल में प्रासंगिक रही है। इसका अर्थ है कि दूसरे को उपदेश देना सरल है पर खुद उस पर अमल करना कठिन। इस समय उपदेशक ज्यादा हैं और उन पर अमल करने वाले कम। अगर व्यक्ति स्वयं आदर्शों का पालन करने लगे तो उसे उपदेश देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां इस चौपाई को राजनीतिक संदर्भों में उद्धृत किया गया है। यूं तो इससे वाबस्ता किरदार एक से ज्यादा हैं लेकिन शुरुआत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जो शुरू से जुझारू रही हैं और अपनी राजनीति के प्रारम्भिक काल में ही उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हराकर सनसनी फैला दी थी। ममता आज भी जुझारू हैं। यह अलग बात है कि वह उन्हीं मुद्दों की मुखालफत से जूझ रही हैं जिनको लेकर वह खुद जब-तब गिले शिकवे करती रहती हैं। मतलब यह कि 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' की कहावत उन्हीं पर चरितार्थ हो रही है।

ममता बनर्जी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों के चांसलर यानी कुलाधिपति को लेकर नया व अभूतपूर्व निर्णय किया गया। नई व्यवस्था के तहत अब राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री प्रदेश के विश्वविद्यालयों की चांसलर होंगी। इस संबंध में जल्दी ही राज्य विधान सभा में एक विधेयक पेश किया जाएगा। विधानसभा में इसका पारित होना महज औपचारिकता होगी और यूं राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आने वाला सबसे महत्वपूर्ण व व्यवहारिक दायित्व उनसे छिन जाएगा।

यह बात सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ व ममता बनर्जी के बीच छत्तीस का आंकड़ा है और यह हर दूसरे तीसरे व चौथे दिन परिलक्षित होता रहता है। ममता के इन आरोपों को भी सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि जगदीप धनखड़ केंद्र के इशारे पर ममता सरकार को परेशान करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहते। राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच ऐसा टकराव कोई नया नहीं है। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक से उनके संबंध बहुत सहज नहीं थे और विधान परिषद के लिए मनोनयन व लोकायुक्त के चयन के मुद्दे पर क्या क्या हुआ यह भी देखा व समझा जा चुका है। बहरहाल असहज रिश्तों के बावजूद तत्कालीन अखिलेश सरकार ने राज्यपाल के अधिकार व दायित्व में कटौती करने या यूं कहें कि राज्यपाल के पर कतरने की कोई कोशिश नहीं की। अतीत ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है जब राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच तल्खी देखी गयी और यह सिलसिला आज भी जारी है। इसकी प्रमुख वजह केंद्र व राज्य में अलग अलग दलों की सरकारों का होना ही है। पश्चिम बंगाल के बाद इसकी बानगी महाराष्ट्र में भी देखी जा सकती है जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार ने करीब दो साल पहले विधान परिषद में मनोनयन के लिए जो सूची राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को भेजी थी वह आजतक ठंडे बस्ते में पड़ी है और विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक जा चुका है। बावजूद तल्खी के महा विकास अघाड़ी सरकार ने वैसा कोई अतिवादी कदम नहीं उठाया जैसा ममता बनर्जी ने उठाया है।



ममता बनर्जी का यह कदम इसलिए भी ध्यान आकर्षित करता है क्योंकि ममता का आचरण उसके बिल्कुल उलट है जिसको लेकर वह खूब जोर से शोर मचाती हैं। यानी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'। ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली तृणमूल सरकार से केंद्र की राजग सरकार के रिश्ते कभी भी सौहार्दपूर्ण नहीं रहे। शायद ही कोई हफ्ता बीतता होगा जब ममता बनर्जी केंद्र पर यह आरोप न लगाती हों कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत के संघीय ढांचे को नष्ट कर रही है। यूं तो ममता की ओर से और भी कई आरोप नियमित तौर पर लगाए जाते हैं लेकिन संघीय ढांचे पर प्रहार व मोदी की तानाशाही सूची में सर्वोपरि हैं। और ममता के लिए जबरदस्त विरोधाभास यही है कि यही दोनों आरोप खुद उन पर भी चस्पा होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या राज्यपाल की जगह खुद विश्वविद्यालयों का चांसलर बनना क्या देश के संघीय ढांचे को मजबूत करता है? क्या अधिकारियों या फिर कुलपतियों को बुलाए जाने पर भी राजभवन न जाने देकर ममता बनर्जी संघीय ढांचे को और मजबूत करने के लिए खाद पानी दे रही हैं? लोग भूले नहीं हैं कि विगत में राज्य के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी की बाढ़ समीक्षा बैठक में कैसे प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ाई गईं और जिसके चलते उपजे विवाद के संदर्भ में पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव का मामला अभी भी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। लोग यह भी नहीं भूले हैं कि किस तरह सीबीआई को अपना काम करने से रोका गया था और देश की सर्वोच्च अन्वेषण संस्था को शासकीय दायित्व निभाने के दौरान पश्चिम बंगाल की पुलिस ने बंधक बना लिया था। और इस मामले में भी कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट फ्रंट को चुनाव की मुख्य स्पर्धा से बाहर कर दिया है और उनका मुकाबला सिर्फ भाजपा से है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने टीएमसी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन पिछले साल ममता बनर्जी ने विधान सभा चुनाव में इसका बदला सूद सहित लिया और राजनीतिक हल्कों में यह कहा और महसूस किया जाता है कि चुनाव में मिली शानदार सफलता ने ममता के व्यक्तित्व में एक अधिनायक को जन्म दे दिया है। अगर बहस के लिए मान लें कि पीएम मोदी में भी अधिनायकवादी तत्व मौजूद हैं तो फिर यह कहने से कोई गुरेज नही होगा कि ममता बनर्जी का अधिनायकवाद मोदी से कहीं आगे है।

ममता बनर्जी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। वह मोदी को सत्ता से हटाने के लिए आतुर व व्याकुल हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर गठजोड़ बनाने की संभावनाओं को भी वह तलाशती रहती हैं। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति की दौड़ में वह खुद भी उन्हीं कृत्यों व प्रवृत्तियों को आत्मसात कर चुकी हैं जिनके लिए वह दूसरों पर उंगली उठाती रहती हैं। राज्य व राज्य के मुख्यमंत्री की भूमिका व सार्थकता तभी है जब वह पीएम के प्रति भी आदर का भाव रखें। यह एक तरह 'गिव एंड टेक' जैसा रिश्ता है जिसमे दोनों एक दूसरे के पूरक हैं न कि विरोधी। और ऐसा न होने पर तो ममता बनर्जी के लिए यही कहा जाएगा 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे।'

## आप की बात

### सदन की गरिमा

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के चलचित्र सामान्य जनमानस ने देखे। भूतकाल में सदनों में घटी घटनाओं का भी जनता ने खूब स्वाद लिया है, बॉलीवुड फिल्मों की तरह। पहले अतीत में भी कई विस्मयकारी रूप देखने को मिल चुके हैं। आज मर्यादाओं को भूलते हुए फिर नेता प्रतिपक्ष सदन की गरिमा को तोड़ते नज़र आए। जहां दूसरी बार नियुक्त उपमुख्यमंत्री का अपमान करते नेता प्रतिपक्ष को सबने देखा। अपने आप को फारेन रिटर्न बुद्धिजीवी कहलवाने वाले युवा नेता प्रतिपक्ष को सत्तासीन दल के उपमुख्यमंत्री के लिए क्या असंसदीय भाषा शोभा देती है। ये तो अच्छा है कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में बैठे लोग वर्षो के संघर्ष से परिपक्व हो गए हैं, वरना यदि अन्य विधायकगणों की और से ऐसी ही प्रतिक्रिया सामने से आ जाती तो पुन: आप लोग सदन की गरिमा को तार-तार करने में कोई कोताही न बरतते। जमीनी संघर्ष आपने देखा ही नहीं, पर जिसे आप शायद बड़प्पन समझ रहे हैं वो जनता की नज़र में कहीं बदतमीजी तो नहीं? माना आप मुँह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, पर सदन की गरिमा बनाये रखना आपका कर्तव्य है।

– **मनोज,** मेरठ

### ज्ञानवापी प्रकरण

**ज्ञानवापी** मस्जिद के मामले के साथ-साथ मथुरा की ईदगाह का मामला भी अदालत पहुंच चुका है। हालांकि पूजा स्थल अधिनियम यह कहता है कि 1947 में जिस धर्मस्थल का जो स्वरूप था, उसे बिल्कुल नहीं छेड़ा जाएगा। इसके बावजूद यह सिलसिला जारी है और हैरतअंगेज तौर पर निचली अदालतें इस कानून के रहते मस्जिदों पर हिन्दुत्ववादी तत्वों के दावों को सुनवाई के लिए स्वीकार कर रही हैं। जो बात कानून के मामूली जानकारों को मालूम है, वह न्यायधीशों को नहीं मालूम, ऐसा तो नहीं हो सकता। लेकिन ऐसी याचिकाओं को स्वीकार करने से जनता के एक बड़े हिस्से में न्यायपालिका की छवि खराब हो सकती है । सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के मामले की सुनवाई के दौरान संतुलन बनाए रखने की बात कही है। क्या यह उचित नहीं होगा कि उसकी ओर से यह स्पष्ट निर्देश दिया जाए कि ज्ञानवापी मस्जिद मामले में दोनों पक्षों को हिन्दू और मुस्लिम पक्ष न लिखा जाए तथा अयोध्या रामजन्मभूमि मामले की तरह ज्ञानवापी स्थल को विवादित स्थल बताया जाए। इस विवाद से वाराणसी में पर्यटन व होटल उद्योग प्रभावित हो रहा है।

– **डॉ हेमंत कुमार,** भागलपुर

### समान नागरिक संहिता

**हमारे** देश के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में यह भावना व्यक्त की थी कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाना चाहिए जिसमें सरकार से अपेक्षा की गई कि वह पंथ, जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे विभाजनकारी आधार की चिंता किए बिना सभी के लिए समान कानून बनाएगी। विडंबना है कि जब समान नागरिक संहिता की बात हुई तो प्रचार हुआ कि इससे अल्पसंख्यकों के मजहबी अधिकार छिन जाएंगे। जबकि यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी कानून किसी मजहब के विरुद्ध हो तो वह कानून सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाएगा। समान नागरिक संहिता लाने की घोषणा के साथ-साथ ही उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध में यही तर्क है कि यह संविधान-विरोधी है इसमें ज्यादातर विरोध मुस्लिम संगठनों का ही है जिससे लगता है कि इससे उन्हें बड़ा नुकसान होगा तब इस कानून को लाने से पहले इस पर हर धर्म में बहस करना बेहद जरूरी है ताकि उनकी भी इस विषय में आंखें खुल सके क्योंकि यह कानून तो सभी के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए लाभदायक भी है।

– **राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**हम** केवल सरकार चलाना जानते हैं। हम वोटबैंक की राजनीति नहीं करते हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**इस** मूर्खतापूर्ण युद्ध को आपके पुतिन ने शुरू किया है। यह युद्ध झूठ पर खड़ा है।

– **अलेक्सेई नवाल्नी**
क्रेमलिन के आलोचक





**राहुल** ने फिर ब्रिटिश एमपी जेरेमी कार्बिन से मुलाकात की। वे भारत से घृणा व उसे नापसंद करने वाले तथा कश्मीरी अलगाववाद के पैरोकार हैं।

– **किरन रिजिजू**
केन्द्रीय मंत्री

लंबू गैंग का आतंक खत्म

# यमुनापार में सक्रिय नये वाहन चोर गिरोह का खुलासा

- करछना पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मिलकर की कार्रवाई
- गिरोह के आठों सदस्य गिरफ्तार, एसएसपी ने टीम को दिया ईनाम



**पायनियर समाचार सेवा।** नैनी, प्रयागराज

**यमुनापार** इलाके में पिछले छह माह से सक्रिय रहे शातिर वाहन चोरों के गिरोह को करछना पुलिस ने धर दबोचा। शुक्रवार को वाहन चोरों का गिरोह आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। लंबू गैंग के नाम से चर्चित वाहन चोरों के गिरोह के कुल आठ सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने चोरी की दस मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया कि अन्तर्जनपदीय गिरोह के सदस्यों पर लूट एवं चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। एसओजी और करछना पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई में बदमाशों के पास से दो तमंचे और छह कारतूस भी बरामद हुए हैं।

करछना पुलिस ने शुक्रवार की भोर में एसओजी टीम के साथ गश ?त के दौरान बरइवा चौराहे के पास से संदिग ?ध हालत में खड़े चार लड़कों को दो मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा। पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह चारो युवक वाहन चोर हैं और उनके पास बरामद दोनों मोटरसाइकिल चोरी की हैं। तलाशी के दौरान इस गिरोह के सरगना राहुल दुबे पुत्र शारदा प्रसाद दुबे निवासी बेनीपुर बड़ी बारी कौंधियारा और सोनू उर्फ सर्वेश पांडेय पुत्र नरेंद्र कुमार पांडेय निवासी नचकोल का पूरा कुलमई करछना के पास से दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए। उनकी निशानदेही पर करछना पुलिस ने नचकोल का पूरा गांव में छापा मारकर संजय सोनकर उर्फ रवि पुत्र कल्लू सोनकर निवासी बरांव करछना निखिल उर्फ श्रवण शुक्ला पुत्र रामसखा शुक्ला निवासी बसावा का पूरा करछना अरुण पांडेय पुत्र स्वर्गीय श्याम बाबू पांडेय निवासी कुलमई करछना पंकज निषाद पुत्र गुल्लू निषाद निवासी बेनीपुर डीह कौंधियारा धर्मेंद्र उर्फ सूरज कोल पुत्र समय लाल निवासी बेनीपुर मोहराम कौंधियारा तथा एक नाबालिक लड़के को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की आठ अन्य मोटरसाइकिल भी इनके पास से बरामद की गई है।

## शौक पूरा करने के लिए बन गए वाहन चोर

**नैनी, प्रयागराज।** बाइक चोरों का यह गिरोह भीड़भाड़ वाले इलाकों शादी विवाह स्थलों आदि से वाहन चोरी करते थे। नई बाइकें ही इस गिरोह के निशाने पर रहती थीं। बाइकों को चोरी करने के बाद उसका नम्बर प्लेट बदलकर साथ ही रंग बदलकर 05 से 10 हजार में ग्रामीण इलाकों में बेंच देते थे। पूछताछ में पता चला कि यह सभी महंगे कपड़े जूते पहनने के साथ ही शराब और मुर्गा खाने के शौकीन हैं। अपने शौक को पूरा करने के लिए वाहन चोर बाइकों को चुराते थे। मोटरसाइकिल को बेचने के बाद जो रकम मिलती थी उसे वह आपस में बांट लेते थे। एसएसपी अजय कुमार पांडेय ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

> यह कोई रजिस्टर्ड गैंग नहीं है। छह माह के आसपास से यह सभी वाहन चोरी कर रहे थे। लंबू गैंग के नाम से मशहूर इस गैंग का सरगना तो राहुल दुबे है लेकिन गैंग का नाम सर्वेश उर्फ सोनू पांडेय की वजह से पड़ा है। वह करीब छह फीट लम्बा है।
>
> **राजेश यादव**
> **सीओ करछना**

# आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो निस्तारणः कमिश्नर

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मण्डलीय समीक्षा बैठक
- युवाओं को प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना का लाभ उठाये जाने के लिए करें प्रेरित, योजना के बारे में दें जानकारी

**मण्डलायुक्त** संजय गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांधी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में गौशालाओं में भूसा की उपलब्धता आईजीआरएस ग्राम पंचायतों में सचिवालयों के निर्माण कनेक्टीविटी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सौ दिन की कार्ययोजना प्रगति निर्माणाधीन कान्हा उपवन कान्हा गौशाला वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की प्रगति मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना विद्युत बिलों में त्रुटि की शिकायतों नगर निगम के नए क्षेत्र निर्माणाधीन ओवरब्रिज व फ्लाइओवर सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस जनसुनवाई की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का निर्धारित समय के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारियों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें आईजीआरएस पोर्टल में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की पूरी जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में आने वाली शिकायतों के निस्तारण में मण्डल की रैंक में सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने जनपद प्रतापगढ़ में ऋण के लिए किए गए आनलाइन आवेदन के निस्तारण की प्रगति संतोषजनक नहीं पायें जाने पर सुधार लाये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना से लोगो को लाभान्वित किया जाये। जिससे लोग स्वयं का अपना रोजगार स्थापित कर सके। उन्होंने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाये जाने के लिए युवाओं को योजना के बारे में जानकारी प्रदान कर उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने पीओ डूडा को भारत सरकार से प्राप्त परिचय बोर्ड को पथ विक्रेताओं को शत प्रतिशत वितरित कराये जाने के लिए कहा है।उन्होंने गौशालाओं में पानी टीन शेड साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और क्या प्रयास किये जा सकते है। इसके लिए सभी अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने गलत विद्युत बिलों की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों तथा ट्रालियों पर रखे हुए ट्रांसफार्मरों से आवागमन में होने वाली कठिनाईयों व दुर्घटनाओं से सम्बंधित शिकायतों पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि गलत बिल से सम्बंधित शिकायतों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा ट्रालियों पर लगे ट्रासंफार्मरों को हटायें जाने को कहा है। अगर किसी कारणवश हटाया जाना सम्भव नहीं होता तो उससे हमें अवगत करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री जिलाधिकारी फतेहपुर अर्पूवा दुबे जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज शिपू गिरि मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ एवं कौशाम्बी उपस्थित रहे।

## राजस्व कर्मी को गांव के लोगों ने पीटा

**जाना बाजार, अयोध्या।** ऑनलाइन शिकायत का निस्तारण करने पहुंचे राजस्व कर्मी की गांव के दबंगों ने जमकर पिटाई कर दी और सरकारी अभिलेख के कागजों को भी फाड़ डाला। जिसकी राजस्व कर्मी ने सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर थाने पर दिया। राजस्व कर्मी की शिकायत पर हैदरगंज थाने की पुलिस ने सभी आरोपियों के यहां छापेमारी कर कार्यवाही में जुटी। घटना थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरोराघवपुर में उस समय घटी जब हल्का लेखपाल अखिलेश वर्मा सेमरी बल्लीपुर गांव में महेंद्र पांडे के द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत की समस्या का निस्तारण करने गया था। राजस्व कर्मी अखिलेश वर्मा ने बताया कि जब हम गांव में समस्या का निस्तारण करने पहुंचे तो ऑनलाइन शिकायत करता महेंद्र पांडे अपने साथियों के साथ वहां पहुंचते ही हमारी मां . बहन को भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। और जब मैं इसका विरोध किया तो वह अपने सभी साथियों के साथ हमको मारने पीटने लगा। इतना ही नहीं सभी दबंगों ने सरकारी अभिलेखों को भी फाड़ डाला। ग्रामीणों के बीच बचाव करने के उपरांत हमने किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से अपने घर को जाने लगे तो उपरोक्त दबंग लोगों द्वारा यह कहा गया इसकी शिकायत अगर तुमने पुलिस से किया तो तुम्हें दोबारा जान से मार दूंगा। जिसके बाद हमने इसकी शिकायत हैदरगंज थाने की पुलिस से किया।

राजस्व कर्मी की दबंगों द्वारा पिटाई किए जाने की बात सुनकर हैदरगंज थाने की पुलिस सकते में आ गई। और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी करन में जुट गई। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राजस्व कर्मी की तहरीर मिली है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है सभी आरोपियों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएंगे।

## युवती को बहला फुसला कर गांव की महिला ने अपने भतीजे के साथ भगाया

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** युवती को बहला फुसला कर गाव की एक महिला ने अपने भतीजे के साथ कही भगा दिया जिसकी जानकारी होने पर युवती की माँ ने पुलिस को तहरीरदिया है जिसके आधार पर पुलिस ने चार नाम जद तथाकुछ अन्य अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज करजाँच कर रही है। कोतवाली टाण्डा क्षेत्र अन्तर्गत आलम पुर धनौरा गाव की रहने वाली एक 15वर्षीय को उसी गाव की एक महिला ने दिनाकं 26 अप्रैल को दिन मे 10बजे बहला फुसला कर युवती कही भगा दिया है इसकी जानकारी युवती की माँ को तब हुई जब वह मजदूरी कर के वापस घर आई ।युवती की माँ ने उक्त घटना की.तहरीर पुलिस को देकर बताया कि दो सोने का लाकेट ,नाक की कील ,दो जोडी पायल ,कान का बुन्दासोने का तथा बीस हजार रूपया भी गायब है ।युवती की माँजब युवक के घर पूछने गयी तो युवक के पिता ,तथा परिवार के अन्य लोगो ने भद्दी भद्दी गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा विजेन्द्र शर्मा ने बताया कि युवती की माँ की तहरीर पर युवक समेत चार नामजद तथाविपक्षी के घर के अन्य लोगो के विरूद्व धारा 363 ,366 504,506आई,पी,सी मोकदमा दर्ज कर जाँच किया जा रहा है ।

## पंडित नेहरू ने लिया था लोकतांत्रिक समाजवादी गणराज्य बनाने का संकल्पः पूर्व न्यायमूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी गंगापार यमुनापार महानगर प्रयागराज एवम कांग्रेस कमेटी के अनुषांगिक संगठनों की ओर से देश की आजादी के आंदोलन के महानायक और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री तथा आधुनिक भारत के निर्माता स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरु की 58 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान अलोपीबाग में निजीकरण बनाम मिश्रित अर्थव्यवस्था पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सभाजीत यादव ने कहा कि भारत में समाजवादी लोकतंत्र की स्थापना के लिए पंडित नेहरू ने भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था का सिद्धांत लागू किया। जो कि पूंजीवाद एवं समाजवादी अर्थव्यवस्था के बीच का रास्ता है। कहा कि पूंजीवादी अर्थव्यवस्था देश में अर्थव्यवस्था के विकास के साथ पूंजीवाद चरम पर पहुंच जाता है और देश की समग्र पूंजी मात्र औधोगिक घरानों के हाथों पर सिमट जाती है। जिस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता। पूर्व न्यायमूर्ति सभाजीत यादव ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन का इतिहास भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू वर्ष 1917 की रूस की साम्यवादी क्रांति एवं रूस में समाजवादी व्यवस्था की स्थापना से रूस से बहुत ही प्रभावित थे। इसलिए आजाद भारत को उन्होंने एक लोकतांत्रिक समाजवादी गणराज्य बनाने का संकल्प लिया था। जो बाद में भारत की संविधान सभा में उस संकल्प को दोहराया गया कि समाजवादी गणराज्य की स्थापना के लिए संविधान के भाग 4 में नीति निर्देशक तत्वों के माध्यम से ऐसा प्रावधान किया। जिसमें समाज के भौतिक साधनों के स्वामित्व का वितरण और नियंत्रण किस प्रकार किया जाएगा कि सर्वोत्तम रूप से सभी का भला हो। पूर्णिया मूर्ति ने पूर्व न्यायमूर्ति ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बताते हुए कहा कि उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को ब्रिटिश भारत में जनपद इलाहाबाद में हुआ था। उनके पिता पंडित मोतीलाल नेहरु एक धनी बैरिस्टर एवं कश्मीरी पंडित थे। पंडित जवाहर लाल नेहरु की माता स्वरूपरानी लाहौर में बसे एक कश्मीरी ब्राह्मण परिवार से थीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में उपस्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम किशोर शास्त्री ने कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1920.22 में असहयोग आंदोलन में सक्रिय हिस्सा लिया और इस दौरान पहली बार गिरफ्तार हुए लेकिन कुछ महीनों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। जवाहर लाल नेहरू सन 1920 में इलाहाबाद नगर निगम के अध्यक्ष चुने गए। दो साल बाद उस पद से त्यागपत्र दे दिया। 1926 से 1928 तक पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के रूप में भी सेवा की। इस मौके पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम यादव अधिवक्ता सुधीर दिक्षित माधवी राय सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष बजरंगी सिंह पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह सुभाष पांडेय बृजमोहन लाल विंग कमांडर इंद्र बहादुर यादव किशोर वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## हमारा सौभाग्य कि हम राम मंदिर निर्माण के साक्षी हैंः मनीष



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या देश को ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को मर्यादा की शिक्षा प्रदान करती है और एक दूसरे का कैसे सम्मान करना चाहिए यह हमें बताती है 500 वर्षों तक हमारे पूर्वजों ने जो संघर्ष किया उसका प्रतिफल वर्तमान पीढ़ी को प्राप्त हो रहा है इसलिए हम बहुत सौभाग्यशाली हैं और हमारे पूर्वजों का आशीर्वाद है कि हम ऐसे समय में अपना जीवन जी रहे हैं जब हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्म स्थली पर उनका भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है यह उदगार मथुराए वृंदावन से आए सुप्रसिद्ध श्री राम कथा वाचक पंडित मनीष कृष्ण शास्त्री जी ने हनुमानगढ़ी और श्री राम जन्मभूमि पर राम लला के दर्शन पूजन के बाद कहीं। उन्होंने बताया कि अयोध्या आकर मैं धन्य हो गया प्रभु श्री राम लला के साथ हनुमान जी के दरबार में हाजिरी लगाई और देश के साथ.साथ विदेश में धर्म प्रचार प्रारंभ करने का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि राम के नाम का प्रचार करना जीवन का अहम लक्ष्य बताते हुए कहा कि अब भारत देश में हिंदुत्व आगे बढ़ेगा और हिंदू समाज निडर होकर भगवान राम की आराधना कर सकेगा। हिंदुओं का परम सौभाग्य है कि अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर बन रहा है। अयोध्या पहुंचकर मनीष कृष्ण शास्त्री ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज जी का भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके साथ मथुरा से रूप किशोर यादव डिब्बे वाले एवं चौधरी देवेंद्र सिंह जी भाजपा के वरिष्ठ नेता ने भी जी महाराज और राम लाला का दर्शन पूजन की और कहा कि अयोध्या आध्यात्मिक धार्मिक के साथ.साथ विश्व पर्यटन नगरी जी है जहां आज भारत ही नहीं बल्कि विदेश से भी लोग दर्शन के लिए आना चाहते हैं।

## कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में विद्यापरिषद की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को अपराह्न कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में विद्या परिषद की बैठक हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश शासन के 09 फरवरी व 20 अप्रैल के पत्र के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के प्राविधानों को सत्र 2022.23 से परास्नातक एवं शोध पाठ्यक्रमों पर लागू किए जाने पर विचार किया गया। बैठक में शिक्षा शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, प्राचीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, संस्कृत, जैव रसायन विज्ञान, जैव तकनीकी, मध्यकालीन इतिहास, इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व, जन्तु विज्ञान, समाजशास्त्र व सरदार पटेल सेन्टर के अन्तर्गत संचालित विषयों के अध्ययन बोर्ड में लिए गए अनुमोदन पर विचार किया गया। बैठक में प्रौढ़ सतत एवं प्रसार शिक्षा, एमबीए, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, गणित एवं सांख्यिकी, भूगोल, हिन्दी भाषा एवं साहित्य आवासीय, योग विज्ञान, संगीत, अर्थशास्त्र अंग्रेजी, उर्दू, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, दर्शनशास्त्र, वाणिज्य, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स, जियोलॉजी, जियो.फिजीक्स, जियोग्राफी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, गृह विज्ञान (कला), पर्यावरण विज्ञान विषय के अध्ययन बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुमोदन पर विचार किया गया। बैठक में आवासीय परिसर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित सिंधी भाषा पाठ्यक्रम को संत कॅवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केन्द्र अन्तर्गत संचालित किए जाने पर विचार किया गया। बैठक की शुरूआत में कुलसचिव उमानाथ ने पूर्व में सम्पन्न विद्यापरिषद की बैठक का कार्यवृत्त पटल पर रखा।

## मुलायम सिंह यादव को इकोनॉमिक्स में डॉक्टरेट की मिली उपाधि, लोगों ने दी बधाई



**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** विकास खण्ड बसखारी के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एव पूर्व सदस्य ज़िला पंचयात स्वरू झिन्नू यादव के पुत्र मुलायम सिंह यादव को अर्थशास्त्र विषय में डॉक्टर ऑफ़ फिलॉसफी में योग्य घोषित किया है। मुलायम सिंह यादव ने डॉक्टर अंजली सिंह (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर) के मार्गदर्शन में अपनी पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है जिसका शीर्षक जॉब सैटिस्फ़ैक्शन ऑफ़ प्राइमरी स्कूल टीचर्स (आ स्टडी ऑफ़ अम्बेडकरनगर डिस्ट्रिक्ट) पर काम किया हैं। उनकी वाइवा–वॉयस बीते11मई को आयोजित की गई थी। शोध छात्र मुलायम सिंह ने गत 22 फ़रवरी 2022 को अपनी थीसिस डॉक्टर अंजली सिंह को सौंप दी थी।

मुलायम सिंह यादव ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से बी.कॉम और एम. कॉम अप्लाइड एकनामिक्स की पढ़ाई पूरी की और वो लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक के गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे हैं और अब तक मेरे 05 से ज़्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं, वहीं12 से ज़्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्रों की प्रस्तुति की है छात्र मुलायम सिंह यादव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय टॉप करने पर सम्मानित भी कर चुके हैं। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा सम्मानित होने के दौरान मुलायम सिंह यादव नाम से खुब चर्चा में रहे। अपनी शिक्षा के साथ–साथ मुलायम राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहते हैं बसखारी के किड्स गार्डेन और लायंस पब्लिक स्कूल से अपनी प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद मुलायम सिंह लखनऊ चले गए, जिसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर लिया कार्यों का जायजा



**अम्बेडकरनगर।** जनपद से 45 लोगो की टीम जिसमे 16 सचिव ग्राम पंचायत, 4 ग्राम प्रधान, 5 राज मिस्त्री, 9 खंड प्रेरक, 9 सहायक विकास अधिकारी पंचायत, जिला कंसल्टेंट वीरेंद्र कुमार वर्मा, व जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद बुलंदशहर के ग्राम पंचायत शहजादपुर कनैनी में राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर पर एक्सपोजर विजिट किया गया जहां पर सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पर हुए कार्यों को देखा गया व इंडियन डेवलपमेंट सेंटर द्वारा यह भी बताया गया कि किस तरह से अपने जनपद में इस कार्य को कर सकते हैं। टीम 25 मई की सुबह 6 बजे यहां से गई 26 को विजिट किया व आज 27मई को जनपद में वापस आए।

## डीएम ने दिए पुस्तकालय में किताबों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा क्रिटिकल गैप्स योजना अंतर्गत वर्ष 2021–2022 में स्वीकृति कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय केशवपुर तथा प्राथमिक विद्यालय पासिया पारा में मिड डे मील शेड एवं पुस्तकालय निर्माण कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय कक्ष तथा मिड–डे मील शेड का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पुस्तकालय में किताब की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ–साथ यह भी निर्देश दिया गया कि कक्ष के बाहर पुस्तकालय लिखा हुआ बोर्ड हो और यह कक्ष पुस्तकालय जैसा दिखे। इस दौरान मौके पर अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिहं तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि विश्वविद्यालय के 32 छात्र उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में चयनित

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कृषिए उद्यान एकृषि अभियांत्रिकी संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले अभी तक प्राप्त सूचना के आधार पर 32 से अधिक छात्रों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि सेवा के अंतर्गतए उच्च शिक्षाए (पीसीएस) एवं सचिवालय आदि में वरिष्ठ तकनीकी सहायक, सहायक अध्यापक, समीक्षा अधिकारी आदि पदों पर चयनित किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने समस्त चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को रोजगार परक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा दिए जाने का ही परिणाम है कि विश्वविद्यालय के छात्र प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में निरंतर सफल हो रहे हैं । डॉ सिंह ने यह भी कहा कि भविष्य में भी छात्रों को रोजगार का अवसर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाता रहेगा जिससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने प्रांतीय कृषि सेवा के अंतर्गत् जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र एवं वरिष्ठ तकनीकी सहायक के 564 पदों के लिए दिसंबर 2020 में आवेदन मांगा थाए जिस हेतु उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने इन पदों के लिए पहली बार अलग से कृषि सेवा के अंतर्गत विज्ञापन जारी किया था। इसके पहले इन पदों की भर्ती सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) के माध्यम से की जाती थी। वरिष्ठ तकनीकी सहायक का चयन दो चरणों में प्रारंभिक एवं लिखित परीक्षा द्वारा किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कृष्ण कुमार, राम निवास, शुभम सिंह ए शिवानंद मौर्य, पवन कुमार सिंह, अभिमन्यु यादव, आनंद सिंह, सौरभ तिवारी, प्रभात रंजन पांडे, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, आशुतोष कुमार, दीपक सिंह, विवेक सिंह, सुधाकर, लकी तिवारी, मनीष कुमार मौर्या, राजेश सैनी, सुधीर कुमार, अनिल कुमार, तारकेश्वर, राकेश कुमार, विपिन कुमार मौर्या, अमित पांडे, निशाकांत मौर्या, कु. शैलू यादव, श्वेता श्रीवास्तव, संदीप यादव, राहुल शुक्ला तथा सहायक प्राध्यापक. अंकुर महेंद्रा आर्य एवं समीक्षा अधिकारी. सुधाकर भारती चयनित हुए।

## रजत महाविद्यालय चार वर्षीय आईटीआई का बीएड व एमएड की मान्यता के लिए अर्ह

**अम्बेडकरनगर।** रजत महिला महाविद्यालय गोहिला को एनएएसी पियर टीम एवं भारत सरकार के यूजीसी गाइडलाइन पर ए ग्रेड समतुल्य सीजीपीए बी ग्रेड अवार्ड प्राप्त हुआ है अवार्ड मिलने से अब यह विद्यालय 4 वर्षीय आईटीआई का बीएड व एमएड कोर्स की मान्यता लेने के लिए मान्य हो गया है।डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में यह प्रथम महाविद्यालय है जिसे भारत सरकार के ग्रेडिंग संस्था या ने एसपी से यह सम्मान प्राप्त हुआ है यह प्रमाण पत्र 23 मई 2027 तक अनुमन्य रहेगा भारत सरकार की स्वायत्सारसा संस्था यूजीसी नई दिल्ली द्वारा स्थापित कुछ स्थानीय मानकों पर विश्व प्रसिद्ध संस्था यस यस से नवीन विद्या में ग्रेड पाने वाला पहला महाविद्यालय बन गया है इस संबंध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय संस्थापक डॉक्टर आर जे सिंह ने बताया है कि छात्र छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति व स्वायत्तशासी बनने के लिए मान्य हो गया है उन्होंने यह भी बताया कि आई टी इ पी से मान्यता लेने जा रहा जिले का यह एकमात्र महाविद्यालय है।

## आईटीआई में वृहद रोजगार एवं अप्रेंटिस मेला 30 को

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी आईटीआई में वृहद रोजगार एवं अपरेंटिस मेला 30 मई सोमवार को आयोजित होगा। जिसमें इलेक्ट्रानिक सोलर एवं व्हीकल समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी 26 कंपनियां शामिल हो रही हैं। जो युवाओं को स्थाई जॉब देगी। साथ ही अपरेंटिस के लिए भी कई कंपनियां आ रही हैं। सभी इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई को सुबह नौ बजे से राजकीय औद्योगिक संस्थान में मूल प्रमाण पत्र एवं फोटो कॉपी आधार कार्ड बायोडाटा बैंक पासबुक और चार फोटो के साथ मेले में शामिल हों। यह जानकारी आईटीआई के मीडिया प्रभारी अमृतलाल साहू ने दी है।

कमलापुर में हुई घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिले पूर्व एमएलसी...

# पीड़ित परिवार को मिले न्याय व 20 लाख मुआवजा: आनंद भदौरिया

**● समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, एसएचओ द्वारा रमेश यादव को धमकाने से हुई मौत का मामला**

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर के** कमलापुर थाना परिसर में गश खाकर गिरे रमेश यादव की मौत के मामले की गूंज प्रदेश की राजधानी तक पहुंच गई है। यूपी के मुख्य विपक्षी दल सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने मामले का संज्ञान लिया है। अखिलेश यादव के निर्देश पर सीतापुर के पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जैतनपुर पहुंचा और मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढ़ाढस बंधाया। वरिष्ठ सपा नेता और पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व एमएलसी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए जो भी दोषी हो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान पीड़ित परिवार ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को संबोधित मांगपत्र पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया को सौंपा। पूर्व एमएलसी ने बताया कि मांगपत्र को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाया जाएगा। सपा के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया के अलावा लाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह यादव, हेमेन्द्र यादव आदि शामिल थे। आप को बता दें, कि विगत बुधवार को मारपीट के मामले में शिकायत लेकर थाने पहुंचे रमेश यादव को अचानक चक्कर आ गया और वो थाने में ही गिर पड़े। सीएचसी ले जाने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अनूप व अंकित ने कमलापुर एसएचओ पुष्पराज कुशवाहा पर रमेश यादव को धमकाने व सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि एसएचओ की धमकी से दहशत में रमेश को हार्ट अटैक पड़ गया और मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को जमकर हंगामा करते हुए हाईवे जाम करने का प्रयास भी किया था। हांलाकि एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह के समझाने व कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीणों का आक्रोश शांत हो गया था। पुलिस ने मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी अशोक को गिरफ्तार भी कर लिया। जबकि कमलापुर थाना प्रभारी पर लगे आरोपों की जांच सीओ सिधौली को सौंपी गई है। इसी मामले में शुक्रवार को सपा मुखिया के निर्देश पर पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है।

एसडीएम व ईओ की मौजूदगी में...

# मिश्रिख में चला बुल्डोजर हटाया गया अतिक्रमण

**● कस्बे में मचा हड़कंप, दी चेतावनी, नालियों वा सड़क पर से हटेगा अवैध अतिक्रमण**

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**कस्बा मिश्रिख** में उस समय हड़कंप मच गया जब एसडीएम वा ईओ की उपस्थिति में कोतवाल सहित भारी पुलिस बल तहसील चौराहे से नहर चौराहा परसौली चौराहा सिधौली रोड पर बाबा का बुल्डोजर गरजने लगा , बंद नालों को खुलवाया गया टीन सेड हटाए गए अवैध टैंपो खड़े करने वालो को खास हिदायत दी गई किसी भी दुकान के सामने खड़े नहीं होंगे सड़क के किनारे टैक्सी वाहन खड़े पाए जाने या सवारी भरे जाने पर चालान किया जाएगा सड़क के किनारे लगी मौरंग , बालू ,गिट्टी सड़क के किनारे लगी ना मिले ,नालियों पर जिन लोगों ने छज्जे निकाल रखे है या नालियां बंद कर रखी है वह अतिक्रमण तत्काल हटा ले बीती शाम गुरुवार को बुल्डोजर को आता देख बहुत से दुकानदारों ने पहले ही टीन सेड हटाना चालू कर दिया पूरे कस्बे को भ्रमण कर एस डीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव वा ईओ रुद्र प्रताप सिंह ने भी हिदायत दी पालीथीन या गंदगी सड़क पर न फेंके, डस्टबिन में रखे नालियों में कूड़ा न फेंके, अभी चेतावनी दी जा रही है अपना अतिक्रमण आप स्वयं हटा ले। चिन्हांकन करने के बाद जेसीबी द्वारा अतिक्रमण हटवाया जाएगा जिसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा नगर क्षेत्र को स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है नगर में दुकान की हद में ही अपना सम्मान रखे नालियों को खुला होना चाहिए जिससे सफाई हो सके। उपजिलाधिकारी मिश्रिख गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया व्यापारियों को अवगत कराया जा चुका है नाले चोक है या बन्द है उन्हे खोलना अति आवश्यक है नालों के बंद होने के कारण ही जल भराव होता है, नालियों पर अतिक्रमण है जिस कारण सफाई नहीं हो पा रही है बड़े शो रूम अपनी पार्किंग सुनिश्चित कर लें।

## क्विक न्यूज

### केवल हिन्दू संस्कृति में ही सहिष्णुता है: गजेन्द्र

**सीतापुर।** सीतापुर के नैपालापुर मे दुर्गा वाहिनी अवध प्रान्त के सप्त दिवसीय वर्ग मे वरिष्ठ प्रचारक विश्व हिंदू परिषद् पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 25 जिलो से आयी हुई बहनो को हिंदू संस्कृति की विशेषताएं बताई, उन्होंने दुर्गा वाहिनी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति चिरंजीवी है ये कभी मिटती नही, दुनिया की बाकी संस्कृति नष्ट हो गई लेकिन हम आदि अनंत संस्कृति के लोग हे. हमारा तत्व ज्ञान हमे ब्रम्ह का बोध कराता है! केवल हिन्दू संस्कृति में ही सहिष्णुता है हमारी पूजा उपासना पद्धति तो भिन्न भिन्न है लेकिन फिर भी हम सभी एक सूत्र में बंधे हुए है,हम सभी विचारों का आदर करते है! हमने कभी भी बलपूर्वक धार्मिक आघात नहीं किया! अपनी संस्कृति सर्व समावेशक तथा संग्राहक है, हमने सबको आश्रय प्रदान किया! विविधता में भी एकता हमारी संस्कृति की विशेषता है! हमारी संस्कृति मे जीवन का समग्र विचार है, चार पुरूषार्थ, चार आश्रम, ज्ञान, योग, कर्म विद्यमान है! हम त्याग, चरित्र को महत्व देते है,! महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव केवल हिन्दू धर्म में ही है हम नारी को दैवी शक्ति का महत्व देते है! हम प्रकृति का शोषण, दोहन नही करते अपितु उसके प्रति भी कृतगता का भाव रखते है! माता पिता नदी पर्वत वृक्ष गोमाता देश धर्म समाज के प्रति कृतगता रखते है! वसुधैव कुटुबंकं की भावना हिन्दू संस्कृति मे है! हम सबका मंगल सबका भला हो सभी सुखी हो, सभी निरोगी हो किसी को भी यानि जीव मात्र को भी किंचित कष्ट न प्राप्त हो, ऐसी सोच केवल हमारी संस्कृति में है! इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की क्षेत्र संयोजिका संगीता ताई, विहिप प्रांत उपाध्यक्ष सरिता त्रिपाठी, दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका मुद्रा सिंह, सह संयोजिका साक्षी सिंह, बौद्धिक प्रमुख प्रतीक्षा मिश्रा, वर्ग पालक संतोष मिश्रा, प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख विमल मिश्र, प्रांत सह संयोजक उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष त्रिपुरेश, संगठन मंत्री कमलेश विभाग अध्यक्ष विपुल सिंह, प्रमोद सिंह समेत सैकड़ो दुर्गा वाहिनी मौजूद रही।

### डीएम ने क्षय रोगियों को वितरित किया पोषण आहार



**बरेली।** राज्यपाल की प्रेरणा से जनपद में चलाए जा रहे पोषण वितरण अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी द्वारा गोद लिये गये क्षय रोगियों को आज पोषण आहार वितरित किया गया जिलाधिकारी ने सभी क्षय रोगियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं उन सभी क्षय रोगियों को उपचार पूर्ण करने को कहा एवं उनको कहा कि आपको किसी प्रकार की दिक्कत होने पर आप सीधे मुझसे सम्पर्क कर सकते हैं जब तक आपका उपचार चलेगा तब तक आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिये हमारे द्वारा पोषण दिया जायेगा इससे कि आप जल्द स्वस्थ हो साथ की सरकार द्वारा उपचार पूर्ण होने पर रुपए 500 प्रति माह सीधे खाते में भेजे जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार क्षय रोग को वर्ष 2025 तक खत्म करने के लिये संकल्पित है माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस बात का जिक्र अपने मन की बात कार्यक्रम में भी कर चुके हैं इसलिए हम सब का दायित्व है कि हम सब जन सहभागिता के रुप में इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दें एवं जिलाधिकारी ने आव्हान किया कि क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण आहार वितरण करने के इस कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठन एवं औद्योगिक क्षेत्र के लोग जुड़े हुए हैं और सामाजिक संगठन जुड़ जिससे कि इस रोग को खत्म करने में आसानी होगी इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा के.के. मिश्रा, जिला समन्वयक निखिल बंसल एवं जिला पी.पी.एम समन्वयक विजय कुमार उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा व यातायात को व्यवस्थित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है: जिलाधिकारी

**बरेली।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने कहा कि सड़क सुरक्षा व बाजार की व्यवस्था दोनों ही एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगर के आवागमन तथा बाजारों में सुगमता पूर्वक यातायात को व्यवस्थित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने नगर के व्यापारियों एवं दुकानदारों से कहा कि यह बाजार आपका है इसे कैसे व्यवस्थित किया जाए ये आपसे बेहतर कौन जनता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों व प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए है जिस पर ज्यादा से ज्यादा अमल किया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि दुकान का सामान अपनी दुकान के बाहर चबुतरे पर न रखें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान में किसी को उजाड़ना या नुक्सान पहुंचाना नहीं है बल्कि यातायात का सुधार हो इसका प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि रेहढी पटरी पर बैठने वालों की ऐसी व्यवस्था की जा रही है, जिससे उनका भी काम चलता रहे। उन्होंने कहा कि बसों को खड़ी करने के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है।जिलाधिकारी आज संजय कम्यूनिटी हाल में सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। संवाद कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र, बरेली श्री रमित शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवाण, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री राम मोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक शहर सहित व्यापारी व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### छापा मारकर पकड़ी नशीली दवाएं

**बरेली।** मंडलीय सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली संजय कुमार की अगुआई में जिला औषधि निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ,बबीता रानी ,बृजेन्द्र साहू आदि टीम ने कस्बा शीशगढ़ स्थित गांधी मेडिकल स्टोर पर छापामारी की। इस दौरान फर्म में अवैध रूप से भंडारित नारकोटिक औषधी प्रॉक्सीवेल कैप्सूल 17280 ,बजन 8640 ग्राम बरामद की गईं । जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 175000 रुपये है । एक नमूना जांच एवम विश्लेषण हेतु संग्रहित किया गया।सहायक आयुक्त (औषधि) ने बताया कि फर्म मालिक अब्दुल हसीब निवासी मोहल्ला शरीफनगर शीशगढ़ को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंपकर थाना शीशगढ़ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21व 22 में अभियोग पंजीकृत कराया गया । प्रकरण में परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात विवेचना पूर्ण होने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा ।प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ अजयपाल सिंह ने बताया कि पंजीकृत अभियोग में आरोपित मेडिकल स्टोर संचालक अब्दुल हसीब को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अतिक्रमण हटाया जाए लेकिन व्यापारियों को न हो नुकसान

**● अतिक्रमण हटाने को लेकर पायनियर से बोले व्यापारी**

संवाददाता। सीतापुर

**प्रदेश की** योगी 2.0 सरकार बनते ही अतिक्रमणकारियों पर बुल्डोजर चलाने का सिलसिला जारी है, इसी क्रम में सीतापुर नगर में भी अतिक्रमणकारियों पर प्रशासनिक हंटर इन दिनों चलता रहता है। शहर के व्यापारियों को इस अतिक्रमण हटाओं अभियान में कोई दिक्कत न हो इसके लिए व्यापारियों ने प्रशासनिक अमले से अपील करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाते समय छोटे व्यापारियों को कोई दिक्कत न हों न ही कोई उनका नुकसान ताकि शहर सुन्दर और स्वच्छ दिखने लगे और व्यापारियों का कार्य भी ठीक रहेगा। शहर में दिन पर दिन बढ़ती जा रही जाम की समस्या से भी लोग जहां परेशान होते रहते है उन्हें अब इससे निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

# आवश्यक प्लानिंग कर सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करें अधिकारी: जिलाधिकारी

**● 30 को दिव्यांगों को उपकरण बंटने को लेकर हुई बैठक**

संवाददाता। सीतापुर



**सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग भारत सरकार की एडिप योजना (विशेष) के अन्तर्गत जनपद के दिव्यांगजनों के लिये कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण हेतु भारतीय कृत्रिम अंग उपकरण निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर द्वारा दिसम्बर 2021 में जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित चिन्हांकन शिविर के दौरान चिन्हित दिव्यांगजनों को दिनांक 30 मई 2022 को आयोजित उपकरण वितरण शिविर के दौरान कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों का वितरण कराया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11.00 बजे से राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के क्रीड़ा मैदान में किया जायेगा, जिसमें 893 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरित किया जाना प्रस्तावित है। शविर के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की एक-एक करके समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को लाने, उपकरण वितरण कराने एवं उन्हें वापस पहुंचानें हेतु आवश्यक प्लानिंग कर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करा ली जाये। ए.आर.टी.ओ. को निर्देश दिये कि पर्याप्त बसों की व्यवस्था कराते हुये उन्हें कलेक्शन प्वाइंट पर समय से उपलब्ध करा दिया जाये। साथ ही दिव्यांगजनों के सहायतार्थ पर्याप्त कर्मचारी तैनात किये जायें। आयोजन स्थल पर भी एंबुलेंस, पानी, चिकित्सा टीम, मोबाइल टॉयलेट, पार्किंग आदि का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों से वार्ता करके उन्हें कार्यक्रम के विषय में पूर्ण जानकारी दे दी जाये तथा उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाये जाने हेतु किये गये प्रबंध के विषय में भी उन्हें अवगत करा दिया जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुये सभी पात्रों को लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोनिका लाल, एम.आर.टी.ओ. प्रवर्तन डा. उदित नारायण पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार सहित संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खलिहान भूमि पर प्रशासन ने छुड़वाया कब्जा, चला बुलडोजर

**● लेखपालों से दबंगई करने व शांति भंग में एसडीएम ने दो को भेजा जेल**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**उपजिलाधिकारी** (सदर) राजेश कुमार ने बताया कि तहसील लखीमपुर में तैनात लेखपाल जयंती मिश्रा व पुष्पलता मिश्रा ने उन्हें शिकायत कर अवगत कराया कि ग्राम खईया निवासी सुभाष वर्मा व प्रमोद वर्मा ने खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा करके टीन की बड़ी दुकान रख ली और वह अब वह खलिहान की भूमि पर ही मकान का निर्माण करने के लिए नींव भरवा रहे है, जब उन्हें रोका तो उनके द्वारा निर्माण नही रोका गया और कहा की निर्माण नहीं रोकूंगा चाहे जो हो। एसडीएम राजेश कुमार ने लेखपाल द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लेकर नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह व राजस्व निरीक्षक योगेश बाजपेई व लेखपालों की टीम गठित की। गठित टीम की रिपोर्ट पर एसडीएम ने थानाध्यक्ष फूलबेहड़ को दोनों व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भारी पुलिस बल के साथ ग्राम खइया जाकर दबंगों के द्वारा निर्मित दुकान व अवैध रूप से खलिहान की भूमि पर बनाई गई नींव को बुलडोजर से गिरवाया और पुलिस बल द्वारा मौके पर ही उक्त दोनों दबंगों को गिरफ्तार करके एसडीएम सदर के न्यायालय में पेश किया जहां पर एसडीएम सदर ने दोनों दबंगों को महिला लेखपालों से दबंगई करने व शांति भंग करने में जेल भेज दिया।

# उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर हुआ मंथन

**● डीएम ने ली जिला उद्योग बंधु की बैठक**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुईए जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। बैठक में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

एएसपी अरुण कुमार सिंह ने उद्यमियों की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी भी उद्यमी को सुरक्षा दृष्टिकोण से कोई भी सूचना या सहायता की आवश्यकता महसूस हो वह निसंकोच उनके मोबाइल पर बात कर उपलब्ध करा कर निदान पा सकता है। बैठक में सहायक आयुक्त (राज्य कर) ललित उपाध्याय ने जीएसटी व भट्ठो से संबंधित रिटर्न फाइलिंग एवं ई-इनवॉइससिंग की जानकारी दी।

इस दौरान सीडीओ अनिल सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, एक्सईएन विद्युत प्रदीप कुमार वर्मा, सहायक आयुक्त राज्य कर ललित कुमार उपाध्याय, अरुण यादव, जिला समन्वयक कौशल विकास डा. ओपी गुप्ता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी योगेंद्र पाल भारद्वाज, प्रधानाचार्य आईटीआई यज्ञ देव सिंह वश्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह सहित काफी संख्या में उद्यमी व उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उप्र कौशल विकास मिशन अन्तर्गत विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार, जनसामान्य को कौशल प्रशिक्षण से जागरूक करने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट से कौशल विकास जागरूकता एलईडी रथ व नुक्कड़ नाटक टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इससे जुड़कर युवा अपना कौशल विकास करते हुए हुनरमंद बने। कामयाबी उनके कदम चूमेगी। सरकार युवाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

इस अवसर पर प्राचार्य डायट व जिला समन्वयक उप्र कौशल विकास मिशन डा. ओपी गुप्त ने बताया कि यह एलईडी जागरूकता रथ व नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा जनपद में दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न कस्बों, तहसील मुख्यालयों पर नाटक का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा, जिसमें लोगों को कौशल विकास मिशन के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुडकर विभिन्न प्रकार के उद्यम स्थापित करने स्वावलम्बी बनने हेतु जनसामान्य को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह वैन कलेक्ट्रेट से चलकर गोला, मोहम्मदी, बेहजम, मैलानी, पलिया, भीरा, ढखेरवा, आदि स्थानों पर दो दिनों तक कौशल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार.प्रसार करेगी। कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, डाइट प्रवक्ता धनंजय कुमार, धर्मपाल व जाकिर हुसैन व जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, से एमआईएस प्रबंधक, खजांची लाल यादव, आशीष कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार, आशीष कुमार, प्रशिक्षण प्रदाता संस्था, महेन्द्रा स्किल्स ट्रेनिंग प्रालि, सोसाइटी फार चेरिटेबल ओबिलाइजेश्न टेक्नालोजी, सार्वजनिक सेवा संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने किया एआरटीओ दफ्तर का औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने एआरटीओ दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। डीएम.एसपी ने परिवहन दफ्तर ने विभिन्न काउंटर पर जाकर पटल लिपिकों से उनके कार्यदायित्व जाने व अभिलेख देखें। इस दौरान काउंटर पर मौजूद लोगो से कार्यालय आने का कारण जानने के साथ आज की तिथि का स्लॉट अभिलेख देखा। दोनों अफसरों ने कार्यालय में लाइसेंस बनवाने आए अभ्यर्थी मौर्य कॉलोनी निवासी शिवम रस्तोगीए निघासन के देवेंद्र सिंह, लखीमपुर की शिप्रा बरनवाल सहित कई अभ्यर्थियों से बातचीत करके उनके अभिलेख देखें। इस दौरान उन्होंने लाइसेंस आवेदन पत्रों के साथ ही आईडी आदि भी चेक किये। निर्देश दिए कि कोई भी गैर फिटनेस वाले स्कूली वाहन कदापि संचालित ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। परिवहन विभाग अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्यवाही में तेजी लाए। निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने ना केवल पूरे कार्यालय परिसर का पैदल भ्रमण किया बल्कि सीसीटीवी कैमरे के जरिए भी कार्यालय की वर्किंग देखी।

# एंटी टोबैको टीम ने तंबाकू उत्पाद बेचने वालों का काटा चालान



संवाददाता लखीमपुर-खीरी।

तंबाकू निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत 15 मई से 15 जून तक चलने वाले अभियान के क्रम में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रुप से तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों का चालान किया गया। इस दौरान तीन दुकानों का चालान काटा गया वहीं दो को नोटिस दी गई है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से बच्चों को मादक पदार्थों के सेवन से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से अभियान चलाया जा रहा है। वहीं 15 मई से 15 जून तक तंबाकू निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन्हीं के क्रम में शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावास, कोचिंग आदि से 100 मीटर की परिधि में पान, मसाला, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, खैनी, सहित अन्य मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले लोगों पर एंटी टोबैको सेल व एएचटीयू सहित स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शहर में अभियान चलाकर तीन दुकानदारों का कुल 600 का चालान काटा गया, वहीं दो दुकानदारों को नोटिस दी है। इस टीम में स्वास्थ विभाग की ओर से काउंसलर जिला चिकित्सालय देवनंदन श्रीवास्तव, साइकेट्रिक सोशल वर्कर अतुल पांडे सहित एएचटीयू टीम से टीम इंस्पेक्टर जैनेंद्र कुमार, कांस्टेबल आशीष सिंह चौहान व कांस्टेबल राजेश यादव सहित कांस्टेबल अभिनव पांडे मौजूद रहे।

# शिकायत पर कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी-खीरी।** उपजिलाधिकारी मोहम्मदी के जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण के संदर्भ में उपजिलाधिकारी मोहम्मदी द्वारा बताया गया कि उनके जनता दर्शन में अमन श्रीवास्तवए उचित दर विक्रेता ग्राम भूड़ाखानए विकास खण्ड व तहसील मोहम्मदी के वितरण के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत की जाँच पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक से करायी गयी। पूर्ति निरीक्षकए मोहम्मदी की जांच आख्या के अनुसार विक्रेता अमन श्रीवास्तव द्वारा अधिकांश कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न आदि की पर्ची देने के उपरान्त गल्ला न देने, अधिकांश कार्डधारकों को नमक, चना व रिफाइण्ड तेल आदि न देने, कार्डधारकों से अभद्र व्यवहार करने, खाद्यान्न निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में बांटने, निर्धारित मूल्य से अधिक लेने एवं निरीक्षण के समय कुल गेहूँ, चावल, नमक चना एवं रिफाइण्ड तेल कम पाये जाने की पुष्टि हुयी इसलिए, अमन श्रीवास्तव, भूड़ाखान की उचित दर दुकान का अनुबन्ध पत्र निलम्बित करते हुए, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है।

# सिंगला 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

भाषा। चंडीगढ़



**मोहाली** की एक अदालत ने पंजाब के बर्खास्त मंत्री विजय सिंगला को शुक्रवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, सिंगला ने कहा कि उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया और अपनी पार्टी में उनकी पूरी आस्था है तथा वह भ्रष्टाचार के आरोपों से पाक-साफ होकर निकलेंगे। अदालत ले जाए जाने से पहले सिंगला ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी बर्खास्तगी और गिरफ्तारी कराने वाले प्रकरण के पीछे कुछ बाहरी ताकतों का हाथ हो सकता है। सिंगला (52) को रिश्वत के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया था। सिंगला स्वास्थ्य मंत्री थे और उन पर अपने विभाग की निविदाओं तथा खरीद में एक प्रतिशत कमीशन की मांग करने के आरोप हैं। सिंगला और उनके विशेष कार्य अधिकारी(ओएसडी) प्रदीप कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को, उनकी तीन दिनों की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद शुक्रवार को मोहाली में रवतेश इंद्रजीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। सिंगला के वकील एच एस धनोआ ने कहा कि पुलिस ने पूर्व मंत्री और प्रदीप की न्यायिक हिरासत की मांग की। उन्होंने बताया कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 10 जून निर्धारित की है और उन्हें रूपनगर जेल भेजा जाएगा। वकील ने कहा कि सिंगला और प्रदीप अपनी आवाज के नमूने देने के लिए सहमत हुए हैं। अदालत ले जाए जाने से पहले, सिंगला से जब उनके खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने अपने विभाग में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया। अपनी सरकार, अपनी पार्टी, पुलिस और न्यायपालिका में मेरी पूरी आस्था है। हम पाक-साफ साबित होंगे। सिंगला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पार्टी में कोई साजिश नहीं रची गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी ताकतों की साजिश हो सकती है। सिंगला और उनके ओएसडी प्रदीप कुमार पर पंजाब स्वास्थ्य प्रणाली निगम में पदस्थ अधीक्षण अभियंता राजिंदर सिंह की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया गया था। प्रदीप, पूर्व मंत्री के रिश्तेदार बताए जाते हैं। सिंह ने आरोप लगाया था कि उन्होंने निर्माण कार्य और ठेकेदारों के भुगतान की रकम (58 करोड़ रुपए) में से 1.16 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसके अलावा, सरकारी ठेकों में एक प्रतिशत कमीशन भी मांगा था। शिकायतकर्ता ने सिंगला और प्रदीप से 23 मई की मुलाकात के दौरान हुई बातचीत की एक ऑडियो रिकार्डिंग भी की थी। मुख्यमंत्री ने खुद मंत्रिमंडल से सिंगला को हटाने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के वादे के साथ दो महीने पहले ही सत्ता में आई है।

## गोवा में लोगों को ईसाई धर्म अपनाने का लालच देने वाला पादरी और उसकी पत्नी गिरफ्तार

भाषा। पणजी

गोवा में लोगों को नकदी देने तथा उनकी बीमारियों के इलाज का वादा कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए फुसलाने के आरोप में पुलिस ने एक पादरी और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मापुसा पुलिस थाने के अधिकारी के मुताबिक, दो व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग शिकायत दर्ज कराने के बाद पादरी डोमनिक डिसूजा और उनकी पत्नी जोन को बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने अपनी शिकायत में पादरी और उनकी पत्नी पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया है। दंपति के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गईं हैं। पादरी और उनकी पत्नी उत्तरी गोवा के सालिगाओ गांव में सक्रिय थे, जो राजधानी पणजी से करीब 20 किलोमीटर दूर है।



पुणे में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

# कार्ति चिदंबरम वीजा रिश्वत मामले में दूसरे दिन सीबीआई के समक्ष पेश हुए

भाषा। नई दिल्ली



**लोकसभा** सांसद कार्ति चिदंबरम वर्ष 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी कराने के मामले में कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोपों को लेकर चल रही पूछताछ के सिलसिले में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश हुए। यह मामला तब का है, जब कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। सीबीआई ने कार्ति और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि यह मामला 263 चीनी कर्मियों को दोबारा वीजा जारी करने के लिए वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा कार्ति चिदंबरम और उनके करीबी एस भास्कररमन को कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दिए जाने के आरोपों से संबंधित है। दरअसल, टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी और ए 263 चीनी नागरिक उस परियोजना का हिस्सा थे। एजेंसी ने इस मामले में भास्कररमन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी के मुताबिक, बिजली संयंत्र स्थापित करने का काम चीनी कंपनी कर रही थी और यह परियोजना तय अवधि से काफी पीछे चल रही थी। इसमें कहा गया है कि टीएसपीएल के एक अधिकारी ने चीनी कर्मचारियों के लिए दोबारा वीजा जारी करने के एवज में कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दी थी।

## बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से दिनदहाड़े 37 लाख की लूट

**अररिया।** बिहार के अररिया शहर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा से अपराधियों ने दिन-दहाड़े 37 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सिंह ने बताया कि अररिया बस स्टैंड रोड स्थित बैंक की उक्त शाखा के खुलते ही मास्क लगाए चार-पांच अपराधी ने उसके भीतर प्रवेश करने के बाद बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टाफ को बंधक बनाकर बाहर से शटर बंद कर दिया। अपराधियों ने लूट के दौरान बैंक के गार्ड के बंदूक को तोड़ दिया और फिर कैशियर से चाबी लेकर चेस्ट में रखे 37 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। अधिकारी ने कहा कि वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बैंक में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी खोल कर अपने साथ ले गए।

# महाराष्ट्रः राज्यसभा चुनाव की दौड़ से अलग हुए संभाजी छत्रपति

भाषा। मुंबई

**शिवाजी** महाराज के वंशज और प्रख्यात मराठा नेता संभाजी छत्रपति ने शुक्रवार को आगामी राज्यसभा चुनावों की दौड़ से खुद को अलग कर लिया। कुछ दिनों पहले उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने दावा किया कि चुनाव नहीं लड़ने के उनके फैसले का उद्देश्य खरीद-फरोख्त को रोकना है। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाया कि उन्होंने संसद के ऊपरी सदन में उनके दूसरे कार्यकाल के लिए शिवसेना का समर्थन प्रदान करने के अपने वादे को तोड़ दिया। संभाजी छत्रपति ने घोषणा की थी कि वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे और उन्होंने शिवसेना से इसमें मदद मांगी थी। लेकिन पार्टी चाहती थी कि संभाजी उसके आधिकारिक उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें, जिस पर वह सहमत नहीं हुए। राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ने की उनकी घोषणा शिवसेना के उम्मीदवारों संजय राउत और संजय पवार द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के एक दिन बाद आई है। पूर्व सांसद ने कहा, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुझे समर्थन का वचन दिया था, लेकिन बाद में वह इससे पीछे हट गए। मैं इससे बेहद दुखी हूं। मैं अब राज्यसभा सीट की दौड़ में नहीं हूं। महाराष्ट्र में राज्यसभा की छह सीटों के लिए 10 जून को चुनाव होगा और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक उसके दो सदस्य निर्वाचित हो सकते हैं। संभाजी छत्रपति को 2016 में राज्यसभा के लिए नामित किया गया था और उनका कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ है। इस बार, चूंकि भाजपा के पास विधायकों की संख्या कम थी, इसलिए उन्होंने पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और बाद में शिवसेना से समर्थन के लिए संपर्क किया था। शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस राज्य में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, शिवसेना ने मुझे एक प्रस्ताव दिया कि अगर मैं पार्टी में शामिल होता हूं, तो मुझे राज्यसभा के लिए टिकट मिलेगा। लेकिन मैंने पहले ही घोषणा कर दी है कि मैं किसी भी पार्टी का हिस्सा नहीं बनूंगा। इसलिए, मैंने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने दावा किया, चुनाव नहीं लड़ने का मेरा फैसला कदम पीछे हटाना नहीं है। यह मेरा गौरव है। संभाजी छत्रपति 2009 में राकांपा में शामिल हुए थे और कोल्हापुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन पार्टी के एक बागी से हार गए थे। उन्होंने कहा, मैं अपनी स्वच्छ छवि और अपने काम के लिए सभी पार्टियों के विधायकों के समर्थन की उम्मीद कर रहा था। हालांकि, मुझे बाद में एक बात का एहसास हुआ कि अगर मैं एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ता हूं तो खरीद-फरोख्त हो सकती है। इससे बचने के लिए, मैंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने की आखिरी तारीख 31 मई है और नामांकन पत्रों की जांच एक जून को होगी। तीन जून तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव के दिन 10 जून को ही नतीजों की घोषणा की जाएगी।

## आरपीएफ ने कल्याण स्टेशन पर हवाला गिरोह का भांडाफोड़ किया, एक करोड़ की नकदी बरामद

**मुंबई।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक हवाला गिरोह के भांडाफोड़ का दावा करते हुए महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कल्याण स्टेशन से एक करोड़ रुपए नकद और नौ लाख रुपय मूल्य के ज़ेवरात बरामद किए हैं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराजी सुतार ने बताया कि आरपीएफ की अपराध खुफिया इकाई ने बृहस्पतिवार को पांच लोगों के पास से 1.1 करोड़ रुपए नकद और 178 ग्राम सोना ज़ब्त किया है जिसकी कीमत 9.14 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जांच में आरपीएफ की टीम ने कूरियर कंपनी के पांच कर्मचारियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि इन लोगों के पास हवाला का पैसा और ज़ेवरात थे जिन्हें मुंबई में पहुंचाया जाना था। अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त को गिरोह के बारे में सूचना मिली थी जिसकी जानकारी पुणे क्षेत्र के अतिरिक्त निदेशक को दी गई। इसके बाद कल्याण स्टेशन पर जब्ती की कार्वाई की गई। इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच आयकर विभाग कर रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार की 8वीं वर्षगांठ के मौके पर शिमला में रोडशो करेंगे

भाषा। शिमला

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की 8वीं वर्षगांठ के मौके पर 31 मई को शिमला में एक रोडशो करेंगे और रैली को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश इकाई के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के सचिव त्रिलोक जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का आधे किलोमीटर का यह रोडशो सीटीओ से रानी झांसी पार्क के बीच होगा।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार जामवाल ने कहा कि रोडशो के बाद मोदी, केंद्र में अपनी सरकार के आठ बरस पूरे होने के मौके पर ऐतिहासिक रिज मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार जामवाल ने कहा कि रोडशो के बाद मोदी, केंद्र में अपनी सरकार के आठ बरस पूरे होने के मौके पर ऐतिहासिक रिज मैदान में रैली को संबोधित करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशभर में 17 सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से डिजिटल माध्यम से रूबरू होंगे। जामवाल ने प्रधानमंत्री की रैली की तैयारियों की समीक्षा के बाद कहा, हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने के मौके पर रैली के लिए शिमला को चुना है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हमारे प्रधानमंत्री का दूसरा घर है और वह राज्य का दौरा करने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं।

भाजपा नेता जामवाल ने कहा, हम शिमला में यातायात की आवाजाही पर नजर रख रहे हैं... हम जल्द ही यातायात की रूपरेखा पर चर्चा करके इसे साझा करेंगे। उपायुक्त आदित्य नेगी, पुलिस अधीक्षक मोनिका भुटुंगुरू, नगर निगम आयुक्त आशीष कोहली और जनसंपर्क निदेशक हरबंस ब्रास्कोन ने भी प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारियों की समीक्षा की। मोदी का जून में धर्मशाला जाने का भी कार्यक्रम है, जहां वह विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों को संबोधित करेंगे। हिमाचल प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## भारत कृषि क्षेत्र में ड्रोन्स के इस्तेमाल की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** भारत में एकमात्र डीजीसीए अनुमोदित ड्रोन निर्माता कंपनी आईओटेकवर्ल्ड एविगेशन ने कृषि के लिए प्रति माह 1000 ड्रोन्स की निर्माण क्षमता के साथ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे ड्रोन महोत्सव-2022 में भारत की पहली कृषि ड्रोन सेवा ,प्लीकेशन, ष्एग्रीनेट् प्रस्तुत की है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। ड्रोन सेवा एप्लीकेशन, एग्रीनेट एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रदान करती हैए जिसके माध्यम से किसान एवं ड्रोन सेवा प्रदाताओं के बीच संपर्क स्थापित होता है। एग्रीनेट द्वारा किसान कृषि क्षेत्र में उपयोग, जैसे छिड़काव आदि करने के लिए ड्रोन किराए पर ले सकते हैं, ड्रोन पायलट ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण करा सकते हैं, तथा ड्रोन संबंधी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। दूसरी तरफ एग्रीनेट द्वारा ड्रोन मालिकों को उद्यमी बनने का अवसर भी मिलता है। वो सेवाएं देने के लिए सेवा प्रदाता के रूप में यहां पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। आईओटेकवर्ल्ड एविगेशन प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एवं को-फाउंडर अनूप उपाध्याय ने कहा कि ड्रोन न केवल किसानों को उत्पादन बढ़ाने और संसाधनों की बर्बादी को रोकने में मदद कर सकते हैं, बल्कि ये बड़े खेतों की निगरानी भी कर सकते हैं।

# चांदना की टिप्पणी पर कांग्रेस ने कहाः हमारी सरकारें काम करती हैं, इसलिए तनाव होता है

● कांग्रेस प्रवक्ता उतरे बचाव में, राजस्थान में मंत्री के बयान के बाद उठा सियासी तूफान

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने राजस्थान के खेल मंत्री अशोक चांदना की उन्हें मंत्री पद से मुक्त करने संबंधी टिप्पणी पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक बयान का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि उसकी सरकारें काम करती हैं, इसलिए तनाव होता है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने चांदना के संदर्भ में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री जी ने इस पर वक्तव्य दिया है...हमारी सरकारें काम करती हैं, इसलिए तनाव होता है। काम करने वालों के चेहरों के तनाव पर होता है। हम सब काम करते हैं। आप लोगों ने कभी प्रधानमंत्री के चेहरे पर तनाव देखा है? उधर, गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि चांदना की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि मंत्री ने किसी प्रकार के तनाव के चलते ऐसी बात कह दी हो।उल्लेखनीय है कि चांदना ने बृहस्पतिवार रात मुख्यमंत्री गहलोत को संबोधित करते हुए ट्वीट किया था माननीय मुख्यमंत्री जी, मेरा आपसे व्यक्तिगत अनुरोध है कि मुझे इस जलालत भरे मंत्री पद से मुक्त कर मेरे सभी विभागों का चार्ज कुलदीप रांका जी को दे दिया जाए, क्योंकि वैसे भी वो ही सभी विभागों के मंत्री हैं। रांका मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव हैं। उधर, गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि चांदना की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि मंत्री ने किसी प्रकार के तनाव के चलते ऐसी बात कह दी हो।

## मादक पदार्थों का प्रवेश द्वार बना गुजरात, पीएम और गृह मंत्री चुप क्यों हैंः कांग्रेस


**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के निकट एक कंटेनर से 56 किलोग्राम मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात अब मादक पदार्थों का प्रवेश द्वार (गेटवे ऑफ ड्रग्स) बन गया है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी को लेकर भी सवाल किया और कहा कि दोनों शीर्ष नेताओं को अपने गृह प्रदेश की इस स्थिति के बारे में जवाब देना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, गुजरात के तट से जुलाई, 2017 में पहली बार मादक पदार्थ की बरादमगी की रिपोर्ट आई। जनवरी, 2020 में गुजरात में 175 करोड़ रुपए के ड्रग्स पकड़े गए। सितंबर, 2021 में तीन टन हेरोइन बरामद की गई। यह सूची बहुत लंबी है। अभी बृहस्पतिवार को 56 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़ा गया। खेड़ा ने दावा किया, सबसे महत्वूपर्ण बात यह है कि 175000 करोड़ रुपए के ड्रग्स आए और नहीं पकड़े गए। यानी 25 टन मादक पदार्थ बाजार में फैल गए। आप इस स्थिति की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने घोषणा की थी कि ईरान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से कोई मादक पदार्थ नहीं आने दिया जाएगा तो फिर बृहस्पतिवार को बरामद किया गया मादक पदार्थ कैसे आया?

## केंद्र ने एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्वाई का आदेश दिया

**नई दिल्ल।** केंद्र सरकार ने वित्त मंत्रालय से स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ क्रूज जहाज से मादक द्रव्य की बरामदगी मामले की कथित तौर पर लचर जांच करने को लेकर कार्वाई करने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले में पिछले साल फिल्म अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन की भी गिरफ्तारी हुई थी।

## जिंदल स्टेनलेस के ट्रेड मार्क उल्लंघन मामले में एफआईआर

**कानपुर।** जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड ने अपने ट्रेडमार्क के उल्लंघन का विरोध करते हुएए अंबाजी आईनॉक्स एलएलपीए अकबरपुर बारा कानपुर देहात के खिलाफअकबरपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने कॉपी राईट एक्ट की धारा 63 और 64, 1957 और ट्रेडमार्क एक्ट 1999 की धारा 103 और 104 के तहत एफआईआर दर्ज की है। जांच अधिकारी ने 82.93 टन आपत्तिजनक सामान जब्त किया है जिस पर जेएसएचएल की मोहर का अवैध उपयोग किया गया है। यह जेएसएचएल की शिकायत पर की गयी कार्यवाही के बाद सामने आया है। इससे पहले जेएसएचएल ने दादरी, भिवानी, बरी और मोरेना में भी ट्रेडमार्क उल्लंघन के मामलों में सतत कार्यवाही की है।



कर्नाटक में योग से संबंधित कार्यक्रम में योगासन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# लोगों को मुफ्त बिजली देने की आप की पेशकश से गुजरात भाजपा अध्यक्ष परेशान : केजरीवाल

● आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजनक अरविंद केजरीवाल ने साधा भाजपा पर निशाना

भाषा। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से सवाल किया कि गुजरात के लोगों को मुफ्त बिजली देने के उनके प्रस्ताव से प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी क्यों परेशानै हो रही है। इसके साथ ही आप नेता ने दावा किया कि उस राज्य में मंत्रियों को मुफ्त बिजली मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी. आर. पाटिल पर निशाना साधते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली देने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना होगा। इससे पहले पाटिल ने कुछ नेताओं द्वारा राज्य में मुफ्त सुविधाओं की पेशकश करने पर कटाक्ष किया था। एक दिन पहले ही गुजरात भाजपा प्रमुख ने आप या केजरीवाल का नाम लिए बिना मुफ्त सुविधाओं की पेशकश को लेकर लोगों को आगाह किया था और कहा था कि वे अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं हैं तथा ऐसी सुविधाएं राज्य को बर्बाद कर सकती हैं।

केजरीवाल ने मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, पाटिल साहिब, आपके मंत्रियों को फ्री बिजली मिलती है, वो ठीक? जनता को मैं फ्री बिजली देता हूँ तो आपको कितनी तकलीफ है। गुजरात सरकार में भारी भ्रष्टाचार है। दिल्ली और पंजाब की तरह भ्रष्टाचार खत्म करें, जनता को फ्री बिजली देने के खूब पैसे बच जाएँगे। केजरीवाल ने मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, पाटिल साहिब, आपके मंत्रियों को फ्री बिजली मिलती है, वो ठीक? जनता को मैं फ्री बिजली देता हूँ तो आपको कितनी तकलीफ है। गुजरात सरकार में भारी भ्रष्टाचार है। दिल्ली और पंजाब की तरह भ्रष्टाचार खत्म करें, जनता को फ्री बिजली देने के खूब पैसे बच जाएँगे।

केजरीवाल ने पिछले दिनों राजकोट शहर में अपनी पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए बेहतर स्कूलों और अस्पतालों का वादा किया था। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया था कि अगर आप गुजरात की सत्ता में आती है तो वरिष्ठ नागरिकों के लिए अयोध्या सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की वातानुकूलित ट्रेनों से मुफ्त तीर्थयात्रा कराई जाएगी। गुजरात में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सीबीआई के सामने पेश नही हुए तृणमूल विधायक शौक्त

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक शौकत मोल्ला कोयला खनन घोटाले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश नहीं हुए। सीबीआई के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैनिंग पुरबा से विधायक शौकत मोल्ला ने कहा कि उनके पूर्व के कुछ निर्धारित कार्यक्रम थे, जिसके चलते वह पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने पेश होने में नाकाम रहे। सीबीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, शौकत मोल्ला ने बृहस्पतिवार रात सीबीआई को ई-मेल भेजकर शुक्रवार को अधिकारियों के सामने पेश होने में असमर्थता जताई। उन्होंने पूछताछ के लिए उपलब्ध होने के वास्ते कम से कम 15 दिन का समय मांगा। अधिकारी के मुताबिक, तृणमूल विधायक ने कहा कि उनकी पूर्व निर्धारित राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यस्तताएं हैं, जिसके चलते उनके वकील शुक्रवार को उनकी तरफ से सीबीआई कार्यालय पहुंचेंगे।

# अफगानिस्तान की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता : डोभाल

● आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए किया आह्वान

भाषा। दुशान्बे

**भारत के** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आतंकवाद और आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने में अफगानिस्तान की मदद करने और उसकी क्षमता बढ़ाने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत हमेशा से ही काबुल का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और भविष्य में भी रहेगा। डोभाल ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में अफगानिस्तान पर चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद में कहा कि आतंकवाद और आतंकवादी समूह क्षेत्रीय सुरक्षा तथा शांति के लिए बड़ा खतरा हैं, इसलिए सभी देशों को इसका मुकाबला करने के लिए अफगानिस्तान की मदद करनी चाहिए। अफगानिस्तान के लोगों के साथ सदियों से भारत के विशेष संबंध रहे हैं और कैसी भी परिस्थितियां हों, भारत का दृष्टिकोण अफगानिस्तान को लेकर नहीं बदल सकता। अफगानिस्तान पर चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद की बैठक में ताजिकिस्तान, रूस, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान, किर्गिजस्तान और चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भी हिस्सा लिया। डोभाल ने यहां अपने क्षेत्रीय समकक्षों के साथ युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान और क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा करते हुए जोर देकर कहा कि भारत अफगानिस्तान का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और भविष्य में भी रहेगा। डोभाल समेत विभिन्न देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने तथा आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए रचनात्मक तरीके खोजने की जरूरत को रेखांकित किया। आतंकवाद और आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने के लिए अफगानिस्तान की क्षमता बढ़ाने में, क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद में मौजूद सभी देशों के सहयोग की आवश्यकता है। सबसे पहली प्राथमिकता अफगानिस्तान में सभी लोगों के जीवन के अधिकार की रक्षा और सम्मानजनक जीवन के साथ-साथ उनके मानवाधिकारों की सुरक्षा होनी चाहिए।


चौथे क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद में भाग लते डोभाल व अन्य देश के प्रतिनिधि

# उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंधों के खिलाफ चीन और रूस ने किया वीटो

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**चीन और** रूस ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका द्वारा पेश उस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो किया, जिसमें उत्तर कोरिया पर उसके अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण के लिए नए कठोर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान था। अमेरिका सहित कई अन्य देशों को आशंका है कि इन मिसाइलों का इस्तेमाल परमाणु हथियार ले जाने में किया जा सकता है। 15 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 13 मत प्रस्ताव के पक्ष में तो दो वोट इसके खिलाफ पड़े। उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंध संबंधी किसी प्रस्ताव को लेकर यूएनएससी के वीटो अधिकार वाले पांच स्थाई सदस्यों में इतने बड़े पैमाने पर मतभेद पहली बार दिखा। दरअसल, सुरक्षा परिषद ने साल 2006 में उत्तर कोरिया के पहले परमाणु परीक्षण के बाद उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे। सुरक्षा परिषद ने बाद के वर्षों में इन प्रतिबंधों को और सख्त कर दिया था। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने बृहस्पतिवार को प्रस्ताव पर मतदान से पहले यूएनएससी के सदस्यों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने इस साल उत्तर कोरिया द्वारा किए गए छह अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण को पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा करार दिया।

## चीन के विदेश मंत्री ने किया किरिबाती देश का दौरा

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** चीन के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को सुदूर प्रशांत देश किरिबाती का दौरा किया जहां मछली पकड़ने के विशाल क्षेत्र का भविष्य दांव पर लगा है। वांग ई की चार घंटे की किरिबाती यात्रा आठ देशो के दौरे पर उनका दूसरा पड़ाव था, जो दक्षिण प्रशांत क्षेत्र मे बीजिंग की सैन्य और वित्तीय महत्वाकांक्षाओं के बारे में बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। किरिबाती ने इस साल अपनी सीमाओं को कोविड-19 के प्रकोप के कारण बंद कर दिया था, लेकिन सरकार ने अपवाद स्वरूप वांग और उनके 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल को आमने-सामने चर्चा के लिए देश मे आने की अनुमति दे दी। किरिबाती मे फीनिक्स द्वीप संरक्षित क्षेत्र का भविष्य दांव पर है, जो समुद्र का कैलिफोर्निया के आकार का एक हिस्सा है। इसे यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया गया है।

# भारत में भविष्य में महाचक्रवातों का ज्यादा विनाशकारी प्रभाव हो सकता है : अध्ययन

भाषा। लंदन

**उष्णकटिबंधीय तूफानों** का सबसे तीव्र रूप, महाचक्रवात (सुपर साइक्लोन) भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लोगों पर अधिक विनाशकारी प्रभाव डाल सकता है। एक प्रतिरूपण अध्ययन में यह बात सामने आई है। ब्रिटेन में ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दक्षिण एशिया में दस्तक देने वाले, सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले 2020 के महाचक्रवात अम्फान की पड़ताल की और ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र के स्तर में वृद्धि के कई परिदृश्यों के तहत इसके प्रभाव की भविष्यवाणी की। क्लाइमेट रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि यदि हरित गैस उत्सर्जन मौजूदा दर से जारी रहा, तो भारत की आबादी से ढाई गुना (250 प्रतिशत) से अधिक लोगों को 2020 की घटना की तुलना में एक मीटर से अधिक की बाढ़ का अनुभव करना पड़ेगा। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर व अध्ययन के प्रमुख लेखक डैन मिशेल ने कहा, दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे अधिक जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जहां महाचक्रवात ऐतिहासिक मामलों में लाखों लोगों की मौत का कारण बनते हैं। मिशेल ने एक बयान में कहा, तुलनात्मक रूप से, दक्षिण एशिया में जलवायु प्रभाव अनुसंधान बहुत कम किया गया है, बावजूद इसके कि जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी समिति ने इसे एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन पेरिस समझौते के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हरित गैस उत्सर्जन को कम करने के समर्थन में साक्ष्य का एक महत्वपूर्ण अंश प्रस्तुत करता है, जहां साक्ष्य की अन्य पंक्तियां अक्सर उच्च आय वाले देशों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जहां प्रभाव कम होते हैं, और वे बदलाव अधिक आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने इस सदी के बाकी हिस्सों में चक्रवातों से प्रभावित लोगों के पैमाने का अनुमान लगाने के लिए परिष्कृत जलवायु मॉडल अनुमानों का इस्तेमाल किया। बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीयूईटी) में हाइड्रोलॉजी के प्रोफेसर और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता सैफुल इस्लाम का कहना है कि हाल में जारी आईपीसीसी रिपोर्ट का भी मानना है कि बढ़ते तापमान के चलते तीव्र श्रेणी वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की संख्या पहले के मुकाबले बढ़ जाएगी।

# दुनिया के 20 से ज्यादा देशों में मंकीपॉक्स के करीब 200 मामले

● विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दी जानकारी

भाषा। लंदन

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने कहा कि दुनिया के 20 से ज्यादा देशों से मंकीपॉक्स के करीब 200 मामले आए हैं। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने साथ ही यह भी कहा कि इस महामारी को नियंत्रित किया जा सकता है और दुनिया भर में उपलब्ध इस बीमारी की दवाओं और टीकों के समान वितरण का प्रस्ताव रखा। एजेंसी ने कहा कि मौजूदा महामारी कैसे शुरू हुई इस संबंध में अभी भी कई सवालों के जवाब नहीं हैं, लेकिन इसका कोई साक्ष्य नहीं है कि इस महामारी का कारण वायरस में किसी प्रकार का आनुवंशिक बदलाव है। डब्ल्यूएचओ की महामारी निदेशक डॉक्टर सिल्वी ब्रियांड ने कहा, वायरस के पहले (जीनोम) सीक्वेंसिंग से पता चलता है कि यह स्वरूप महामारी से प्रभावित देशों से प्राप्त स्वरूप से अलग नहीं है और यह (महामारी का प्रसार) संभवत: लोगों की जीवनशैली में आए बदलाव का नतीजा है। यूरोप, अमेरिका, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया इस महामारी का प्रसार संभवत: स्पेन और बेल्जियम में हाल ही में हुई रेव पार्टियों के दौरान सेक्स से जुड़ा हुआ है।

## सिंगापुर हाई कोर्ट ने मादक पदार्थों की तस्करी में दोषी दो भारतीय पुरुषों को बरी किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर की अपीलीय अदालत ने पिछले साल मादक पदार्थों की तस्करी में दोषी करार दिए गए भारतीय मूल के दो पुरुषों को शुक्रवार को बरी कर दिया। इनमें से एक को मौत की सजा सुनाई गई थी। मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन की अगुवाई वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय मूल के सिंगापुर के राजकुमार अय्याचामी (40) की दोषसिद्धि और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए अनिवार्य मौत की सजा के खिलाफ अपील को अनुमति दी।

# चीन ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन के बयान की निंदा की

भाषा। बीजिंग

**चीन ने अमेरिकी** विदेश एंटनी ब्लिंकन के उस बयान पर नाराजगी जताई है जिसमें उन्होंने कहा था कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की व्यवस्था में चीन ने एक बड़ा खतरा पैदा किया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि अमेरिका जानबूझकर गलत जानकारी फैला रहा है और चीन की घरेलू व विदेश नीति को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। ब्लिंकन के बयान का मकसद चीन के विकास को रोकना और अमेरिका का वर्चस्व कायम करना है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और इसे खारिज करते हैं। अमेरिका जिस नियम आधारित व्यवस्था की वकालत करता है, उसे समझने वाले लोग जानते हैं कि ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है बल्कि अमेरिका और कुछ अन्य देशों के बनाए हुए नियम हैं, जिनका मकसद अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अमेरिका का प्रभुत्व कायम रखना है।

# हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी जॉन ली बीजिंग की यात्रा पर जाएंगे

**हांगकांग।** हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन ली इस पद पर अपनी नियुक्ति को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाले एक पत्र को स्वीकार करने के लिए शनिवार को बीजिंग जाएंगे। एक सरकारी बयान में पुष्टि की गई कि ली अपने निजी सचिव और प्रेस सचिव के साथ ही अपनी पत्नी को लेकर बीजिंग जाएंगे। वह मंगलवार को हांगकांग लौटेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट सहित स्थानीय मीडिया ने बताया कि यात्रा के दौरान ली के चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने की उम्मीद है, और अनुमोदन के लिए अपने कैबिनेट के सदस्यों के नाम भी पेश करेंगे। चीन के शीर्ष अधिकारियों के साथ ली की पहली बैठक होगी क्योंकि उन्होंने आठ मई को एक चुनाव समिति के 99.2 प्रतिशत मतों के साथ नेतृत्व का चुनाव निर्विरोध जीता था। चुनाव समिति बड़े पैमाने पर बीजिंग समर्थक सदस्यों से बनी है।

## अमेरिका और जर्मनी में अक्षय ऊर्जा को लेकर समझौता

**बर्लिन।** अमेरिका और जर्मनी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के प्रयासों के तहत जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों ने शुक्रवार को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियों को विकसित करेंगे जो अक्षय ऊर्जा पर निर्भरता को बढ़ावा देंगी, विशेष रूप से पवन ऊर्जा, शून्य-उत्सर्जन वाहनों और हाइड्रोजन के क्षेत्र में। अमेरिका और जर्मनी ने दुनिया भर में जलवायु नीतियों और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने पर भी सहयोग करने का संकल्प लिया।

## जहाज जब्त करने को लेकर ईरान ने विरोध जताया

**तेहरान।** ईरान ने यूनानी अधिकारियों द्वारा पिछले माह अमेरिका के कथित दबाव में जब्त किए गए अपने जहाज को छोड़ने की मांग की है। यह जानकारी ईरान के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को दी। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर अपना राजनयिक विरोध दर्ज कराने के लिए स्विट्जरलैंड के दूत को बुलाया है। स्विट्जरलैंड का दूत तेहरान में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि इसका (अमेरिका का) यहां कोई दूतावास नहीं है। समाचार एजेंसी इरना ने खबर दी है कि ईरान ने अपने जहाज को जब्त करने की गतिविधि को अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून एवं अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन करार दिया है।

## यूक्रेन के मंत्री ने भारी हथियार देने की गुहार लगाइ

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** विदेश मंत्री ने रूसी बलों को पीछे हटाने के लिए पश्चिमी देशों से भारी हथियार देने की गुहार लगाई है। विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने बृहस्पतिवार रात एक वीडियो ट्वीट की, जिसमें उन्होंने कहा, हमें भारी हथियार चाहिए। रूस केवल भारी हथियारों की संख्या के मामले में हमसे बेहतर है। तोपों और रॉकेट लांचर प्रणालियों के बिना हम उन्हें पीछे नहीं हटा पाएंगे। कुलेबा ने कहा कि देश के पूर्वी हिस्से में हालात गंभीर हैं। जहां रूसी बलों के हमले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोग जितना बता रहे हैं, हालात उससे भी अधिक बदतर हैं।

## विजय और अनुराधा करेंगे स्वतंत्रता के 75 साल के जश्न नजराना की अगुवाई

**बोस्टन।** मशहूर गायक विजय प्रकाश एवं गायिका अनुराधा पालाकृति भारत की स्वतंत्रता के 75 साल के जश्न के तौर पर यहां विशाल संगीत कार्यक्रम नजराना की अगुवाई करेंगे। समर्थनम दिव्यांग ट्रस्ट, इंडियन एसोसिएशन ऑफ ग्रेटर बॉस्टन (आईएजीबी) और पालाकृति के जूजू प्रोडक्शन मिलकर यह कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

## बीईएमएल का मुनाफा 15.4 प्रतिशत घटकर 133 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल का वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 15.4 प्रतिशत घटकर 133.42 करोड़ रुपए रह गया। बीईएमएल (पूर्व मे भारत अर्थ मूवर्स लि.) ने शुक्रवार को शेयर बाजारो को भेजी सूचना मे कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही मे 157.81 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। सूचना मे कहा गया कि वित्त वर्ष 2021-22 की आलोच्य तिमाही के दौरान इसकी परिचालन आय घटकर।,683.58 करोड़ रुपए रह गई। वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में यह।,805.74 करोड़ रुपए थी।

## अर्थ छोटे कारोबारियों को करेगा मदद

**नई दिल्ली।** भारत को आत्म निर्भर बनाने में अर्थ कंपनी भी अपना अहम रोल अदा करेगी। अर्थ पूरे भारत में जहां अपना विस्तार कर रही है उसी के तहत वह यूपी में भी अपना कारोबार फैलाएगी। यह जानकारी अर्थ के सीईओ अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अर्थ महिलाओं के नेतृत्व में चलने वाले सूक्ष्म उद्यमं पर ध्यान देने के साथ-साथ एमएसएमई के लिए एक वित्तीय सेवा प्रदाता है। अर्थ पिछले कई वर्षों से प्रौद्यद्वगकी और साझेदारी प्लेटफ ाम ों का उपयोग करके भारत में लास्ट-मील के तहत माइक्रो एमएसएमई के लिए सस्ती वित्तीय सेवाएं और आजीविका सहायता प्रदान कर रहा है। लाखों माइक्रो एमएसएमई को सस्ती ववत्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए आयामी दृष्किोण का पालन किया है,पहला खुदरा और व्यापारी एमएसएमई नेटवर्क के साथ राष्ट्रीय साझेदारी करके पहले से ही डिजीटल हैं और दूसरा हाइपर लोकल डिस्ीब्यूटर नेटवर्क बनाना जिससे की माइक्रो. एंटरप्राइज की कुछ छोटे शहर में गैर डिजिटल उद्यम है को ऑन लाइन लाया जा सके।

## चीन की प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनों पर नहीं लगेगा डंपिंग रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन की प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनो पर डम्पिंग रोधी शुल्क लगाने की व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशो को अस्वीकार कर दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने चीन से इन मशीनों की कथित डंपिग के खिलाफ जांच की थी ।

# खुदरा महंगाई पर दबाव डाल सकती है थोक मुद्रास्फीति की ऊंची दर : आरबीआई

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के उच्च स्तर पर होने की वजह से कुछ अंतराल बाद खुदरा महंगाई पर दबाव पड़ने का जोखिम है। आरबीआई ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि औद्योगिक कच्ची माल की उंची कीमतें, परिवहन लागत, वैश्विक लॉजिस्टिक तथा आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान मुख्य मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति में तेज वृद्धि के बीच थोक और खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ते अंतर की वजह से विनिर्माण लागत का दबाव कुछ समय बाद खुदरा मुद्रास्फीति पर पड़ने को जोखिम है...। इसमें कहा गया कि रूस-यूक्रेन युद्ध और उसकी वजह से जिंसों की कीमतों में वृद्धि भारत समेत दुनियाभर के मुद्रास्फीति परिदृश्य को प्रभावित कर रही है। मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए सरकार ने हाल ही में वाहन ईंधनों पर उत्पाद शुल्क में कटौती, इस्पात और प्लास्टिक उद्योग में इस्तेमाल होने वाली कुछ कच्ची सामग्री पर आयात शुल्क खत्म करने समेत कई कदम उठाए हैं। ईंधन से लेकर सब्जियों और खाना पकाने के तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होने से थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच

## समावेशी, टिकाऊऔर संतुलित वृद्धि के लिए ढांचागत सुधार आवश्यक : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने ढांचागत सुधारो का मजबूती से समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि समावेशी, टिकाऊऔर संतुलित वृद्धि के लिए और वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बाद के प्रभावो से निपटने के लिए ए सुधार आवश्यक है। आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट मे इस बात पर भी जोर दिया कि भविष्य की वृद्धि का मार्ग आपूर्ति पक्ष की बाधाओ को दूर करने, मुद्रास्फीति को कम करने तथा पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए मौद्रिक नीति को समायोजित करने के जरिए निर्धारित किया जाएगा। रिपोर्ट के मूल्यांकन एवं संभावनाएं अध्याय मे कहा गया, भारत की मध्यावधि वृद्धि की संभावनाओ को बेहतर बनाने के लिए ढांचागत सुधार टिकाऊ, संतुलित और समावेशी वृद्धि के लिए अहम है, विशेषकर वैश्विक महामारी के बाद के प्रभावो के मद्देनजर कर्मचारियो मे कौशल विकसित करने मे मदद देना और उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्हे नई प्रौद्योगिकियो का उपयोग करना सिखाना आवश्यक है।

## इंडोसोलर के अधिग्रहण के लिए वारी एनर्जीज को मिली एनसीएलटी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सोलर मॉड्यूल विनिर्माता वारी एनर्जीज ने कहा कि इंडोसोलर लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए उसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधीकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा, सोलर सेल की विनिर्माता इंडोसोलर लिमिटेड के कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के तहत अधिग्रहण के लिए वारी एनर्जीज लिमिटेड द्वारा दी गई समाधान योजना को एनसीएलटी की दिल्ली शाखा से 21 अप्रैल 2022 को मंजूरी मिल गई।

## दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की घटनाओं की जांच करने वाली समिति 30 मई को देगी रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

बिजली चालित दो पहिया वाहनों में आग लगने की घटनाओं की जांच के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय की बनाई हुई विशेषज्ञ समिति अपनी रिपोर्ट अगले हफ्ते देगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की हाल में अनेक घटनाएं हुई हैं जिनमें कुछ लोगों की मौत हुई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, विशेषज्ञ समिति अपनी रिपोर्ट 30 मई को देगी। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बीते दिनों कहा था कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद लापरवाही पाई जाने पर कंपनियों को दंडित किया जाएगा और खामी वाले सभी वाहनों को वापस लिया जाएगा।

## बीएमडब्ल्यू ने प्रथम इलेक्ट्रिक मिडसाइज सिडान आई4 को भारत में लाँच किया

**नई दिल्ली।** फर्स्ट.एवर बीएमडब्ल्यू आई 4 को आज भारत में लाँच किया गया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप भारत में इलेक्ट्रिक कार की सर्वाधिक व्यापक पोर्टफोलियो की पेशकश करने वाली पहली कार निर्माता है। बीएमडब्ल्यू आई 4ए बीएमडब्ल्यू की पहली इलेक्ट्रिक मॉडल है जो पूरी तरह ड्राइविंग डाइनैमिक्स पर केन्द्रित है। बीएमडब्ल्यू आई 4 में स्पोर्टिंग कौशल का एक ऐसे रेंज के साथ संयोजन है जो आरामए भरपूर जगह और व्यावहारिकता के साथ लम्बे सफर के लिए भी माकूल है। बीएमडब्ल्यू आई 4 को ोंविचण्इऊण्पद पर ऑनलाइन बुक किया जा सकता है। डिलिवरी जुलाई 2022 की शुरुआत से आरंभ होगी। विक्रम पावाह प्रेसीडेंट बीएमडब्ल्यू इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू आई 4 के लाँन्च के साथ मैं देश में प्रथम इलेक्ट्रिक मिडसाइज सिडान को पेश करते हुए उत्साहित हूँ। बीएमडब्ल्यू आई 4 संवहनीयता के अभूतपूर्व अनुभव के साथ बड़ी सहजतापूर्वक ड्राइविंग के आनंद का संयोजन करता है।

## बालिगा तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** तोशिबा समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज रामदास बालिगा को अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। श्री बालिगा, जिन्होंने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफटेक्नोलॉजी की डिग्री प्राप्त की है, ताकाशी इशिकावा की जगह लेंगे जो चार वर्षों तक तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का नेतृत्व कर रहे थे। श्री बालिगा के इस नई भूमिका में स्वागत करते हुए इशिकावा ने कहा बालिगा की नियुक्ति एक बहुत खुशी की बात है।

## गेल इंडिया का शुद्ध लाभ 40 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

प्राकृतिक गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 40 प्रतिशत बढ़कर 2,683.11 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। प्राकृतिक गैस की बिक्री पर मार्जिन बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। गेल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की अंतिम तिमाही में उसने।,907.67 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

# दो हजार के नोट की संख्या में गिरावट जारी

● चलन वाले कुल नोट में हिस्सेदारी घटकर 1.6 पर

भाषा। मुंबई

**दो हजार** रुपए के बैंक नोट की संख्या में पिछले कुछ साल से गिरावट का सिलसिला जारी है। इस साल मार्च अंत तक चलन वाले कुल नोट में इनकी हिस्सेदारी घटकर 214 करोड़ या 1.6 प्रतिशत रह गई। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इस साल मार्च तक सभी मूल्यवर्ग के नोटों की कुल संख्या 13,053 करोड़ थी। इससे एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 12,437 करोड़ था। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2020 के अंत में चलन में शामिल 2000 रुपए के मूल्यवर्ग वाले नोटों की संख्या 274 करोड़ थी। यह आंकड़ा चलन में कुल करेंसी नोटों की संख्या का 2.4 प्रतिशत था। इसके बाद मार्च 2021 तक चलन में शामिल 2000 के नोटों की संख्या घटकर 245 करोड़ या दो प्रतिशत रह गई। पिछले वित्त वर्ष के अंत में यह आंकड़ा 214 करोड़ या 1.6 प्रतिशत तक रह गया। उपरोक्त आंकड़े मात्रा के लिहाज से हैं। यदि मूल्य के संदर्भ में बात करें तो मार्च 2020 में 2000 रुपए के नोट का कुल मूल्य, सभी मूल्यवर्ग के नोटों के कुल मूल्य का 22.6 प्रतिशत था। मार्च 2021 में यह आंकड़ा घटकर 17.3 प्रतिशत और मार्च 2022 में 13.8 प्रतिशत रह गया। रिपोर्ट के अनुसार इस साल मार्च के अंत में 500 रुपए के नोटों की संख्या बढ़कर 4,554.68 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,867.90 करोड़ थी।

## श्रीलंका में निजी कंपनियां भी कर सकेंगी तेल आयात: मंत्री

**कोलंबो।** गहरे आर्थिक एवं मौद्रिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका की सरकार ने अब निजी कंपनियों को भी ईंधन के आयात की मंजूरी दे दी है ताकि सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) का बोझ हल्का हो सके। श्रीलंका के ऊर्जा एवं बिजली मंत्री कंचना विजयशेखर ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा कि सभी निजी बंकर तेल परिचालकों को पेट्रोल-डीजल के आयात की मंजूरी दे दी गई है। इस तरह उद्योगों की ईंधन जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी।

# दिवाली तक तैयार हो सकता है भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता: गोयल

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन दौरे** पर आए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जिस तरह दो वार्ताकार दलों के बीच चीजें चल रही हैं, उसे देखते हुए कहा जाता सकता है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दिवाली तक तैयार हो सकता है तथा संभव है कि अंतरिम समझौते की आवश्यकता ही न पड़े। गोयल दावोस में विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक में शामिल होने के बाद लंदन आए जहां वह एफटीए के चौथे दौर की वार्ता से पहले हितधारकों और कारोबारी जगत के लोगों से संवाद करेंगे। यह वार्ता 13 जून को ब्रिटेन में प्रस्तावित है। इंडिया ग्लोबल फोरम का सालाना कार्यक्रम यूके-इंडिया वीक 27 जून से शुरू होने वाला है, उससे पहले बृहस्पतिवार शाम को आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ तेज गति से हुए एफटीए का जिक्र किया और कहा कि यह संकेत है कि चीजें सही दिशा में चल रही हैं। मंत्री ने कहा, कनाडा के साथ भी अंतरिम समझौता होने वाला है। ब्रिटेन के साथ भी अंतरिम समझौता करने पर सहमति बनी थी लेकिन जिस तरह से चीजें चल रही हैं, हमें लगता है कि दिवाली तक हम ब्रिटेन के साथ पूर्ण एफटीए कर लेंगे। इसे लेकर हमारे बीच बैठकें हो रही हैं।

# बाजार में दूसरे दिन तेजी जारी, सेंसेक्स 632 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई







**वैश्विक बाजारों** में तेजी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और वाहन शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयरों बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मजबूती रही तथा दोनों मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। उच्च मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत दरों को लेकर सख्त रुख अपनाने की चिंताओं के बावजूद स्थानीय बाजार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त में रहे। पिछले कारोबारी सत्र की तेजी को जारी रखते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 632.13 अंक यानी 1.17 प्रतिशत उछलकर 54,884.66 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 182.30 अंक यानी 1.13 प्रतिशत चढ़कर 16,352.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इंडसइंड बैंक, विप्रो, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टूब्रो और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी बढ़त लेकर बंद हुए। वहीं, दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और नेस्ले के शेयर गिरावट में रहे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में तेजी तथा अमेरिका में अनुकूल खुदरा आय के बीच निवेशकों ने खरीदारी की।

# पुलिस दबिश के दौरान जहर खाने वाली मां और बेटियों की मौत, दारोगा निलंबित

**भाषा।** बागपत/लखनऊ

● **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करके चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी**

**बागपत** जिले के छपरौली क्षेत्र के बाछौड़ गांव में पुलिस दबिश के दौरान जहर खाने वाली मां और दो बेटियों की मौत के मामले में नामजद आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करके चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। बागपत के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया है कि दबिश के दौरान दारोगा नरेश पाल की मौजूदगी में ही मां और बेटियों ने जहर खाया था। उन्होंने बताा कि उस वक्त दारोगा ने सूझबूझ का परिचय देने के बजाय लापरवाही बरती, इसके मद्देनजर उसे आज निलंबित कर दिया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी करके चार हफ्ते के अंदर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। रिपोर्ट में मामले की जांच की स्थिति और अगर पीड़ित परिवार को कोई सहायता दी गई है तो उसके बारे में विस्तार से जानकारी देनी होगी। आयोग ने नोटिस जारी करते हुए माना कि मामले की मीडिया रिपोर्टों पर गौर करने से ऐसा लगता है कि कानून लागू कराने वाली एजेंसियां हालात को विवेकपूर्ण तरीके से सम्भालने में विफल रहीं, जिसकी वजह से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। इसके पूर्व, जहर खाने के बाद गम्भीर रूप से बीमार हालत में मेरठ के अस्पताल में इलाज के दौरान मृत महिला अनुराधा (47) और उसकी छोटी बेटी प्रीति (17) का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव में लाया गया तो महिलाओं ने सड़क पर ही एंबुलेंस रोक ली और धरने पर बैठ गईं और हंगामा किया। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को उचित मदद करने का आश्वासन दिया। उसके बाद शवों का अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि पिछली तीन मई को छपरौली थाना क्षेत्र के बाछौड़ गांव निवासी कान्ति नामक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को गांव का ही यवक प्रिन्स लेकर फरार हो गया है। इस मामले में मंगलवार की रात पुलिस की दबिश के दौरान अभियुक्त की मां अनुराधा और दो बहनों स्वाति तथा प्रीति ने जहर खा लिया था। तीनों को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को स्वाति की जबकि बृहस्पतिवार को अनुराधा और प्रीति की मौत हो गई। अनुराधा के पति महक सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उसका बेटा प्रिंस यदि किसी युवती को लेकर चला गया तो बेटे के खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए थी, लेकिन पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों को परेशान करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस कई बार उनके घर आई और परेशान किया, आए दिन पुलिस उसके परिवार के सदस्यों को थाने ले जाकर मारपीट करती थी। सिंह ने कहा कि उसकी पत्नी और दो बेटियों की मौत के बाद उसका तो परिवार ही उजड़ गया है।

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया पंडित नेहरु को याद

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के बाद हुई गोष्ठी में कहा कि चाचा नेहरु बच्चों के प्रिय थे। इसीलिए उन्हें चाचा नेहरु के नाम से जाना जाता है। शुक्रवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में पं नेहरु के पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पं नेहरु के देश की प्रगति के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पं नेहरु देश को प्रगति के पथ पर आगे ले गये थे। पं नेहरु ने देश के विकास में अहम योगदान दिया था। पं नेहरु को बच्चे बहुत प्रिय थे। इसीलिए उन्हें चाचा नेहरु के नाम से भी जाना जाता है। गोष्ठी में जगजाहिर पटेल, कामता प्रसाद द्विवेदी, इन्द्रजीत उपाध्याय, अजीत मिश्रा एड, चुनबाद, मुकेश कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# अब हम तीन नहीं तीस हजार मंदिरों को वापस लेंगेः डॉ. राम विलास वेदांती

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**श्रीराम** जन्मभूमि के प्रणेता व पूर्व भाजपा सांसद नेता डा. रामविलास वेदांती ने कहा कि देश में 30 हजार मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनाए गए। देश की 90 प्रतिशत पुरानी मस्जिद कोई न कोई मंदिर तोड़ कर ही बनीं हैं। अब समय आ गया है कि हम तीन नहीं बल्कि 30 हजार मंदिरों को वापस लेंगे। डॉ0 वेदांती शुक्रवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। बताया कि 1984 में संतों और मुस्लिम धर्म गुरुओं आदि की बैठक हुई थी। उसमें हम सभी ने कहा था कि हमें अयोध्या में राम मंदिर, काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में श्री कृष्ण भूमि को वापस दे दें। हम चौथा मंदिर नहीं मांगेंगे। मंचों से लगातार तीन मंदिर की मांग करते रहे। मुस्लिम समाज राजी नहीं हुआ। अंततोगत्वा 464 वर्षों के संघर्ष के बाद वह दिन आया जब राम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूमि पूजन किया।संस्कृत का ज्ञानवापी शब्द हिंदूपरक है। ज्ञानवापी कूप का निर्माण भगवान शंकर के त्रिशूल से होने का उल्लेख है। आज हम हिंदुओं का समय है लेकिन हमें ज्ञानवापी कूप आदि विशेश्वर शिवलिंग के लिए कानून और कोर्ट पर भरोसा है। कोर्ट जो फैसला करेगा हम उसका पालन करेंगे। मुसलमानों से आग्रह है कि जो स्वाभाविक रूप से मंदिर का हिस्सा है उसे हिंदुओं को सौंप दें। देश का हिंदू, इतिहासकार, नेता सभी जानते हैं कि ज्ञानवापी ही नहीं चारमीनार, कुतुबमीनार मंदिरों को तोड़कर बने हैं।

### राम जन्म भूमि आंदोलन की तर्ज पर ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए मांग होगी

**जरूरत** पड़ी तो काशी में संत सम्मेलन होगा। राम जन्म भूमि आंदोलन की तर्ज पर ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए मांग होगी। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता भी अब समय की मांग है। उन्होंने ओवैसी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि दोनों पाकिस्तान के रास्ते चल रहे हैं। दोनों के बयान देश तोडने वाले हैं। उन पर देश द्रोह का मुकदमा हो।

# छिरिया सलेमपुर के किसानों ने 18 कुंतल भूसा दान किया

**संवाददाता।** जालौन (उरई)



**ग्राम छिरिया** सलेमपुर में प्रशासन के निर्देश पर भूसा दान यात्रा निकाली गई। इस दौरान गोशाला में संरक्षित पशुओं के लिए ग्रामीणों ने 18 क्विंटल भूसा दान किया।

गोशाला में संरक्षित पशुओं की भूख से मौत न हो और उन्हें पर्याप्त चारा पानी मिलता रहे। इसके लिए अब भूसा दान मांगा जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में ग्राम प्रधान सोनल तिवारी व प्रतिनिधि आशीष तिवारी द्वारा भूसा दान यात्रा का शुभारंभ किया। भूसा दान यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़ चढकर सहयोग किया। जिसमें दर्शन सिंह, राजू गुप्ता, पप्पी गुप्ता, योगेश दोहरे, दरोगा कुशवाहा, माताप्रसाद दोहरे, गोपीचरण दोहरे, रामकेश ,राजेश दोहरे, रामप्रकाश दोहरे, नरेशदोहरे, सुरेश चौरसिया आदि ने सहयोग किया। इस दौरान कुल 18 क्विंटल भूसा एकत्रित किया गया। जिसे पशुओं के लिए गोशाला में सुरक्षित रखा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गोशाला में संरक्षित गोवंशी पशुओं को भूख की समस्या न हो। इसके लिए प्रत्येक किसान भूसा दान कर कुछ न कुछ सहयोग करें। कहा कि गोशालाओं में संरक्षित बेजुबान गोवंशी पशुओं के लिए अन्य भूसा दानदाताओं से प्रेरणा लेकर स्वयं सहयोग करें और दूसरों को भी दान करने को प्रेरित करें। किसान अपने-अपने जानवरों को खूंटे से बांधकर रखे, ताकि किसी अन्य किसान की फसल को नुकसान न हो।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों के निरीक्षण में भरा सैम्पल

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बाजार में भ्रमण कर दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छेना पाउडर का नमूना भर कर सामग्री को सील कर दिया तथा बगैर पंजीकरण के दुकान चले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल शर्मा ने शुक्रवार को नगर के बाजार में निरीक्षण के लिए आये। बाजार में उनके आने की खबर लगते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों की शटरें थोड़ी देर के डाल दी तथा उनके जाने का इंतजार करने के बाद उन्होंने अपने प्रतिष्ठान खोले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बैठगंज स्थिति खुली मिली किराना की संतोष गुप्ता, सतेन्द्र गुप्ता व संदीप की दुकान का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान दुकानदार अपना पंजीकरण नहीं दिखा सके।

# विवाह स्थल से परीक्षा देने सीधे विद्यालय पहुंची दुल्हन

**भाषा।** सोनभद्र

**उत्तर प्रदेश** के सोनभद्र जिले के शाहगंज स्थित एक महिला महाविद्यालय के लोग ताज्जुब में पड़ गए जब सजीधजी दुल्हन परीक्षा देने पहुंची। वह परीक्षा देने के लिए विवाह स्थल से सीधे कॉलेज आई थी और उसके बाद वहीं से उसकी विदाई हुई। परिवार से जुड़े लोगों ने इसकी जानकारी दी। सोनभद्र के घोरावल तहसील की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के गढ़वा के खैडार की रहने वाली जुड़ावती वैश्य शाहगंज के कुशहरा स्थित श्री प्रमोद जी महिला महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। उसकी 26 मई को शादी थी। वह शुक्रवार सुबह दुल्हन के रूप में ही परीक्षा देने के लिए पहुंची। वह नजारा देखकर कॉलेज में शिक्षक और परीक्षार्थी हतप्रभ रह गए। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। छात्रा के पिता लालजी वैश्य ने बताया कि जुड़ावती ने उनसे कहा कि शादी की तिथि भले ही निर्धारित हो गई हो, लेकिन वह परीक्षा भी नहीं छोड़ेगी। अगर परीक्षा छूट गई तो उसकी पूरे साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बात को सुनकर वह परेशान हो गए कि लड़के पक्ष के लोग इस बात पर राजी होंगे या नही। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार 26 मई की रात सिंगरौली के आमचुना से बारात आई। उन्होंने बताया कि जयमाल के दौरान माला पहनाने से पहले दुल्हन ने अपने दूल्हे से परीक्षा के बाद ही विदाई होने की बात रखी। उन्होंने कहा कि इस पर दूल्हा और उसके परिवार के लोग राजी हो गए। उन्होंने बताया कि रात भर विवाह का कार्यक्रम चला और सुबह होने पर वह छात्रा दुल्हन के पहनावे में ही परीक्षा देने के लिए कार से महाविद्यालय पहुंच गई। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्र ने बताया कि जुड़ावती बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है और शुक्रवार को उसकी समाजशास्त्र विषय की परीक्षा भी थी।

## क्विक न्यूज

### मंदबुद्धि युवक की हत्या के आरोप में उसका सगा भाई गिरफ्तार

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के स्योहारा क्षेत्र मे एक व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर अपने छोटे भाई की हत्या कर उसका शव जलाने के आरोप मे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पिछली 23 मई को स्योहारा थाने के मुबारकपुर गांव मे एक युवक का अधजला शव मिला था। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान पंकज (22) के रूप मे हुई थी। घटना की जांच के दौरान मृतक के बड़े भाई अशोक (32) को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने अपने भाई की हत्या का गुनाह कुबूल कर लिया। सिंह के मुताबिक अशोक ने पूछताछ मे बताया है कि पंकज मन्दबुद्धि था और वह नग्न घूमता रहता था और घर मे लड़ताझगड़ता रहता था। उन्होंने बताया कि पिछली 22 मई को पंकज गांव के बाक्लवाला तालाब के पास बैठा था और घर चलने की बात कहने पर वह मारपीट करने लगा। उन्होने बताया कि मारपीट होने से गुस्से मे आए अशोक ने जेब मे रखे ब्लेड से पंकज की हत्या कर दी और शव पर गन्ने की पत्ती डालकर आग लगा दी।

### सर्राफा व्यवसाई की पत्नी और बेटे की हत्या मामले में मृतक की बहन समेत दो गिरफ्तार

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के क्वारसी क्षेत्र स्थित सुरेंद्र नगर इलाके मे बृहस्पतिवार रात एक सर्राफा व्यवसाई की पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले मे मृतक की बहन और उसके मंगेतर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि सुरेंद्र नगर निवासी ललित सर्राफ बृहस्पतिवार रात जब अपने घर लौटा तो खून से लथपथ पत्नी शिखा (37) और बेटे दिग्वांशु (9) को मृत अवस्था मे पाया। सूत्रों के मुताबिक, ललित की दोनो बेटियां उसी दिन अपने किसी रिश्तेदार के घर गई थी और वारदात के समय घर मे मां-बेटे के अलावा कोई नही था। उन्होने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त फुटेज मे दो नकाबपोश घर के अंदर जाते और कुछ देर बाद बाहर निकलते देखे गए। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को इस दोहरे हत्याकांड मे मृत महिला की छोटी बहन अंजलि वर्मा और उसके मंगेतर सुमित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने बताया कि ललित सर्राफ ने इन दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस दोनो से पूछताछ कर रही है। मृतक मां-बेटे के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### डंपर ने तीन महिलाओं को कुचला, दो की मौत

**पीलीभीत (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र मे शुक्रवार तड़के सैर पर निकली तीन महिलाएं डंपर की चपेट मे आ गईं। इस हादसे मे दो महिलाओ की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के परसिया गांव निवासी दीनानाथ की पत्नी मुन्नी देवी (40), निर्मला देवी (38) और सोमवती देवी तड़के करीब चार बजे टहलने जा रही थी, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात डंपर ने तीनो को रौंद दिया। उन्होंने बताया कि हादसे मे मुन्नी देवी और निर्मला देवी की मौत हो गई, जबकि सोमवती देवी को गंभीर हालत मे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। बीसलपुर के क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार के अनुसार, पुलिस ने दोनो महिलाओ के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है।

### शराबियों ने दंपति व उसके भाई से की मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शराब के नशे में धुत गांव के ही तीन लोगों ने दंपति व उसके भाई के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बनियानी निवासी ज्ञान सिंह पुत्र रामभरोसे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की शाम वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही बबलू, राज और रामअवतार ने शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसके द्वारा मना करने पर उक्त गणों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसकी पत्नी रेखा और भाई शेर सिंह को भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### रंजिश के चलते युवक को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असोलिया निवासी बृजेश कुमार पुत्र शिवेंद्र सिंह ने बताया है कि गांव के ही तीन लोगों ने रंजिश को लेकर खेत से घर लौटते समय उसे रास्ते में रोककर अभद्रता की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नहर में बही बालिका का शव 45 घंटे बाद हुआ बरामद

**कोंच (जालौन)।** दो दिन पूर्व जालौन शाख नहर में पड़री पुल के समीप पैर फिसलने के कारण नहर के पानी में लापता बालिका राखी का शव 45 घंटे बाद पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर युवती का फूला हुआ शव पानी पर उतराता मिला। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि बुधवार शाम करीब तीन बजे अपने ननिहाल ग्राम पड़री में रह रही लगभग 18 वर्षीय राखी पुत्री छिदामी बरार उस वक्त गांव के बाहर से निकली जालौन शाख नहर में डूब कर लापता हो गई थी जब वह हाथ पैर धोने के लिए नहर पर गई और अचानक उसका पैर फिसल गया था। राखी की खोज के लिए उसी दिन से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। नहर में जाल भी बंधवाए गए थे और ऊपर से नहर का पानी भी अधिकारियों ने कम कराया था। इसके अलावा डोंगियों की मदद से नहर में उगी झाड़ियों में भी राखी को खंगाला जा रहा था किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। नहर का पानी कम हो जाने के बाद शुक्रवार को घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर अचानक उसका फूला हुआ शव पानी पर उतराता दिखाई दिया। मौके पर मौजूद कोतवाल बलिराज शाही ने ग्रामीणों की मदद से शव को जैसे ही बाहर निकलवाया, वहां मौजूद राखी के परिजन फूट फूट कर रो पड़े। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बीडीओ ने हैंडपंपों से समरसेबिल हटाये जाने के दिए निर्देश

**कुठौंद (जालौन)।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत बिचौली में ग्रामीण जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राम से जुड़ी हुई समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना था। जन चौपाल में खंड विकास अधिकारी संदीप यादव, एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, जेई आरईएस अभिषेक कुमार ओमर, ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रभूषण सचान जेएमआई राजेंद्र यादव, तकनीकी सहायक सोनेलाल वर्मा, पर्यवेक्षक नवीन अवस्थी सिंचाई विभाग की उपस्थित में ग्राम प्रधान महेश कुमार, पंचायत मित्र प्रवीण सोलंकी, चरण सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार द्वारा ग्राम निधि, 15 वें वित्त, मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों को समस्त ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर जानकारी दी गई। जन चौपाल में 10 हैंडपंप रिबोर, 60 मरम्मत नौ कुआं इसमें एक चालू है। इसके बाद प्रथम शिकायत श्याम सुंदर के दरवाजे पर हैंडपंप में समर्सिबल शीशपाल सिंह के दरवाजे हैंडपंप में समर्सिबल निकलवाने की बात ग्रामीणों ने रखी।

# सावधान! एटीएमों के आसपास सक्रिय हैं साइबर अपराधी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** यदि आप एटीएम कार्ड का उपयोग करते हैं तो उपयोग करते समय अपने आसपास साइबर अपराधियों से सतर्क रहें। क्योंकि नगर के अधिकांश एटीएम के आसपास नई उम्र के साइबर अपराधी एटीएम उपयोगकर्ताओं के साथ साइबर अपराध की घटना को अंजाम देकर हजारों रुपये का चूना लगा सकते हैं।

ऐसा ही एक मामला उस समय प्रकाश में आया जब नगर के जीटी रोड स्थित हिटाची के एटीएम पर रुपये निकालने गए अधिवक्ता को वहां पहले से ही मौजूद दो युवक दिखाई दिए। उन्होंने अधिवक्ता से एटीएम मशीन में कार्ड फसने की बात कही। लेकिन उनकी बात को दरकिनार कर अधिवक्ता ने अपना एटीएम कार्ड मशीन में लगाया। तो कार्ड फस गया। तभी मौके पर मौजूद साइबर अपराधियों ने अधिवक्ता को पास में पड़ी पर्ची दिखाते हुए कस्टमर केयर नंबर दिया। जो कि उनके ही एक साथी का नंबर था। लेकिन अधिवक्ता ने अपनी सूझबूझ के चलते एटीएम के खाते में जमा रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिया। इस दौरान दोनों साइबर अपराधी अधिवक्ता का एटीएम कार्ड निकाल कर फरार हो गए। एटीएम बंद होने पर जब एटीएम के संचालक ने वीडियो फुटेज खंगाले तो पूरा मामला सामने आया। कि दोनों युवकों ने कार्ड डालने वाली जगह पर एलपी भर दी और अपनी जेब से कस्टमर केयर की प्रतियां निकाल कर एटीएम पर रख देते हैं। जिससे कार्ड मशीन में फंस जाता है और साइबर अपराधियों के सुझाव पर एटीएम धारक कस्टमर केयर पर जो कि उनका तीसरा साथी है को फोन कर खाते से संबंधित एवं कोड से संबंधित जानकारी दे देते हैं। जिससे एटीएम धारक के मोबाइल पर रुपये की निकासी के मैसेज आना शुरू हो जाते हैं।

# भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में हुई योगी सरकार के बजट की सराहना

● **योगी के बजट से राम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास को मिलेगी नई उड़ान**

**रतन पटेल।** चित्रकूट



प्रतिक्रिया देते लोग — पायनियर

**योगी सरकार** द्वारा पेश किया गया छठवां बजट विकास परक बजट है। इसमें चित्रकूटधाम तीर्थक्षेत्र विकास के लिए 3.50 करोड़ की घोषणा एवं गोस्वामी तुलसीदास की जन्म स्थली व महर्षि वाल्मीकि आश्रम के चहुमुखी विकास के निर्णय की भगवान श्रीराम की तपोभूमि में जमकर सराहना हो रही है।लोगों का मानना है कि योगी सरकार ही सही मायने में सूबे का चहुमुखी विकास कर रहीं है। आपकों बता दे कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के बजट में बुन्देलखण्ड में ग्रीन कॉरीडोर निर्माण, चित्रकूट की हवाई पट्टी में जल्द उड़ान, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का जल्द शुभारंभ की बात शामिल किये जाने के अलावा किसानों के लिए 15 हजार सोलर पम्प, नमामि गंगे में 97 करोड़, प्रदेश के 34307 राजकीय नलकूपों से किसानों को मुफ्त सिंचाई जैसी घोषणाएं बजट को विकासपरक बनाती हैं। बुंन्देलखण्ड क्षेत्र की विशेष योजनाओं के लिए बजट में 500 करोड़ की व्यवस्था की गई है।योगी सरकार के बजट की धर्म नगरी के लोगों ने जमकर सराहना की है। चित्रकूट के प्रमुख संत डा0राम नारायण त्रिपाठी का कहना है कि योगी सरकार यूपी की पहली ऐसी सरकार बनी है,जिसने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किये है। कहा कि नये बजट से चित्रकूट के विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं समाजसेवी श्रीमती ज्योति करवरिया ने कहा कि योगी सरकार यूपी के चहुमुखी विकास के साथ-साथ देश के करोडों हिन्दूओं के मान-सम्मान के लिए भी काम कर रहीं है। उन्होने कहा कि योगी सरकार के बजट में सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखा गया है। वहीं सुनील सिंह पटेल एवं आनंद त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार ने जिनता विकास बुंदेलखंड का किया है।उतना आजादी के बाद से बनी किसी सरकार ने नही किया।उन्होने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और एयरपोर्ट के चालू होने के बाद चित्रकूट की तकदीर और तस्वीर ही बदल जायेगी।इसके अलावा व्यापारी नेता रामबाबू गुप्ता एवं शारदा अग्रहरि ने बजट का स्वागत करते हुए कहा प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प की झलक इस बजट में दिखायी देती है। नये उद्योगों की स्थापना और उनके विस्तार से प्रदेश के विकास को एक नई गति और पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, नौजवान, महिला, अल्पसंख्यक, व्यापारी, अधिवक्ता, छात्र, सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है।उन्होंने कहा कि चित्रकूट के विकास पर जोर देने से पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## लंबित विवेचनाओं को लेकर अधीनस्थों के एसपी ने कसे पेंच

**कोंच (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने गुरुवार की रात सर्किल कोंच के सभी चारों थानों का अर्दली रूम किया जिसमें लंबित विवेचनाओं को लेकर अधीनस्थों के पेंच कसे गए। अपराध समीक्षा के दौरान टॉप-10, गैंगस्टर, वांछितों की गिरफ्तारी आदि को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए। कार्य में शिथिलता को लेकर कई इंचार्जों और थानेदारों को एसपी की फटकार भी खानी पड़ी। एसपी रवि कुमार ने गुरुवार की देर रात थाना कोतवाली में सर्किल के के सभी चारों थानों कोंच, नदीगांव, कैलिया व एट का अर्दली रूम किया, जिसमें समस्त विवेचकों से विवेचनाओं की प्रगति एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, टॉप-10, गैंगेस्टर एक्ट के प्रस्तावित प्रकरणों, मिशन शक्ति के कार्यों आदि की समीक्षा की गई। लंबे समय से लंबित पड़ीं विवेचनाओं को लेकर संबंधित विवेचकों को एसपी ने लंबा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एसपी ने कहा, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गुदड़ी के लाल का कमाल, पुजारी का बेटा बना पीसीएस अफसर

# सीतापुर के गांजरी इलाके का रहने वाला हरेन्द्र तिवारी बना पीसीएस अधिकारी

**संवाददाता।** रेउसा सीतापुर

● **राज्य कृषि सेवा परीक्षा 2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक विकास शाखा समूह ए में हुआ चयन**

● **पिता करते हैं पांडित्य और भाई मजदूरी-किसानी, हरेन्द्र की कामयाबी पर उत्साहित है परिवार**

● **रेउसा के कनकारी गांव निवासी हरेन्द्र तिवारी ने परिवार, क्षेत्र व जनपद को किया गौरवान्वित**



**मंजिल** उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, परों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इन लाइनों को सीतापुर के गांजर में रहने वाले हरेन्द्र तिवारी ने चरितार्थ कर दिया है। गुदड़ी के इस लाल ने ऐसा कमाल किया जिससे न सिर्फ उसके बल्कि समूचे क्षेत्र और जनपद को गौरवान्वित कर दिया। बेहद साधरण परिवार में जन्में हरेन्द्र ने विपरीत हालातों का सामना करते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य कृषि सेवा परीक्षा 2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (विकास शाखा) समूह ए में हरेन्द्र का चयन हुआ है। पुजारी का बेटा और मजदूर, किसान का भाई पीसीएस अफसर बन गया। हरेन्द्र की इस सफलता से उसका परिवार काफी उत्साहित है। सीतापुर के ब्लॉक रेउसा क्षेत्र के कनकारी में रहने वाले हरेन्द्र तिवारी उर्फ गुड्डू केटीम पहुंची तो बेहद खुशनुमा माहौल था। बेटे के पीसीएस अफसर बनने की खुशी पिता मूलचंद तिवारी की आंखों और उनकी बातों में साफ झलकी। आई इंडिया से बात करते हुए हरेन्द्र के पिता कई बार भावुक भी हो गए। दरअसल, पूजा-पाठ कर तीन बेटों और एक बेटी का पालन-पोषण कर रहे मूलचंद तिवारी की धर्मपत्नी का देहावसान उस समय हो गया था जब हरेन्द्र व उसकी बहन दिव्या छोटी ही थी। मूलचंद बताते हैं, कि धर्मपत्नी के देहावसान के बाद उसने मां और पिता दोनों की जिम्मेदारी निभाई। पांडित्य के अलावा डेढ़ एकड़ खेती में मेहनत मजदूरी कर जैसे भी बन पड़ा उसे पढ़ाया।कनकारी गांव में हरेन्द्र के पिता मूलचंद और उसके दो बड़े भाई रेशु तिवारी तथा वीरेन्द्र तिवारी रहते हैं। मां सविता का 18 साल पहले निधन हो चुका है। बहन दिव्या तिवारी भी एमए के बाद सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही है। हरेन्द्र के परिवार की माली हालत कैसी है इसका अंदाजा आप उसका घर देखकर लगा सकते हैं। बड़े भाई रेशु ने बताया कि पैसों के अभाव में उसने हाईस्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ दी और घर का खर्च चलाने में मदद करने के लिए मेहनज मजदूरी करने लगा। दूसरे भाई वीरेन्द्र ने भी संस्कृत से शास्त्री तक की पढ़ाई की है। हरेन्द्र पढ़ने में अच्छा था इसलिए उसकी पढ़ाई जारी रखी गई। इंटर तक की शिक्षा हरेन्द्र ने घर पर रहकर की है। फिर बीएसी हरदोई से की।

एमएससी सरदार बल्लभ भाई कृषि इंस्टिट्यूट मेरठ से की और टॉप किया। भाई रेशु ने बताया कि एमबीआरआई में नौकरी मिली तो हरेन्द्र ने जॉइन कर लिया। मगर उसका लक्ष्य कुछ और ही था, लिहाजा कुछ दिन बाद नौकरी छोड़कर फिर से तैयारी में जुट गया। पीएचडी में पहली रैंक हासिल की और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने में जुट गया। आखिरकार मेहनत रंग लाई और हरेन्द्र का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य कृषि सेवा परीक्षा 2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (विकास शाखा) समूह ए में हो गया हैं।

# राजस्थान फाइनल में, बटलर का चौथा शतक

● आरसीबी को सात विकेट से हराया

**भाषा।** अहमदाबाद

**राजस्थान रॉयल्स** ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (नाबाद 106 रन) की तेज तर्रार शतकीय पारी से शुक्रवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर 29 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना पदार्पण कर रही गुजरात टाइटंस से होगा।

इस सत्र में यह बटलर का चौथा शतक था जिसके लिए उन्होंने 59 गेंद में 10 चौके और पांच छक्के जड़े। फिर एक और छक्का जड़कर टीम को रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा दिया।

राजस्थान रॉयल्स ने खचाखच भरे स्टेडियम में पहले प्रसिद्ध कृष्णा (22 रन देकर तीन विकेट) और ओबेद मैकॉय (23 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से आरसीबी को आठ विकेट पर 157 रन के स्कोर पर रोक दिया था। फिर बटलर की 60 गेंद में 10 चौके और छह छक्के जड़ति नाबाद पारी से 18.1 ओवर में तीन विकेट 161 रन बनाकर जीत दर्ज की। राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल (21 रन) ने पहले ही ओवर में मोहम्मद सिराज पर दो छक्के और एक चौके से 16 रन जोड़कर तेज शुरूआत की। बटलर ने तीसरे ओवर में सिराज पर दो चौके और एक छक्का जबकि शाहबाज अहमद पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। पर छठे ओवर की पहली गेंद पर जायसवाल (13 गेंद, एक चौका, दो छक्के) हेजलवुड की गेंद पर आउट हो गए और पहले विकेट के लिए बटलर के साथ 61 रन की साझेदारी भी खत्म हुई। बटलर ने टीम का मैच पर दबदबा बरकरार रखते हुए 23 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्हें जीवनदान भी मिला जब हर्षल पटेल की गेंद पर विकेटकीपर दिनेश कार्तिक कैच लपकने से चूक गए। राजस्थान रॉयल्स ने 9.1 ओवर में रनों का शतक पूरा किया। हसारंगा डिसिल्वा की गुगली पर कप्तान संजू सैमसन (23 रन) आउट हो गए जिससे बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी खत्म हुई। राजस्थान रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में 32 रन की जरूरत थी। बटलर ने 16वें ओवर में हसारंगा की चौथी गेंद पर छक्का जड़कर सत्र में 800 रन पूरे किए। फिर अंतिम गेंद पर लांग ऑन दूसरा छक्का जड़ा। बटलर अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे, टीम ने देवदत्त पडीक्कल (09) के रूप में तीसरा विकेट गंवा दिया। इससे पहले पिछले एलिमिनेटर मैच में शतक जड़कर सुर्खियों में आए रजत पाटीदार (58 रन) के अर्धशतक के बावजूद आरसीबी बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी। पाटीदार ने छठे ओवर में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 42 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के जड़े। कप्तान फॉफ डुप्लेसी ने 25 और ग्लेन मैक्सवेल (13 गेंद में, दो छक्के, एक चौका) ने 24 रन का योगदान दिया। कृष्णा ने पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ निराशाजनक गेंदबाजी प्रदर्शन से वापसी की और तीन विकेट झटके जिसमें विराट कोहली और दिनेश कार्तिक के विकेट शामिल थे। मैकॉय ने भी तीन विकेट झटके।




### स्कोरबोर्ड

**रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलोर** :कोहली का सैमसन बो प्रसिद्ध कृष्णा 07, डु प्लेसी का अश्विन बो मैकॉय 25,पाटीदार का बटलर बो अश्विन 58,मैक्सवेल का मैकॉय बो बोल्ट 24,लोमरोर का अश्विन बो मैकॉय 08,कार्तिक का पराग बो प्रसिद्ध कृष्णा 06,अहमद नाबाद 12,हसारंगा बो प्रसिद्ध कृष्णा 00, पटेल बो मैकॉय 01,हेजलवुड नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 15,**कुल** : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 157 रन,**विकेट पतन** :1-9, 2-79, 3-111, 4-130, 5-141, 6-146, 7-146, 8-154, **गेंदबाजी** : ट्रेंट बोल्ट 4-0-28-1,प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-22-3,ओबेद मैकॉय 4-0-23-3,रविचंद्रन अश्विन 4-0-31-1,युजवेंद्र चहल 4-0-45-0

**राजस्थान रॉयल्स** : यशस्वी का कोहली बो हेजलवुड 21,बटलर नाबाद 106 ,सैमसन स्टं कार्तिक बो डिसिल्वा 23, पडीक्कल का कार्तिक बो हेजलवुड 09,हेटमायर नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 00,**कुल** : 18.1 ओवर मे तीन विकेट पर 161 रन,**विकेट पतन** :1-61, 2-113, 3-148,**गेंदबाजी** : सिराज 2-0-31-0,हेजलवुड 4-0-23-2,मैक्सवेल 3-0-17-0,अहमद 2-0-35-0, पटेल 3.1-0-29-0, हसारंगा 4-0-26-1

# जापान से बदला चुकता करने उतरेगा भारत

● एशिया कप हॉकी का सुपर चार मुकाबला आज

**भाषा।** जकार्ता



**जोरदार वापसी** करके अगले दौर के जिए क्वालीफाई करने वाली आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां एशिया कप के सुपर चार के अपने मैच में जपान से भिड़ेगी तो उसकी नजरें बेहतर प्रदर्शन करके इस टीम के खिलाफ ग्रुप चरण में मिली हार का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी। अंतिम ग्रुप लीग मैच में इंडोनेशिया की कमजोर टीम का सामना करने के बावजूद सरदार सिंह के मार्गदर्शन में खेल रही युवा टीम की एक घंटे में 16 गोल दागने के लिए सराहना हो रही है। भारत को पाकिस्तान को पछाड़कर सुपर चार में जगह बनाने के लिए 15-0 या इससे बेहतर अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी और टीम ऐसा करने में सफल रही। भारत और पाकिस्तान दोनों के पूल ए में चार अंक रहे लेकिन गत चैंपियन भारत ने बेहतर गोल अंतर के कारण अगले दौर में जगह बनाई। इस ग्रुप में जापान शीर्ष पर रहा। पहले दो मैच में हालांकि भारत का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। मेजबान होने के नाते पहले ही अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के कारण भारत ने टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों को उतारने का फैसला किया जिससे कि उन्हें अनुभव मिल सके। भारतीय टीम में 12 ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इससे पहले सीनियर स्तर पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला।

भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला और फिर उसे जापान के खिलाफ 2-5 की हार का सामना करना पड़ा जिससे उस पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। भारत ने हालांकि जोरदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की और अगले दौर में जगह बनाई। टीम को जापान से भी मदद मिली जिसने पाकिस्तान को अपने अंतिम ग्रुप मैच में 3-2 से हराया। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अब बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जहां जापान और उसके अलावा दक्षिण कोरिया और मलेशिया ने जगह बनाई है। ए सभी टीम एक दूसरे से एक बार भिड़ेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम के बीच फाइनल होगा। भारत अब जापान से ग्रुप चरण में मिली हार का बदला लेना चाहेगा। टीम की राह हालांकि आसान नहीं होगी। जापान की टीम पलटवार करने में माहिर है और ग्रुप चरण में भारत के खिलाफ इसका नजारा पेश कर चुकी है।

पेनल्टी कॉर्नर पर अधिक गोल करने में नाकामी भारत की चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि टीम के पास रूपिंदरपाल सिंह और अमित रोहिदास जैसा ड्रैगफ्लिकर नहीं है। यहां तक कि इंडोनेशिया की कमजोर टीम के खिलाफ भी भारत 20 से अधिक पेनल्टी कॉर्नर में से आधों को भी गोल में नहीं बदल सका। भारत की रक्षापंक्ति को गति पर निर्भर जापान के खिलाड़ियों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिडफील्ड को भी गोल करने के अधिक मौके बनाने होंगे।

## साइ ने तीन सदस्ईय समिति का गठन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने जिम्नास्ट अरूणा बुद्ध रेड्डी के वीडियोग्राफी के आरोपो की जांच के लिए शुक्रवार को कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन की अध्यक्षता मे तीन सदस्ईय जांच समिति का गठन किया। अरूणा का आरोप है कि मार्च के महीने मे आयोजित एक शारीरिक फिटनेस परीक्षण के दौरान उनकी सहमति के बिना उनकी वीडियोग्राफी की गई। जांच समिति में राधिका के अलावा कोच कमलेश तिवाना और उप निदेशक (संचालन) कैलाश मीणा भी शामिल है।

## माराडोना के सम्मान में बनेगा फ्लाइंग म्यूजियम

**ब्यूनर्स आयर्स।** अर्जेन्टीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना के सम्मान में जल्द ही आसमान मे फ्लाइंग म्यूजियम (उड़ता हुआ संग्रहालय) उड़ता हुए नजर आएगा। बुधवार रात टेंगो डी10एस विमान को पेश किया गया जो अर्जेन्टीना मे विभिन्न स्थलों पर जाएगा और माराडोना के प्रशंसको को मैदान पर आने के लिए प्रेरित करेगा। माराडोना का 2020 में 60 साल की उम्र मे मस्तिष्क की सर्जरी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। विमान के बाहरी हिस्से मे माराडोना की तस्वीरें लगाई गई। इसमे 1986 की वह तस्वीर भी है जिसमे माराडोना अर्जेन्टीना की जर्सी पहने हुए है और विश्व कप ट्रॉफी को चूम रहे है।

## विशेष आम बैठक की अनुमति की मांग वाली जेओए की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विशेष आम बैठक आयोजित करने की अनुमति की मांग वाली झारखंड ओलंपिक संघ (जेओए) की याचिका को शुक्रवार को खारिज करते हुए इस मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करने को कहा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नही है। ऐसे मे विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने दलील दी कि दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने उन्हे मौका दिया था और कहा था कि खेल के व्यापक हित मे उन्हे (जेओए) चीजों को ठीक करने की आवश्यकता है।

## एशियाई खेलों के स्थगित होने से हमें सुधार करने का अधिक समय मिलेगा: सविता

**बेंगलुरू** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता को एशियाई खेलो मे अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है क्योंकि हांगझोउ मे होने वाले इन महाद्वीपीय खेलो के स्थगित होने से टीम को ट्रेनिंग और सुधार करने का अधिक समय मिलेगा जैसा तोक्यो ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने के दौरान हुआ था। ओलंपिक खेल 2020 को कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित किया गया था और इनका आयोजन 2021 मे हुआ था। भारतीय टीम को अब दोबारा इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि एशियाई खेलो को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सविता ने हॉकी इंडिया के पोडकास्ट हॉकी ते चर्चा पर कहा, हम इन खेलो के स्थगित होने से एक बार फिर इस तरह निपटेंगे कि हम इसे एशियाई खेलों के लिए ट्रेनिंग और बेहतर तैयार होने के मौके के रूप मे लेंगे।

# चेसेबल मास्टर्स फाइनल: टाईब्रेक में डिंग लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा

**भाषा।** चेन्नई



युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को शुक्रवार को मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2020 आनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़े मुकाबले में टाईब्रेकर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डिंग लिरेन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेन्नई के 16 साल के प्रज्ञानानंदा ने वापसी करते हुए पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट जीत लिया लेकिन इसके बाद वह दो बाजी के ब्लिट्ज टाईब्रेकर में हार गए। पहला सेट 1.5-2.5 से गंवाने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 2.5-1.5 से जीता जिसके कारण नजीजे के लिए ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा। लिरेन ने इसके बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरी टाईब्रेकर बाजी में प्रज्ञानानंदा को हरा दिया। टाईब्रेकर की पहली बाजी ड्रॉ रही थी लेकिन चीन के खिलाड़ी ने अगली बाजी 49 चाल में जीतकर प्रज्ञानानंदा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले मुकाबले को टाईब्रेक में खींचने के लिए प्रज्ञानानंदा को दूसरा सेट जीतना जरूरी था और उन्होंने महत्वपूर्ण जीत दूसरी बाजी में 79 चाल में दर्ज की। दूसरे सेट की अन्य बाजी बराबरी पर छूटी जिससे मुकाबले के नतीजे के लिए टाईब्रेक का सहारा लिया गया। प्रज्ञानानंदा सेमीफाइनल में नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीष गिरी को हराकर मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाहले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को दूसरी बार हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में चीन के वेई ई को शिकस्त दी।

## पंत अगर 100 टेस्ट खेलते हैं तो उनका नाम हमेशा के लिए रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो जाएगा : सहवाग

**भाषा।** मुंबई

पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने शुक्रवार को कहा कि अगर ऋषभ पंत अपने नाम को हमेशा के लिए रिकॉर्ड बुक में दर्ज करना



चाहते हैं तो उन्हें देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने का प्रयास करना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक लगाने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर सहवाग उन 11 भारतीयों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से अधिक टेस्ट खेले हैं और 8500 से अधिक रन बनाए हैं। पंत भारत के इकलौते विकेटकीपर है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं। उन्होंने अब तक 30 टेस्ट खेले हैं और 40.85 की औसत से 1920 रन बनाए हैं।

# फर्नांडो को छह विकेट, श्रीलंका ने श्रृंखला जीती

● बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

**भाषा।** ढाका



**असित फर्नांडो** की तूफानी गेंदबाजी से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-0 से जीत ली।

बांग्लादेश का स्कोर दूसरी पारी में एक समय पांच विकेट पर 156 रन था और लग रहा था कि मेजबान टीम मैच ड्रॉ कराने की ओर बढ़ रही है लेकिन फर्नांडो (51 रन पर छह विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आगे टीम 169 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में 93 रन देकर चार विकेट चटकाने वाले फर्नांडो ने करियर में पहली बार मैच में 10 विकेट हासिल किए। श्रीलंका को 29 रन का लक्ष्य मिला जिसके बाद ओशादा फर्नांडो (नौ गेंद में नाबाद 21 रन) और कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (नाबाद सात) ने तीसरे ओवर में ही मेहमान टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 29 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिला दी। अनुभवी शाकिब अल हसन (58) और लिटन दास (52) ने इससे पहले बांग्लादेश से पारी के हार के खतरे को टाला। बांग्लादेश ने दिन की शुरूआत चार विकेट पर 34 रन से की। इस समय टीम को पारी की हार का खतरा टालने के लिए 107 रन की दरकार थी। टीम ने दिन के आठवें ओवर में ही अच्छी फॉर्म में चल रहे मुशफिकुर रहीम (23) का विकट गंवा दिया जिन्हें कासुन रजिता (40 रन पर दो विकेट) ने नीची रहती गेंद पर बोल्ड किया। श्रीलंका की पारी में 96 रन पर पांच विकेट चटकाने वाले शाकिब ने इसके बाद मोर्चा संभाला और कुछ आकर्षक शॉट खेले। पहली पारी में करियर की सर्वश्रेष्ठ 141 रन की पारी खेलने वाले लिटन ने सतर्कता से बल्लेबाजी की। उन्हें मैदानी अंपायर ने नौ रन के निजी स्कोर पर आउट दिया लेकिन डीआरएस की मदद लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन ने बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रम की गेंद पर एक रन के साथ अपने 33वें टेस्ट में दो हजार रन पूरे किए। शाकिब ने तेजर्तार पारी खेलते हुए आफ स्पिनर धनंजय डिसिल्वा पर चौके के साथ 62 गेंद में 27वां अर्धशतक पूरा किया। लिटन ने भी 130 गेंद में 13वां अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद फर्नांडो को उन्हीं की गेंद पर वापस कैच थमा दिया जिसके बाद बांग्लादेश की पारी ढह गई।

उन्होंने शाकिब के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन जोड़े और अपनी पारी के दौरान 135 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे। शाकिब भी फर्नांडो की गेंद पर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दे बैठे जिससे बांग्लादेश की टेस्ट ड्रॉ कराने की रही सही उम्मीद भी टूट गई। शाकिब ने 72 गेंद का सामना करते हुए सात चौके मारे। फर्नांडो ने इसके बाद ताइजुल इस्लाम (01) और खालिद अहमद (00) को पवेलियन भेजकर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 365 रन बनाए थे जिसके जवाब में श्रीलंका ने 506 रन का स्कोर खड़ा किया था।

# छेत्री की वापसी से जोर्डन के खिलाफ मैत्री मैच में भारत के पास बेहतर मौका

**भाषा।** दोहा

**भारतीय फुटबॉल** टीम शनिवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जोर्डन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में जब मैदान में उतरेगी तो करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री की चोट से वापसी से उसका उत्साह बढ़ा हुआ होगा। सैंतीस साल के छेत्री ने पिछली बार अक्टूबर 2021 में सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में नेपाल पर 3-0 से जीत के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद से वह चोट के कारण टीम से बाहर थे। एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर 2023 से पहले यह मैच भारत के लिए तैयारी का आखिरी मौका होगा।



एशियाई कप क्वालीफायर के मैच आठ जून से कोलकाता में खेले जाएंगे। भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में 106 वें स्थान पर है जबकि जोर्डन की फीफा रैंकिंग 91 है। भारतीय टीम इस मुकाबले के लिए बुधवार को यहां पहुंची। कोच इगोर स्टिमक ने कहा, मजबूत टीम के साथ एक और मैच खेलना मददगार होगा। क्वालीफायर से पहले यह हमारा आखिरी मैत्री मैच है और हम टीम में कुछ मुद्दों का हल तलाश रहे हैं। हमारे कुछ युवाओं के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर होगा। प्रतिद्वंद्वी टीम के रूप में जोर्डन के बारे में, कोच ने कहा, जोर्डन की रैंकिंग बेलारूस (फीफा रैंकिंग 93) से बेहतर है, लेकिन उनके खिलाड़ी शारीरिक रूप से बेलारूस की तरह मजबूत नहीं हैं इसलिए हमारे लिए गेंद को अपने पास रखना थोड़ा आसान होना चाहिए। भारतीय टीम मार्च में बेलारूस के खिलाफ खेली थी जिसमें उसे 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। मैच भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे खेला जाएगा।

# हरियाणा और एसएससीबी चैंपियन

● सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप

**भाषा।** बेल्लारी (कर्नाटक)

**सेना खेल** नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) और हरियाणा के मुक्केबाजों ने 2022 सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में यहां क्रमश: लड़कों और लड़कियों के वर्ग का टीम चैंपियनशिप खिताब जीता। गत राष्ट्रीय एलीट पुरुष चैंपियन एसएससीबी ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया। टीम के सभी नौ मुक्केबाज सर्वसम्मति से अपने मुकाबले जीतने में सफल रहे जिससे उसने लड़कों की टीम चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। एसएससीबी ने 73 अंक जुटाए और 10 पदक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। एसएससीबी के आकाश बधवार सबसे प्रभावी मुक्केबाज रहे। उन्होंने लड़कों के 40 किग्रा फाइनल में हरियाणा के विनीत कुमार को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। आकाश को चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया। हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने क्रमश: 58 और 24 अंक के साथ लड़कों के वर्ग में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के महेश (46 किग्रा) को सबसे प्रतिभावान मुक्केबाज जबकि झारखंड के अनीष कुमार सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर पुरस्कार दिया गया। लड़कियों के वर्ग में हरियाणा ने 60 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। टीम 10 पदक के साथ शीर्ष पर रही। पुणे की आर्या को सबसे प्रतिभावान मुक्केबाज चुना गया जबकि मणिपुर की जॉयश्री देवी को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया।

## बाबर सभी प्रारूपों में नंबर एक बनने वाला पहला बल्लेबाज बन सकता है : कार्तिक

**दुबई।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि बाबर आजम जल्द ही सभी प्रारूपों में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं और पाकिस्तान के कप्तान को अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव का फायदा मिल रहा है। तीनों प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाबर अभी टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक बल्लेबाज हैं और कार्तिक को भरोसा है कि बाबर खेल के इतिहास में तीनों प्रारूप में शीर्ष पर काबिज होने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। कार्तिक ने द आईसीसी रिव्यु पर कहा, शत प्रतिशत हो सकता है (वह तीनों प्रारूप में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने में सक्षम है)।

## आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कार्तिक को फटकार

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को कोलकाता में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रेस विज्ञप्ति में हालांकि यह जिक्र नहीं है कि असल में उन्होंने क्या अपराध किया।

## आईपीएल जैसी लीग की अवधि बढ़ाने से द्विपक्षीय श्रृंखलाओं के लिए समय कम होगा: बार्क्ले

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने शुक्रवार को कहा कि अगर आईपीएल जैसी टी20 लीग की आयोजन अवधि बढ़ेगी तो अंतरराष्ट्रीय टीमों के बीच द्विपक्षीय मुकाबले कम हो सकते हैं। आईपीएल में इस सत्र में दो नई टीमों के जुड़ने के बाद मैचों की संख्या 74 हो गई। पिछले सत्र में कुल 60 मैच खेले गए थे। यह पूछे जाने पर कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए बार्कले ने कहा, यह एक अच्छा प्रश्न है। आईपीएल और इस तरह की कुछ अन्य घरेलू लीग के मैचों में बढ़ोतरी के साथ नई लीग भी शुरू होगी।

## धोनी सर का विश्व कप विजई शॉट हर मैच में छक्के जड़ने के लिए प्रेरित करता है: किरण

**पुणे।** महेंद्र सिंह धोनी का विश्व कप जिताने वाला छक्का भारतीयों के दिल और दिमाग में बसा हुआ है और इस शॉट ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी थी जिसमें सोलापुर की एथलीट किरण नवगिरे भी शामिल है। एथलेटिक्स का नुकसान इसके बाद क्रिकेट का फायदा बन गया जब महाराष्ट्र की राज्य स्तर की पूर्व एथलीट किरण ने फैसला किया कि अगर वह अपने आदर्श की तरह लंबे शॉट नहीं खेल पाई तो फिर क्या मजा। धोनी के उस शॉट के 11 साल बाद नगालैंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली 28 साल की किरण ने तुरंत सुर्खियां बटोरी जब उन्होंने बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया। महिला टी20 चैलेंज में दाएं हाथ की बल्लेबाज किरण ने अपनी टीम वेलोसिटी की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और उनकी 34 गेंद में 69 रन की पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

# नडाल और जोकोविच फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**भाषा।** पेरिस

**गत चैम्पियन** नोवाक जोकोविच और पांचवीं रैंकिंग के खिलाड़ी रफाएल नडाल ने शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया।

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज जोकोविच ने स्लोवेनिया के एलजाज बेडेने पर एक घंटे 44 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की। अब 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच का सामना डिएगो श्वार्टजमैन से होगा। नडाल ने तीसरे दौर में बोटिकवान डि जांडचुल्प को 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। स्पेन के इस 13 बार के चैम्पियन का सामना अब क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए नौंवे वरीय फेलिक्स ऑगर एलिसिमे से होगा। कनाडा के एलिसिमे ने फिलिप क्राजिनोविच को 7-6, 7-6, 7-5 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगू पर गुरूवार को 30वीं वरीय एकेटरीना एलेक्सांद्रोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मैच में मिली जीत के दौरान खेल भावना के खिलाफ बर्ताव करने के लिए शुक्रवार को जुर्माना लगाया गया।





# एडीजी कानपुर जोन ने परौंख पहुंच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**● आगामी तीन जून को राष्ट्रपति व पीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमले ने कसी कमर**

संवाददाता। कानपुर देहात


एडीजी भानु भाष्कर व आईजी प्रशान्त कुमार परौंख गांव में संभावित कार्यक्रम को लेकर बनायी गयी अस्थाई पुलिस लाइन का निरीक्षण करते हुये

**राष्ट्रपति,** प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के डेरापुर तहसील क्षेत्र के गांव परौख में 3 जून को संभावित कार्यक्रम को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन भानू भास्कर ने जनपद के परौख गांव पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस मौके पर कानपुर, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र प्रशांत कुमार, जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक स्वप्निल ममगाई द्वारा राष्ट्रपति के आगमन के दृष्टिगत ग्राम परौंख में भ्रमण कर परौख गांव में ही बनाये गये अस्थाई पुलिस लाइन व कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा समय से सारी व्यवस्था को पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये, इस अवसर पर अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे। वहीं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गांव में भ्रमण कर प्रमुख कार्यक्रम स्थानों का जायजा लिया तथा उपस्थित अधिकारियों को संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में साफसफाई, सड़के नालियां इत्यादि दुरस्त रहे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस मौके पर अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे हैं।

## सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शिक्षकों का हुआ साक्षात्कार


सीडीओ सौम्या पाण्डेय सीएम अभ्युदय योजना के अर्न्तगत शिक्षक का साक्षात्कार लेती हुईं

**कानपुर देहात।** समाज कल्याण विभाग उप्र द्वारा संचालित श्मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत दिनांक 27.05.2022 को विकास भवन माती कानपुर देहात में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में कमेटी द्वारा जिसमें कमेटी के सदस्य जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्यए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं यथा सिविल सर्विसेजए जेईई, नीट, एनडीए/सीडीएस एसएससी रेलवे बैंकिंगए यूपीएससी बीएड टीईटी व अन्य भर्ती बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले निर्बल आय वर्ग के छात्रों को नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु अनुभवी विषय विशेषज्ञ अथवा अन्य प्रशिक्षित विद्वतजन की निश्चित मानदेय पर सेवायें लिये जाने हेतु 17 अभ्यार्थियों में से 15 उपस्थिति अभ्यार्थियों के साक्षात्कार लिये गयेए जिनको मानदेय पर नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में कमेटी के निर्णय के पश्चात अभ्यार्थियों को सूचित किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 46,981 लाभार्थी हुए लाभान्वित

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्रधानमंत्री** मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 46,981 लाभार्थी लाभान्वित हुए। जनपद कानपुर देहात-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना हैए जो 1 जनवरी 2017 से पूरे देश में संचालित की जा रही हैए जिसके अंतर्गत पहली बार गर्भधारण करने वाली महिला लाभार्थी को बेहतर स्वास्थ्य की देखभाल करने पोषणयुक्त खानपान हेतु योजना के अंतर्गत शर्तों के अधीन 5000 की सहायता धनराशि किसी भी सरकारी स्वास्थ्य ईकाई में 150 दिनों के भीतर प्रपत्र 1.। भरकर पंजीकरण कराने पर पहली किस्त रु. 1000 द्वितीय किस्त हेतु प्रपत्र 1.ठ भरने एवं कम से कम प्रसव पूर्व जांच होने पर रुपए 000 तथा तृतीय किस्त हेतु शिशु जन्म पंजीकरण एवं पूर्ण टीकाकरण उपरांत प्रपत्र 1.ब् भरने पर रुपए 2000 की सहायता धनराशि तीन किस्तों में डीवीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। आवेदन के लिए . आवेदन पत्रए एम सी पी कार्ड एपहचान प्रमाण पत्र आधार कार्डए बैंकध् पोस्ट आफिस एकाउंट पासबुक एवं शिशु का जन्म प्रमाण पत्र होना अनिवार्य हैए योजना की जानकारी के लिए लाभार्थी निकटतम आशा या आंगनवाड़ी कार्यकत्री से सम्पर्क कर लाभ ले सकता है ।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नोडल अधिकारी डॉ एस एल वर्मा एसीएमओ ने बताया की योजना का लाभ लेने के लिए गर्भवती महिला एवं धात्री माता का आधार बैंक ध् डाकघर खाते से लिंक होना चाहिए। यदि महिला तीनों किस्ते प्राप्त कर लेती है एवं शिशु की मृत्यु हो जाती है तो महिला पुन: गर्भवती होने पर योजना के अंतर्गत दावा नहीं कर सकती है। यदि गर्भवती महिला को गर्भपात हो जाता है तो पुन: गर्भवती होने पर शेष किस्तों का योजना के अंतर्गत दावा कर सकती है। सभी सरकारीध् सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी अथवा किसी भी कानून के तहत समान लाभ प्राप्त वाले करने वाले सरकारी ध् सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी योजना की परिधि से बाहर रहेंगे। जनपद में अब तक कुल 46,981 गर्भवती धात्री महिलाओं को इस योजना से जोड़ा जा चुका हैए जिसके सापेक्ष रुपए 18,54,74,000 की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाते में भारत सरकार द्वारा वितरित की जा चुकी है । लाभार्थी योजना का लाभ पाने हेतु के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं तथा योजना की अधिक जानकारी एवं निस्तारण हेतु लखनऊ हेल्पलाइन नंबर 7998799804 पर कॉल कर के जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

## जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना


डीएम नेहा जैन सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाती हुईं

संवाददाता। कानपुर देहात

**राज्य** मंत्री परिवहन स्वतंत्र प्रभार, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में जिलाधिकारी नेहा जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से सीएससी एवं वीएलई द्वारा बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली माती मुख्यालय से होते हुए नबीपुर, जैनपुर, बारा जोड, शहजादपुर, अकबरपुर, माती तथा पुन: मुख्यालय में रैली समापन किया गया। इस रैली के माध्यम से जनमानस को सड़क सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के नियमों को जनमानस को जानकारी देए सभी बाइक सवार हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें, इससे जीवन की सुरक्षा एवं धूल मिट्टी आदि से भी बचाव होता है, उन्होंने कहा कि चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, ईडीएम तेजस्वी, सीएचसी प्रभारी अमित सिंह, मनीष श्रीवास्तव, अमित कुमार, सचिन पुरवार, रामचन्द्र राजपूत, संदीप भदौरिया, अंकित शुक्ला, सुरेन्द्र प्रताप, मो. तालिब, उदय प्रताप सिंह, बलराम कुमार, सर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बाइक रैली निकालकर यातायात नियमों को लेकर जनता को किया गया जागरूक

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**सड़क सुरक्षा** अभियान के अर्न्तगत सीएससी ई-गर्वनेन्स सर्विसेज इण्डिया लि के तत्वाधान में जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा एक जागरुकता बाइक रैली का आयोजन किया गया।

राज्य मंत्री परिवहन (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर के निर्देश के क्रम मे दिनांक 27 मई दिन शुक्रवार को भारत सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय की संस्था सीएससी ई-गर्वनेन्स सर्विसेज इण्डिया लि के जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा एक सड़क सुरक्षा अभियान जागरुकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गयी जिसको हरी झण्डी जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव द्वारा दिखाई गयी। रैली के माध्यम से जनपदवासियों से यातायात के नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनकर बाइक चलाने, षराब पीकर वाहन न चलाने, पैदल हमेशा फुटपाथ पर चलने, सुरक्षा नियमों का पालन बच्चों को अनिवार्य रुप से सिखाने आदि हेतु जागरुक किया गया। इस अवसर पर सीएससी जिला प्रबंधक अनुदित बाजपेई, जिला प्रबंधक सुशील कुमार, जिला समन्वयक अभिशेक दुबे तथा बाइक रैली मे अविनाश पाण्डेय, शिवम कुमार, हर्श सिंह, रघुनन्दन, तौहीद हुसैन, रनवीर सिंह, अमरीष कुशवाहा, कुलदीप सिंह, मो फैजान, मोहित कटियार, धीरज बाथम, मान सिंह आदि सहित जनपद के करीव आधा सैकड़ा जनसेवा केन्द्र संचालकों मौजूद रहे। यह बाइक रैली कलेक्ट्रेट से लेकर फतेहगढ़ चौराहा होते हुये बापस कलेक्ट्रेट पर समाप्त हुयी।

## घंटाघर से घाटमपुर के बीच ई-बस सेवा शुरू

**● प्रति यात्री तय किया गया 50 रुपये किराया**

संवाददाता। घाटमपुर


बस अड्डे पर सवारियां भरती ई-बस

**घंटाघर से** घाटमपुर के बीच ई.बसों का संचालन शुरू हो गया। जिससे सीएनजी बस व डग्गामार वाहनों की मनमानी से राहगीरों से राहत मिलेगी। पहले दिन चार बसों ने 12 फेरे लगाए। ई.बस के वातानुकूलित के चलते युवाओं व महिलाओं में खासा रुझान देखा गया। घाटमपुर से नौबस्ता के बीच प्रति यात्री किराया 50 रुपये निर्धारित किया गया है।

कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड ने शहर के अंदर ई.बसों का संचालन शुरू किया था। शहरी यात्रियों ने ई.बसों को हाथोंहाथ लिया। जिसके बाद से महानगर से तहसील मुख्यालयों के बीच ई.बस सेवा के संचालन की मांग हो रही थी। जिसके बाद कंपनी ने 40 बसों को ग्रामीण क्षेत्र के बीच चलाने के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। प्रतिदिन सुबह 06 बजे पहली ई.बस घंटाघर से सवारियां लेकर घाटमपुर के लिए निकलेगी। इसके बाद हर आधे घंटे में दूसरी ई.बस मिलेगी। गुरूवार को चार ई.बसों ने घंटाघर से घाटमपुर के बीच 12 फेरे लगाए।

चालक ब्रजेशकुमार व परिचालक सुजीत कटियार ने बताया कि घाटमपुर से नौबस्ता तक का प्रति यात्री किराया 45 रुपये व घंटाघर तक का 50 रुपये निर्धारित किया गया है। घाटमपुर से आखिरी बस शाम 06 बजे कानपुर के लिए निकलेगी। बस वातानुकूलित होने के चलते युवाओं व महिलाओं में ई.बस में यात्रा करने को लेकर खासा रुझान देखने को मिला। ई.बस में सफाई का बेहद ध्यान रखा जा रहा है। कोई यात्री गुटखा खाते या किसी की जेब में गुटखा, सिगरेट मिली तो उसे उतार दिया जाएगा।

## अम्बेडकर तिराहे से निरीक्षण भवन तक अतिक्रमण साफ

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को फतेहगढ़ के अम्बेडकर तिराहे से जेएनबी रोड़ निरीक्षण भवन तक का अतिक्रमण साफ कर दिया गया। किसी का पूरा मकान आया तो किसी की दुकान सभी को बुलडोजर के पैने नाखूनों ने कुरेद दिया।

नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव व ईओ रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में अभियान अम्बेडकर तिराहे से शूरू हुआ। तिराहे से निरीक्षण भवन तक बनी तकरीबन दो दर्जन दुकानें और मकान ध्वस्त कर दिये गये। दशकों से सड़क किनारे पीडब्लूडी की भूमि पर कब्जा करके दुकानें बनाकर उनसे किराया भी बसूला जाता था। जिसमे विभागीय अधिकारियों के हाथ भी काले थे। लेकिन इस बार उनके सरपरस्तो की नही चली और उनके अतिक्रमण पर बुलडोजर चल गया। तिराहे से निरीक्षण भवन तक का रास्ता साफ नजर आने लगा। सड़क किनारे बना राज कुमार भदौरिया, सेवानिवृत पशु चिकित्साधिकारी डॉ आरबी कटियार, जबाहर सिंह गंगवार एडवोकेट के मकानों के ऊपर भी बुलडोजर का पंजा चला। जबाहर सिंह गंगवार के घर के भीतर फीता चला गया। जिस पर उन्होंने कुछ अधिवक्ताओं के साथ नगर मजिस्ट्रेट से भेट कर कहा की उन्हें समय दिया जाये ताकि वह अपना भवन तोड़ ले। यह सुनते ही नगर मजिस्ट्रेट कुर्सी से उठ गयीं और बोली पहले इनके मकान में ही जेसीबी लगाओ। जिसके बाद उनके मकान के आगे का कुछ हिस्सा ध्वस्त किया गया जबकि अन्य को खुद तोड़ने की मोहलत दे दी गयी। वहीं राज कुमार भदौरिया का पूरा मकान ही अतिक्रमण के सैलाब में वह गया। सुरक्षा के लिहाजा से भारी पुलिस बल और पीएसी के जबान मुस्तैद रहे। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने बताया कि शुक्रवार को जेएनबी रोड़ पर अतिक्रमण हटाया गया है। अभी जेएनबी रोड़ पर अभियान जारी रहेगा।

## किसान का पुत्र बना कृषि अधिकारी



**फतेहपुर।** ग्राम उसरहखेड़ा के निवासी प्रभात वर्मा पुत्र राजेश बाबू का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य कृषि सेवा परीक्षा-2020 में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-ए) के मृदा रसायन शाखा में हुआ है। बताते चलें कि प्रभात वर्मा की शुरुआती शिक्षा गोविन्दे राय जूनियर हाई स्कूल उसरहखेड़ा से, इंटरमीडिएट (कृषि) कानपुर देहात तथा बीएससी (कृषि) और एमएससी (कृषि) की उपाधि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर से हासिल किया है। इनके बड़े भाई विनीत वर्मा ने बताया की प्रभात वर्तमान में गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर बहराइच जनपद में तैनात है। भाई को मिली सफलता से गांव और परिवार में खुशी की लहर है।

## 16 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर दिये वाटर फिल्टर



**फतेहपुर।** वर्ल्ड विजन इंडिया एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम ने हसवा प्रखंड में मीसा, शाहूपुर, असवा, आकुपुर, चीतामपुर, अत्राहा, रसूलपुर, मोहनपुर, जमालपुर, हसवा-1, मुचकी, हसवा 2, हाशिमौर भेदपुर, दनियालपुर 1, दनियालपुर 2, फरीदपुर से 16 आंगनवाड़ी केंद्रों की पहचान की तथा जल परीक्षण किया और रिपोर्ट के आधार पर पानी की गुणवत्ता मानव उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं पायी इसलिए संगठन ने इन केंद्रों को राजीव सिंह आईसीडीएस डीपीओ की उपस्थिति में 16 वाटर फिल्टर दिए। जिसके द्वारा 640 बच्चों और 32 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था हो सकेगी। वर्ल्ड विजन इंडिया मोहनपुर और उसरैना में भी नवीनीकरण कर रहा है। हसवा ब्लॉक में आईसीडीएस के साथ बहुत करीबी से काम कर रहा है। आईसीडीएस डीपीओ ने इस नेक काम के लिए वर्ल्ड विजन इंडिया की सराहना भी की। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव डेनियल राव के साथ प्रशांत, जितेंद्र, सिरिल, अरविंद, अभिषेक, हरीश और रोहन आदि उपस्थित रहे।

## ट्रकों से वसूली के आरोप में दो सिपाही निलंबित

संवाददाता। फतेहपुर

**ललौली थाने** के दो सिपाहियों ने मोरंग लदे ट्रकों के चालको से अवैध वसूली और उनके साथ मारपीट किया था। पुलिस कप्तान ने दोनों सिपाहियों ओमप्रकाश व प्रवीण कुमार चौधरी को निलंबित कर दोनो के खिलाफ जांच बैठा दिया है। बीते सोमवार को ललौली थाने के सिपाही ओमप्रकाश व बहुआ चौकी के सिपाही प्रवीण कुमार चौधरी ने बांदा टांडा हाइवे में खदान से मोरंग लादकर जा रहे ट्रकों को रोककर अवैध वसूली व चालको के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि वसूली के चलते चालकों द्वारा रुपये कम देने पर उनके साथ मारपीट की गई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस कप्तान ने जांच कराई तो मामला सही निकला था। जिस पर दोनो सिपाहियों को निलंबित करने के बाद उनके खिलाफ जांच बैठा दी गयी है।

## क्विक न्यूज

### युवक को धारदार हथियार से घायल किया, मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।** युवक को दबंगों ने धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। भाई की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव ताजपुर निवासी सोनू ने गांव के ही रंजीत, घनश्याम व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया। रिपोर्ट में कहा कि 22 मई को शाम 8. 30 बजे सोनू अपने भाई शक्ति के साथ मक्का की फसल की सिंचाई करने गए थे। घर वापस जाते समय आरोपितों ने कहा कि शक्ति को उनके पास छोड़ दो। सोनू ने शक्ति को छोड़ दिया। शाम 9. 45 बजे फोन आया कि शक्ति को चोट लगी है। सोनू ताजपुर रोड स्थित बड़े बाग पहुंचा। वहां देखा कि आरोपित शक्ति को लाठी -डंडों व धारदार हथियार से मारपीट कर रहे थे। शक्ति बेहोश हो गया था। सोनू उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गए। वहां से सैफई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। शक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है।

### तनाव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** तनाव में युवक ने घर के कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दिये बिना ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाला सिम्त सुमाल निवासी युवक ने 30 वर्षीय युवक पक्का पुल स्थित एक मेडिकल संचालक का कार चालक था। बीती रात उसने गृह कलह के चलते घर के कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जानकारी होनें पर कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। तिकोना चौकी इंचार्ज अवधेश अवस्थी ने बताया कि उन्हें इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नही है।

### बाइक पोल से टकरायी, सब्जी विक्रेता की मौत

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** बीती रात एक विवाह समारोह से शामिल होकर लौट रहे बाइक सबार सब्जी विक्रेता सड़क किनारे लगे विुत पोल से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर चले गये। शहर कोतवाली के सातनपुर नगला निवासी 19 वर्षीय शानू पुत्र मान सिंह बीती रात बढ़पुर निवासी अपने दोस्त दीपक के साथ बाइक से एक बारात में शामिल होनें गया था। रात को दीपक एक कार में बैठ गया जबकि शानू बाइक चलाकर वापस आ रहा था। जब वह थाना नवाबगंज के मंझना बाजार धर्मशाला के निकट पंहुचा तो सड़क किनारे लगे विुत् के सीमेंट के पोल से टकरा गया। जिससे शानू की मौके पर ही मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर चले गये। मृतक चार भाईयों में तीसरे नम्बर का था। उसके तीन बहनें भी हैं। वह आवास विकास स्थित एलआईसी भवन के सामने सब्जी की दुकान लगाता था। मृतक की माँ पम्मी देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### बरात की बस पलटने में चालक के खिलाफ मुकदमा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलीगंज मार्ग पर बस पलटने से दो बरातियों की मौत व 12 बराती घायल होने के मामले में कोतवाली में बस चालक के खिलाफलापरवाही से बस चलाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। सोमवार रात कायमगंज अलीगंज मार्ग पर गांव ढमढेरा के पास बरात की एक बस पलट जाने से मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव चौरसिया मंझोला निवासी दूल्हा अनुज शाक्य के चचेरे भाई अतर सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। दूल्हा के भतीजे संजय कुमार की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। बस सवार 12 बराती घायल हुए थे। जिनका कायमगंज सीएचसी व लोहिया अस्पताल में इलाज हुआ। घटना के संबंध में मृतक अतर सिंह की पत्नी कुसुमा देवी ने बस का नंबर देते हुए चालक शिवकेश के खिलाफ कायमगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### आज धूल भरी आंधी के साथ गरज-चमक की संभावना

**फतेहपुर।** विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि मौसम विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र वसीम खान ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से जिले में अगले 5 दिनों के लिए जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है और इसके कारण 28 मई को धूल भरी आंधी के साथ गरज-चमक, हल्की बारिश और तेज हवा की संभावना है। तापमान 40 से 42 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहेगा। न्यूनतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहेगा। हवा की दिशा ज्यादातर उत्तर-पश्चिम की ओर होगी और गति सामान्य से तेज बने रहने की संभावना है इसलिए किसानों को सलाह है कि खरपतवार नाशी, कीटनाशक और रोगनाशी का छिड़काव हवा के शांत रहने पर शाम के समय ही करें। हवा की दिशा में ही दवाइयों का छिड़काव करे। दवाई का छिड़काव करने के बाद अपने कपड़े, हाथ और चेहरे को साबुन से अच्छी तरह धोएं। फसल संबंधित सलाहः खाली खेतों की गहरी जुताई करे और खेत को खुला छोड़ दे ताकि अंडे, कीट और खरपतवार के बीज नष्ट हो जाएं। धान के खेतों की तैयारी के लिए गहरी जुताई कर मेड़बंदी करें। धान की नर्सरी डालने के 15 दिन पूर्व खेत की हल्की सिंचाई करें ताकि खेत में निकलने वाले खरपतवार खेत तैयार करते समय नष्ट हो जायें।

### केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति आज जिले में

**फतेहपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति जिले के विभिन्न कार्यक्रमो में भाग लेंगी। जानकारी के अनुसार कल प्रातः 09:30 बजे चन्दीपुर चौराहा विकास खंड भिटौरा में भिटौरा फल एवं सब्जी उत्पादक संगठन एफपीओ द्वारा आयोजित कृषक सम्मान समारोह में उपस्थित रहेंगी। प्रातः 11 बजे ग्राम बहेरा सादात (चौकी चौराहा) विकास खंड ऐराया में नवनिर्मित पावर हाउस का लोकार्पण कर शुभारंभ करेंगी एवं दोपहर 01 बजे हसवा में नवनिर्मित पावरहाउस का लोकार्पण कर शुभारंभ करेंगी। जबकि 1:30 बजे हसवा में नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसवा का निरीक्षण करेगी। 02:30 बजे दोपहर सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ता/पदाधिकारियों/नागरिकों से भेंट कर जनसमस्याओं का निस्तारण करेंगी। सायं 4:30 बजे ग्राम पंचायत अजमतपुर विकास खंड खजुहा में सांसद निधि से निर्मित आरसीसी रोड का लोकार्पण करेंगी। सायं 05:30 बजे थवईश्वर धाम कीर्ति खेड़ा मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### पुलिस की तत्परता से बची बच्चे की जान

**फतेहपुर।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व आरक्षी की तत्परता ने बच्चे की जान बचा ली। घायल बच्चे को गोद में लेकर अस्पताल पंहुचे। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र में रामसनेही हॉस्पिटल के पास ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक छोटा बच्चा विदित पुत्र अंकित कुमार उम्र करीब 13 वर्ष उसके नीचे दब गया था। जिसे तत्काल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आनंद प्रकाश शुक्ला व कांस्टेबल विष्णु चौधरी के द्वारा उठाकर सकुशल अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस की तत्परता से बच्चा सकुशल सुरक्षित है।

### यातायात नियमों को लेकर वितरित किए पंफलेट

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात दिनेश चंद्र मिश्र के पर्यवेक्षण में शासन द्वारा निर्गत आदेशानुसार सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात प्रभारी मय टीम द्वारा, ज्वालागंज तिराहा पर व्यक्तियों को यातायात जागरूकता के संबंध में पंपलेट आदि वितरित किए गए और इसके साथ-साथ हेलमेट सीट बेल्ट का प्रयोग ना करना, वाहन चलाते समय, मोबाइल फोन का प्रयोग करना, दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलना की सघनता से चेकिंग की गई व चालान की कार्रवाई की गई।

### पोषण पाठशाला में एक्सपर्ट ने बताया स्तनपान का महत्व

**फतेहपुर।** बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पाठशाला का आयोजन आंगनवाडी केंद्रों में किया गया। पोषण पाठशाला के माध्यम से जनमानस संग सभी लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं पोषण प्रबंधन कुपोषण से बचाव के उपाय पोषण शिक्षा आदि के बारे में जानकारी दी गई। पोषण पाठशाला में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर रवि शास्त्री, बाल विकास परियोजना अधिकारी ऐराया एके पान्डेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी अमौली अजय सुपरवाइजर अमिता नीरा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मधुबाला, आयशा, लक्ष्मी, रेनू आदि लाभार्थियों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य थीम शीघ्र स्तनपान- केवल स्तनपान है। इसके लिए मई व जून में प्रदेश में नो वाटर, ओनली ब्रेस्ट फीडिग कैंपेन (पानी नहीं, केवल स्तनपान) चलाया जा रहा है। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न विषयों के जानकारों ने शीघ्र स्तनपान- केवल स्तनपान के महत्व समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बताया कि शिशुओं में शीघ्र स्तनपान व केवल स्तनपान उनके जीवन की रक्षा के लिए एक बूटी से कम नही है, लेकिन समाज में फैले हुए भ्रामक तथ्यों से यह सुनिश्चित नहीं हो पाता है, यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जानलेवा साबित होता है इसलिए विभाग ने मई व जून माह में पानी नहीं, केवल स्तनपान का अभियान चलाया है।

### देवरी बुजुर्ग में चला जागरूकता अभियान

**फतेहपुर।** अमौली ब्लॉक के गांव देवरी बुजुर्ग में जागरूकता अभियान के दौरान लोगो को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना वही खाताधारकों से अनुरोध किया गया कि अपने-अपने खाते में नॉमिनी जोड़वा लें। अटल पेंशन योजना का लाभ कम से कम निवेश बुढ़ापे में आर्थिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना वार्षिक प्रीमियम सिर्फ12 में से 02 लाख का दुर्घटना बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना वार्षिक प्रीमियम सिर्फ330 रूपये में 02 लाख रूपए का जीवन बीमा मिलेगा। इस मौके पर बैंक के अधिकारी निरंजनराम, नितिन कुमार, ब्रजभान सिंह, वीएलई विनय सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# 31 को पीएम के कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण, डीएम ने ली तैयारी बैठक

संवाददाता। अमेठी

**शिमला में** 31 मई को प्रस्तावित पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शासन के निर्देश पर जिला, ब्लाक सहित कृषि विज्ञान केंद्र पर होगा। शुक्रवार को डीएम राकेश कुमार मिश्र ने अफसरों की बैठक लेकर भव्य कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि 31 मई को पीएम के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुबह 9: 45 बजे से शुरू होकर 12:15 बजे तक जिला व ब्लॉक स्तर पर तथा कृषि विज्ञान केंद्र में होगा। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी न केवल बड़ी संख्या में जुटेंगे बल्कि उन्हें योजनाओं की सौगात भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा वर्तमान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही। इन योजनाओं के अभिसरण के जरिए पात्र लाभार्थियों का संतृप्तिकरण सरकार का उद्देश्य है, जिससे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने में मदद मिल सके। वर्तमान में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आयोजित कार्यक्रम में योजनाओं के क्रियान्वयनए उसके प्रभाव तथा इनके सुधार पर भी चर्चा की जाएगी। सीडीओ डा अंकुर लाठर ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। बताया कि कार्यक्रम दो चरणों में सुबह 9:45 बजे से शुरू होकर 12:15 बजे तक चलेगा। प्रथम चरण में सुबह 9:45 से 10:50 के मध्य सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। दूसरे चरण में सुबह 11 से 12 रू15 के बीच शिमला कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। पीएम इस कार्यक्रम के जरिए लाभार्थियों से वार्ता व पीएम.किसान निधि 11वीं किश्त का वितरण करेंगे। उन्होंने सभी अफसरों को कार्यक्रम आयोजन के संबंध में उनके कार्य दायित्व समझाएं।


पीएम के कार्यक्रम की तैयारी बैठक में डीएम

**जिला मुख्यालय पर जुटेंगे इन योजनाओं के लाभार्थीगण, मिलेंगी सौगातें:** पीएम आवास योजना ग्रामीण व शहरी, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम उज्ज्वला योजना, पोषण अभियान, पीएम मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व शहरी, जल जीवन मिशन व अमृत, पीएम स्वनिधि योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, पीएम मुद्रा योजना, सीएम आवास योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेय, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा मेहरा, परियोजना निदेशक डीआरडी, आशुतोष दूबे, उपजिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीएसओ, एलडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की डीएम ने की बैठक

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने किया। बैठक में डीएम ने अब तक के सभी केसों के बारें में जानकारी ली। उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जिला स्तर पर जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित 18 प्रकरणों पर समिति द्वारा सुनवाई की गईए जिसमें से 13 प्रकरणों को स्वीकृत करते हुए पीड़िताओं को आर्थिक सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। बैठक में 3 प्रकरण अस्वीकृत किए गए तथा 2 मामलों में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस तरह के केसों को पूरी गम्भीरता के साथ लें जिससे पीडिता को न्याय और अपराधी को सजा दिलायी जा सके। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पांडेय, सीएमओ डॉ. सीमा मेहरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निकाली बाइक रैली, दिया जागरूकता का संदेश

संवाददाता। अमेठी

**सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्रालय द्वारा अधिकृत सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को जनपद अमेठी के कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से नगर में जन जागरूकता हेतु निकाली गई।

बाइक रैली को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि इस बाइक रैली का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण जनता को जागरूक करना है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत सड़कों को साफ रखनाए प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है, यातायात से संबंधित नियमों का पालन करें, सड़क पर चलते समय एंबुलेंस को रास्ता दें, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, सिग्नल लाइट के तहत रेड लाइट होने पर स्टॉप लाइन से पीछे रुकें, सड़क सुरक्षा अभियान के बेसिक नियम है इस नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना भी है। अत: ज्यादा से ज्यादा लोग इस बेसिक नियम को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि बाइक रैली निकालकर जन.जन को जागरूक किया जा रहा है।इस अवसर पर सीएससी जिला प्रबंधक उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया की बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए बुधन माई पर जाकर समाप्त हुई। इस अभियान में सीएससी के कर्मठ संचालकों ने जोश के साथ हिस्सा लिया, जिसमें जिला प्रबंधक उमाशंकर त्रिपाठी जिला समन्वयक विकास , सौरव, कुलदीप, रामराज यादव, नितिन शेर बहादुर, अशोक, विपिन तिवारी, राहुल, दुर्गेश, आशीष सहित वीएलई उपस्थित रहे।


बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते हुए डीएम

# शांतिभंग में आरोपी को जेल, जमानतदार भी गिरफ्तार

संवाददाता। महराजगंज/रायबरेली

**तहसील परिसर** में शुक्रवार की शाम उस समय बखेड़ा खड़ा हो गयाए जब जमीनी विवाद में शांति भंग करने के मामले में पुलिस द्वारा चालान किए गए एक आरोपी को उप जिलाधिकारी ने जमानत न देते हुए जेल भेजने का आदेश कर दिया। पति के जेल जाने की बात सुनकर महिला बेहोश हो गई। इस पर तमाम अधिवक्ता और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। होहल्ला शुरू हो गया क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह ने अधिवक्ताओं को शांत कराया इसी दरमियान पुलिस ने लोगों को उकसा रहे जमानतदार को भी गिरफ्तार कर लिया। एसडीएम ने जमानतदार को भी जेल भेजने का आदेश जारी कर दिया। इससे तहसील में अफरा.तफरी फैल गई। आनन फानन महिला को सीएचसी पहुंचाया गया।



आपको बता दें किए मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजातगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला का है। यहां दो पक्षों के बीच जमीन पर कब्जाधारी को लेकर विवाद चल रहा था। एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस दूसरे पक्ष के नागेश्वर पासी पुत्र रामदास को मौके से पकड़कर थाने ले आई। इसके बाद पुलिस ने नागेश्वर का धारा 151 आईपीसी के तहत एक पक्षीय चालान कर दिया। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में उप जिला अधिकारी को बताया कि नागेश्वर आए दिन हंगामा कर शांति भंग करने का प्रयास करता है। इसको जमानत ना दी जाए। इस पर एसडीएम ने नागेश्वर की जमानत के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए जेल भेजने का आदेश कर दिया। बताते हैं किए बाहर खड़ी नागेश्वर की पत्नी को जब पता चला कि उसके पति को जेल भेजा जा रहा है, तो वह अचानक गिर पड़ी और बेहोश हो गई। यह मामला देख नागेश्वर की पैरवी कर रहे अधिवक्ता राधेश्याम साथियों सहित पुन: एसडीएम के चेंबर में गए और उन्होंने एसडीएम से कहा कि जमानत निरस्त करने का आदेश निरस्त कर दिया जाए क्योंकि अभियुक्त की पत्नी को मानसिक आघात पहुंचा है। इसी बीच मामले में नागेश्वर की जमानत लेने गए गांव के ही सुरेंद्र सिंह पुत्र श्रीराम सिंह ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। काफी लोग इकट्ठा हो गए। आनन फानन महिला को एसडीएम द्वारा सीएससी भिजवाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जब परीक्षण किया तो पता चला किए महिला का स्वास्थ्य एकदम सामान्य हैए और वह वहां सामान्य रूप से बोल.चाल रही है। इस बात से नाराज होकर एसडीएम ने लोगों को उकसा रहे जमानतदार सुरेंद्र सिंह को भी हिरासत में लेने का निर्देश दिया पुलिस ने सुरेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार कर एसडीएम के समक्ष शांति भंग की आशंका में प्रस्तुत कर दिया। जहां से एसडीएम ने सुरेंद्र सिंह को भी जमानत न देते हुए जेल भेजने का आदेश दे दिया। एसडीएम के इस कठोर रुख को देखते हुए लोगों में हड़कंप मच गया।

## खिलाड़ियों के लिए मदद करने को तैयार हूं: संजीव कुमार मौर्य

**अमेठी।** डीसीएए के निदेशक प्रांजल तिवारी ने बताया की आज यूपीसीए द्वारा अंडर 19 आयु वर्ग के चयनित 22 सदस्यीय क्रिकेट टीम का जिला क्रिकेट एसोशिएन अमेठी ने किट और मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । वही पर मौजूद पत्रकार अखिलेश मिश्र, अखिलेश तिवारी, आदित्य मिश्र, मधुसूदन मिश्र, धवन मिश्र, कौशल किशोर मिश्र, अखिलेश सोनी, अयुग पाण्डेय, अर्जुन शुक्ल, पप्पू पाण्डेय, हरिकेश यादव, आशीष सिंह, आदि प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अमेठी संजीव कुमार मौर्य ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं खिलाड़ियों के लिए हर स्तर पर मदद करने को तैयार हूँ। के संरक्षक यूपीसीए के संयुक्त सचिव मो फ्हीम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये सब खिलाड़ी भारत के भविष्य है ये सब आने वाले समय मे जरूर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके जनपद अमेठी का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम की विशेष अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह ने अपने संबोधन में जिला क्रिकेट संघ अमेठी को शुभकामनाएं प्रदान की डीसीएए के सचिव राजेश तिवारी ,निदेशक प्रांजल तिवारी ने कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का आभार प्रगट किया, इस दौरान अतिथि के रूप डीसीएए की उपाध्यक्ष वर्षा पांडेय डीसीएए के सदस्य, राकेश तिवारी डीसीएए के सदस्य व डीडीसी मुकेश यादव मौजूद रहे।


### ● जिला स्तरीय अंडर 19 आयु वर्ग टीम के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

## क्विक न्यूज

### विशाल कलश यात्रा का आयोजन

**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** क्षेत्र के जय माँ बसन्तिन देवी धाम सरैया तालुके दादरा में मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 31 मई दिन मंगलवार को विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया है।जिसमे बड़ी संख्या में भीड़ जुटने के लिए प्रचार प्रसार जारी है।कार्यक्रम के आयोजक अरुण कुमार उर्फष्जगन्नाथ मिश्रा ष् ने बताया कि मंगलवार को भव्य कलश यात्राए एक जून बुधवार को शोभायात्राए दो जून गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ साथ तीन जून दिन शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जिसमें क्षेत्र व गांव के लोग काफी उत्साहित है बड़ी संख्या में जुटने की संभावना है।

### सारी बाधाओं को पार कर जीव भगवान को प्राप्त कर लेता है: डॉ. अनिल पांडेय व्यास



**अमेठी।** टीकर माफी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छटवे दिन कथा व्यास भागवत रत्न मानस राजहंस डॉक्टर अनिल पांडेय व्यास जी ने कहा कि सुखदेव जी कहते हैं कि राजन रूक्मणी कृष्ण के विवाह के माध्यम से आज मैं जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का विधान बताऊंगा। जीव तब तक इस संसार के सभी जीव स्त्री है पुरूष तो केवल एक परमात्मा ही है। ध्यान बताओ इस संसार में व्याकुल रहता है। कबीरदास जी कहते हैं कि राम मेरे पीऊ मैं राम की बहुरिया। किंतु जीव जब भगवान से अपना नाता जोड़ना चाहता है तो यह संसार के माता.पिता भाई बंधु नातेदार रिश्तेदार बहुत ही बड़ी बाधा करते हैं किंतु इन सारी बाधाओं को पार कर जीव भगवान को प्राप्त कर लेता है क्योंकि भगवान कहते हैं कि ये यथा मां प्रपधनतेतस्थौव भजम्यम जो जिस भावना से भावित वह कर मुझे भजता है मैं भी उसे भजता हूं भगवान को प्राप्त कर लेता है। जो मानव जीवन का परम एवं चरम लक्ष्य है। कथा कार्यक्रम में आयोजक मंडल के विनोद श्रीवास्तवए प्रमोद श्रीवास्तवए अरविंद श्रीवास्तव एसंतोष श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव डा शरद श्रीवास्तव ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किया।

### राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के आवास पर कल आयोजित होने वाला जनता दर्शन कार्यक्रम स्थगित

**रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश के उद्यान,कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अपने निजी आवास पंचवटी, जनपद रायबरेली में 29 मई, 2022 दिन रविवार को होने वाला जनता दर्शन कार्यक्रम स्थगित किया है। अब यह जनता दर्शन कार्यक्रम आगामी 30 मई, 2022 दिन सोमवार को अपने निर्धारित समय पर होगा।यह जानकारी मा0 मंत्री जी के सूचना अधिकारी अजय द्विवेदी द्वारा दी गई है।

### सलोन पुलिस ने ऊंचाहार मार्ग से आरोपी युवक और नाबालिग को पकड़ा

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को दूसरे गांव का युवक बहला फुसला कर भगा ले गया।घटना की सूचना पर सलोन पुलिस ने दोनों को ऊँचाहार मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट और किशोरी के बयान के बाद मामले में विधिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।सलोन कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजापुर गांव के रहने वाले शहरुख खान पुत्र सरफराज खान ने दूसरे गांव की किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया।परिजनों ने मामले की सूचना सलोन पुलिस को दी।पुलिस ने देर रात आरोपी युवक को किशोरी के साथ ऊंचाहार मार्ग पर पकड़ लिया।वही परिजनों का कहना है कि उसकी लड़की के साथ युवक गलत कार्य किया है।सलोन कोतवाल संजय त्यागी का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा363/66 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।किशोरी के मेडिकल रिपोर्ट और मजिस्ट्रेट बयान के बाद जो भी विधिक कार्यवाही होगी कि जाएगी।

### बच्चों द्वारा की जा रही निस्वार्थ भाव से सेवा एक मिसाल

**सलोन, रायबरेली ।** निशुल्क प्याऊ का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर बोलते हुए उप जिला अधिकारी आसाराम वर्मा ने कहा, स्काउट गाइड के बच्चे निस्वार्थ भाव से आने जाने वाले मुसाफिरों को पानी पिला रहे हैं। यह देश और समाज के लिए सेवा की एक मिसाल है सलोन कोतवाल संजय त्यागी ने बच्चों की सेवाओं को सराहा और कहा यह बच्चे देश के कर्णधार हैं। आगे चलकर यह अपनी सेवा भाव से देश का नाम रोशन करेंगे। भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव शत्रुघ्न सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए स्काउट गाइड की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दीसइस मौके पर वंदना श्रीवास्तव ,स्टेशन इंचार्ज उमेश सिंह शीतल मिश्रा,कदीर अहमद स्काउट मास्टर, सुरेखा देवी ने अपने विचार रखे। गाइड कैप्टन साधना शर्मा ने सभी अभिभावकों एवं आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। साथ ही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

### वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों की सेवा की



**रायबरेली।** स्वर्गीय देवी दयाल शास्त्री के पौत्र हर्षवर्धन तिवारी अध्यक्ष शास्त्री सेवा संस्थान की टीम द्वार आईटीआई स्थित वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । हर्ष तिवारी ने बुजुर्गों को अंगोछा पहनाकर सम्मानित किया एवं महिलाओं को टावल दिया साथ ही फल, बिस्किट ,नमकीन ,टूथ ब्रश, मंजन, साबुन तेल आदि देकर मदद की। 50 बुजुर्गों को भोजन खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । शास्त्री सेवा संस्थान के अध्यक्ष हर्षवर्धन तिवारी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और बुजुर्गों का आशीर्वाद ही सब कुछ है और मैं लोगों से अपील करूंगा कि अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करें और उनका ध्यान रखें इसी क्रम में करके मैं रमेश मिश्रा गौरव मिश्रा अमित कुमार पुनीत कुमार देवेश कुमार मनीष कुमार विनायक बाजपेई रितेश गौरव मिश्रा राम मिश्रा आदि वृद्ध आश्रम में सहयोग किया व मौजूद रहे।

## सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक




**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्षराम देव पाल और सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्षदेवेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सहकारिता प्रकोष्ठकी बैठक आई. टी. आई . तिराहा में संपन्न हुई जिसमे सौभाग्य जयसवाल को सहकारिता प्रकोष्ठ में जिला सहसंयोजक, शुभांशु वर्मा को नगर संयोजक चित्रेश सिंह को नगर सहसंयोजक का पद पर नियुक्तिकिया गया इस अवसर पर जिला मिडिया प्रभारी विजय बाजपेयी, सदस्य अतुल दुबे, शुभम जायसवाल अखिलेश तिवारी अदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिमला से पीएम किसानों के खातों में भेजेंगे सम्मान निधि की 11वीं किस्त

संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी माला** श्रीवास्तव ने बचत भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बचत भवन सभागार में बैठक करते हुए बताया कि शिमला में 31 मई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण शासन के निर्देश पर जिला मुख्यालय, समस्त ब्लाक सहित कृषि विज्ञान केंद्र पर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि 31 मई को प्रधानमंत्री के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुबह 9:45 बजे से शुरू होकर 12:15 बजे तक जिला स्तरीय समारोह का कार्यक्रम का आयोजन फिरोज गांधी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में होगा। जिसमें लगभग 500-1000 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम जनपद मुख्यालय से साथ-साथ जनपद के समस्त विकास खण्डों पर भी आयोजित होगा तथा कृषि विज्ञान केंद्र, दरियापुर रायबरेली पर भी आयोजित किया जायेगा। जिसमे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी न केवल बड़ी संख्या में जुटेंगे बल्कि उन्हें योजनाओं की सौगात भी दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भव्य कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए समस्त विकास खंडों पर विभिन्न विभागों के 18 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।



## सरकारी ठेके की बियर ले जा टेम्पो पलटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज पर मदारीगंज मोड के पास डम्फर की टक्कर से सरकारी ठेके की बीयर व अंग्रेजी शराब लादकर जा रहा टेम्पो पलट गया और जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टेम्पो पलटते ही उसमें आग लग गई।आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाकर चालक को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। क्षेत्र के किशुनदासपुर गाँव निवासी नीलेश कुमार टेम्पो चालक है। जो शुक्रवार की दोपहर जिला मुख्यालय के मनिका रोड स्थित गोदाम से 50 पेटी अंग्रेजी शराब व 15 पेटी बीयर की लेकर क्षेत्र के सबीसपुर स्थित अंग्रेजी शराब व अकोढ़िया स्थित बीयर की दुकान पर देने जा रहा था तभी मदारीगंज मोड़ के पास लखनऊ से प्रयागराज की तरफजा रहे तेज रफ्तार डम्फर ने टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी, वहीं टक्कर तेज होने के कारण टेम्पो पलट गया और उसमें आग लग गई, आग लगने से वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया,आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाई और उसके बाद घायल हुए चालक को सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। हालांकि घटना में मामूली सा नुकसान हुआ है।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शराब और बीयर की पेटियों को दूसरे वाहन से यथा स्थान पर भिजवाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया एक व्यक्ति घायल अवस्था में सीएचसी आया था जिसका इलाज किया जा रहा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था और आबकारी विभाग को भी मामले की सूचना दी गई है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने नाला सफाई के काम का किया निरीक्षण

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**आगामी बरसात** में बछरावां नगर पंचायत को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पुरजोर कोशिश की जा रही है। नगर पंचायत परिक्षेत्र के नाले को सफाई कर्मचारियों के द्वारा विधिवत साफ सफाई कराई जा रही है। वही आगे भी जेसीबी मशीन द्वारा लगातार नाले की साफ सफाई का काम अनवरत जारी है। नाले की साफ-सफाई उचित ढंग से हो रही है या नही इसकी जानकारी के लिए आज नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, सभासद प्रतिनिधि कुंवर वीर भान सिंह, सभासद शकील मंसूरी वह नगर पंचायत कर्मी मनोज कुमार के साथ निरीक्षण किया। वही निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद मिली। निरीक्षण कर्ता टीम साफ सफाई से पूरी तरह संतुष्ट दिखाई पड़ी। बरसात से पूर्व ही संपूर्ण नगर पंचायत में नगर पंचायत प्रशासन मुस्तैदी के साथ साफ सफाई अभियान में लगा हुआ है। जिससे आम जनमानसे को जलभराव का सामना ना करना पड़े। क्योंकि गत वर्षो में इसी साफ-सफाई के कारण ही वार्ड नंबर एक के नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना उठाना पड़ा था। इस बार नगर पंचायत प्रशासन कोई कोर कसर साफ सफाई में नहीं छोड़ना चाहता है। वही संबंध में संवाददाता ने जब नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी से बात की तो उन्होंने बताया कि हमारा यह लक्ष्य है कि बारिश से पूर्व पूरे नाले की व नालियों की साफ सफाई व्यवस्था नगर पंचायत कर्मियों के द्वारा करा ली जाए जिससे हमारे नागरिकों को जलभराव इस समस्या का सामना ना करना पड़े।



# संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ हिस्ट्रीशीटर का शव बरामद

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**लालगंज कोतवाली** क्षेत्र के पूरे चंद्रिका बख्श मजरे अम्बारा पश्चिम गांव स्थित नलकूप पर एक युवक का खून से लथपथ शव पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया है। युवक की मौत गोली लगने से हुई है और मौत का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

ग्रामीणो के अनुसार यह घटना नरेंद्र यादव(20) पुत्र दिनेश कुमार यादव के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग ढ़ाई बजे के लगभग नरेंद्र यादव के परिजनो को उस समय घटना की जानकारी मिली जब उसने फोन कर अपनी मां को बुलाया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणो की माने तो मृतक अमरेंद्र का अफेयर गांव की ही एक युवती से था। किसी बात को लेकर दोनो में मध्य विवाद चल रहा था। इससे वह थोडा परेशान था। बीती गुरूवार की रात उसने लड़की के साथ मारपीट की और बाद में उसने अपने नलकूप में जाकर खुद को गोली से उड़ा लिया। घटना की सूचना पर डायल 112 पहुंची और अपने विभागीय अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक व कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिह मौके पर पहुंचे। जहां उन्हे मौके से 315 बोर का तमंचा व दो खोखे बरामद हुए। फोरेसिंक विभाग को बुलाकर मौके से सुबूतो को एकत्र कराया। उधर, घायल लड़की को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिये ले जाया गया। यद्यपि मृतक के पिता दिनेश यादव ने किसी भी तरह के प्रेम प्रसंग की जानकारी न तो पत्रकारो को दी न ही पुलिस को। वही बालिका के परिजन भी प्रेम प्रसंग संबधी बातो को नकार रहे है। लेकिन पुलिस अपने फौरी सूचना में घटना का कारण प्रेम प्रसंग बता रही हैं। कोतवाल राजेश कुमार का कहना है कि मृतक लालगंज कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है और पिछले कई वर्षो में इसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज किये गये थे। घटना की सूचना दर्ज कर शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है। सीओ श्री पाठक ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# नाबालिग को बालिग बनाकर कर दी नियुक्ति

**● मार्कशीट के नंबरों में भी की गई हेराफेरी, फर्जीवाड़े में प्रधान, सेक्रेटरी, एडीओ एवं बीडीओ शामिल ● जनसूचना अधिकार से हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा ● डीएम को भी किया गुमराह, जारी करवा दिया नियुक्ति पत्र ● प्रधान का कामकाज देखने वाले की बहन को बना दिया डाटा इंटी आपरेटर ● कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परेवा में फिर निकला भ्रष्टाचार का जिन्न**

संवाददाता। बस्ती

**कुदरहा** ब्लॉक का परेवा ग्राम पंचायत धीरे-धीरे कड़सरी मिश्र, चकिया और सिंकदरपुर के रास्ते पर चल निकला है। एक तालाब को चार तालाब बनाकर एवं दो अन्य तालाबों के साफ-सफाई और खुदाई के नाम मनरेगा से 53 बार भुगतान होने के मामले में पूरे प्रदेश में चर्चित होने वाला ग्राम पंचायत परेवा में एक बार फिर भ्रष्टाचार का जिन्न सामने आया है। एक दिन पहले ब्लॉक से मिली जनसूचना अधिकार के तहत जानकारी में इस बात का खुलासा हुआ कि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता वाली समिति ने एक ऐसी नाबालिक लड़की को डाटा इंटी कम्पयूटर आपरेटर की नियुक्ति कर दी, जिसकी उम्र नियुक्ति का प्रस्ताव देते समय 17 साल सात माह और 14 दिन था, जबकि नियुक्ति के लिए 18-40 साल का मांगा गया था। नियम विरुद्ध नियुक्ति पाने वाली सपना पुत्री राजेंद्र प्रसाद की न सिर्फ उम्र में हेराफेरी की गई, बल्कि उसके हाईस्कूल के अंक में फर्जीवाड़ा किया, मेरिट पर आने के लिए समिति ने नाबालिग लड़की का दस नंबर बढ़ा दिया। इस मामले में नियुक्ति प्राधिकारी डीएम को भी गुमराह किया गया। आरोप है, कि जिस लड़की का नियम विरुद्ध नियुक्ति की गई, वह महिला प्रधान का कामकाज देखने वाले की सगी बहन है। इनकी नियुक्ति पंचायत भवन के कामकाज को निपटाने के लिए हुई। इसकी चपेट में प्रधान, तत्कालीन सचिव, एडीओ पंचायत और बीडीओ चपेट में आ रहे है। जो सबसे अधिक आपत्तिजनक और नियम विरुद्व है, वह हैं, नियुक्ति प्राधिकारी डीएम को गुमराह करना। वैसे वरीयता क्रम में पहले नंबर पर रहे दीनानाथ चौधरी ने इसकी शिकायत प्राथमिक तौर पर बीडीओ से कर दी है। पत्र में इन्होंने नियम विरुद्व की गई नियुक्ति को निरस्त करने वेतन की वसूली और धोखाधड़ी में मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। कहा कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। इस नियुक्ति ने पूरे चयन समिति को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। दावा किया जा रहा है, कि अगर इसकी जांच हो जाए तो कुदरहा ब्लॉक के अधिकाशं ग्राम पंचायतों में किसी न किसी रुप में नियुक्ति के मामले में पक्षपात करना मिलेगा। कहीं-कहीं तो धन की उगाही का खेल भी चला है। मगर अधिकतर के मामले में प्रधान ने अपने चहेते को नियुक्ति करने का प्रयास किया।

ग्राम पंचायत परेवा में पंचायत भवन में डाटा इंटी आपरेटर के पद के लिए कुल 14 लोगों ने आफलाइन आवेदन किया। यह सीट ओबीसी के लिए आरक्षित है। प्रधान भी ओबीसी से आती है। जनसूचना अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार अगर नियमानुसार नियुक्ति होती तो पहले स्थान पर शिकायतकर्त्ता दीनानाथ चौधरी की होती। इसमें भी अगर नियुक्ति की गई सपना का नंबर तीसरा था। यानि अगर इनकी उम्र सही होती तो भी इनकी नियुक्ति नहीं हो पाती। हाईस्कूल का नंबर भी कम था। मगर प्रधानजी को तो अपने चहेते की बहन की नियुक्ति करनी थी, सो उन्होंने कर दी। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले लड़की की उम्र में हेराफेरी की, उसे नाबालिग से बालिग बनाया, फिर भी वह मेरिट में नहीं आ रही थी, तो हेराफेरी करके उसके हाईस्कूल के 467 अंक को 477 कर दिया। इस तरह प्रधान की अगुवाई में चयन समिति के सदस्यों ने धोखा किया, और इस धोखें में प्रघान का साथ समिति के अन्य सदस्यों ने तो दिया ही साथ ही तत्कालीन बीडीओ संजय नायक, एडीओ पंचायत जयनंदलाल और चर्चित सेक्रेटरी आनद कुमार सिंह ने दिया। मामला अगर कहीं कोर्ट में चला गया तो इन सभी को लेने के देने पड़ जाएगें।

# रुधौली के चेयरमैन और ईओ पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

**● एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने लगाया गबन का आरोप**

**● चेयरमैन धीरसेन निषाद को बताया सपा समर्थित**

संवाददाता। बस्ती

**एमएलसी** देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीश सिंह ने नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन और ईओ पर वित्तीय अनियमितता सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से दोनों के खिलाफविधिक कार्रवाई की मांग की है। कहा कि लगभग चार साल पहले तत्कालीन हर्रैया एसडीएम की जांच रिपोर्ट पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जांच रिपोर्ट को संलग्न करते हुए लिखा कि कार्रवाई न होने से सरकार के जीरो टालरेंस नीति पर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है, कि चेयरमैन और ईओ ने मिलकर भारी वित्तीय अनियमितता किया है। 19 जुलाई 2018 के एसडीएम की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उ.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1916 और बोर्ड के द्वारा प्राप्त अधिकारों का चेयरमैन और ईओ ने हनन किया। कहा कि माह अप्रैल 2018 में कार्यरत कुल 70 श्रमिकों के सापेक्ष 68 श्रमिकों का भुगतान उनके खाते में आरटीएस के बजाए मस्टरोल पर हस्ताक्षर/अगूंठा लगवा कर दिया, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इतना ही 28 श्रमिकों का भुगतान मस्टरोल में अंकित मानदेय से कम किया। कहा कि श्रमिकों की आपूर्ति के लिए इन दोनों ने श्रम योजन के पोर्टल पर भर्ती का कोई विज्ञापन नहीं दिया, और मनमाने तरीके से अपनी सुविधानुसार विभिन्न नामों से मस्टररोल बनाकर अनियमित तरीके से भुगतान को स्वंय लेकर उसका दुरुपयोग किया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत रुधौली में बहुत ही घटिया क्वालिटी की लाइट लगवा कर भारी धन का बंदरबांट किया गया। बताया कि यह जांच रिपोर्ट कार्रवाई के लिए आज से लगभग चार पहले डीएम को दी गई, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीएम के अतिरिक्त इसकी शिकायत मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव नगर विकास को भी कार्रवाई के लिए दिया है।

### गबन नहीं बल्कि सरकार का धन बचायाः चेयरमैन

**वही** चेयरमैन धीरसेन निषाद ने बिंदुवार आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने कोई भी वित्तीय गबन नहीं किया बल्कि नियम के तहत कार्य करके सरकार का धन ही बचाया। मस्टरोल से जो भुगतान हुआ वह एक्ट के तहत हुआ। मस्टरोल से भुगतान करना भ्रष्टाचार करना नहीं बल्कि उनकी मजबूरी थी। कहा कि जब उन्होंने इनके द्वारा डूडा से कराए जा रहे घटिया सड़क और नाली निर्माण का विरोध किया और इसकी शिकायत डूडा के तत्कालीन पीओ से की, तब इन्होंने चार साल पुराने जांच रिपोर्ट को आधार बनाकर उनकी शिकायत कर दी। घटिया गुणवत्ता की लाइट में भारी वित्तीय अनियमितता के बारे में कहा कि जो भी लाइट नगर पंचायत क्षेत्र में लगी है, वह क्राम्पटन और बजाज कंपनी का लगा है। कहा कि लाइट की गुणव्तता के मामले में इन दोनों कंपनी को सबसे बेहतर बताया जाता है। कहा कि फोन से उन्हें अपशब्द भी कहा गया।

## क्विक न्यूज

### ...अब रेडक्रास सोसायटी करेगी दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का संचालन

**बस्ती।** दिव्यांगजन के पुनर्वास को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए भारत सरकार की ओर से प्रत्येक जिलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई। इसका संचालन अभी एनजीओ की ओर से किया जाता था, मगर अब इसका संचालन डीएम की अध्यक्षता वाली रेड क्रॉस सोसाइटी करेगी। इसे लेकर राज्यपाल की ओर से एक माह पहले उत्तर प्रदेश रेडक्रास सोसाइटी को पत्र जारी हो चुका है। इस जिला पुनर्वास केंद्र में फिजियोथैरेपी स्पीच थेरेपी, कृत्रिम अंग परीक्षण, दिव्यांगता परीक्षण शिविर होगा। भारत सरकार की एडीपी योजना का संचालन एलिम्को और अन्य संस्थाओं के माध्यम से कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण कैंप आयोजन में सहयोग प्रदान करना एवं कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग, दिव्यांगों का चिन्हिकरण कर रोडवेज बस पास और यूनिक आईडी कार्ड बनाने के लिए भी सुविधाएं प्रदान मिलेगी। मानपा जा रहा है, कि जिला पुनर्वास केंद्र का रेडक्रास के माध्यम से संचालन जनपद में अच्छी सेवाएं प्रदान करने का माध्यम बनेगा, जिसकी समय-समय पर मॉनिटरिंग जिलाधिकारी एवं राज्यपाल कार्यालय द्वारा भी किया जाएगा।

### बच्चों ने रंगोली बनाकर निकाली जागरूकता रैली

**श्रावस्ती।** विकास खण्ड जमुनहा स्थित आदर्श इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य केदारनाथ तिवारी की अगुवाई में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत समर कैम्प लगाकर बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। जिससे वे प्रतिदिन की भांति नियम से सड़क पर चलें और अपने परिवार के लोगों को इन सभी बातों को बताएं। रैली में बच्चों ने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों को न जानकर लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं और तमाम छोटी.बड़ी कठिनाइयों का सामना करते हुए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। प्रधानाचार्य केदारनाथ तिवारी ने बताया कि सभी बच्चे इन बातों को ध्यानपूर्वक समझकर अपने परिवार के लोगों को सड़क पर चलने से कोई खतरा न रहे इसके लिए उन्हें जानकारी दी। उन्होने यह भी बताया कि हमेशा अपनी बायीं पटरी पर चलेंए बने हुए स्टॉप पर ही रुकेंए जेब्रा क्रासिंग पर से ही सड़क पार करें तथा स्कूल के बच्चे अपने निर्धारित बस स्टॉप से चढ़ें और उतरेंए उतरने के बाद अपने दाएं बाएं देखकर ही आगे बढ़ेंए तथा बच्चें अपने परिजनों के माध्यम से यह जानकारी क्षेत्र के लोगों तक पहुंचायें। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकए अभिभावक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को एआरटीओ ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार यादव के पर्यवेक्षण मे सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान के तहत एआरटीओ अंजनेय सिंह व प्रभारी यातयात बृजेश यादव के नेतृत्व मे यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा संयुक्त चेकिंग किया गया चेकिंग के दौरान बिना परमिट के चल रही 03 बसों को सीज किया गया तथा 39 वाहनों के कागजात सही नही पाने जाने पर वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ व प्रभारी यातायात द्वारा एनएचएआई के सहयोग से जनपद के ब्लैक स्पॉट स्थल टेमा रहमत पर सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु जेब्रा क्रासिंग बनवाया गया। प्रभारी यातायात द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जैसे-नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया।

### प्रशासन की सख्ती के चलते व्यापारियों ने स्वयं हटाए अतिक्रमण

**श्रावस्ती,इकौना।** इकौना नगर में ब्यापारियों द्वारा अबैध तरीके से किये गए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही सख्ती के चलते दुकानदार स्वतः दुकानों के सामने अबैध रूप से लगाये गये टीन शेड हटाने में जुटे हैं। नगर के फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण के कारण अक्सर सड़क पर जाम लग जाता है जिसके चलते बाजार आने जाने वाले लोगो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ब्यापारियों को अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया जिसके चलते ब्यापारी खुद ही स्वयं के द्वारा किये गए अबैध अतिक्रमण हटा रहे हैं। अतिक्रमण हटते ही नगर मे आवागमन शुलभ हो जाएगा।

# अभा. उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया प्रेरणा दिवस, लिया संकल्प

**● पुलिस की गोली लगने से हरिश्चन्द्र अग्रवाल का हुआ था निधन**

संवाददाता। संतकबीरनगर


प्रेरणा दिवस मनाते व्यापारी पायनियर

**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन व जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि ने बताया कि 26 मई 1979 को बिक्रीकर के सर्वे छापे के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान अमीनाबाद लखनऊ के व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की पुलिस की गोली से अमीनाबाद थाने के सामने शहादत हो गई थी। जिनकी स्मृति में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पिछले 22 वर्षों से प्रदेश के सभी जनपदों में उनकी शहादत को व्यापारी प्रेरणा-दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर नमन करता है। कॉर्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनीत चड्ढा ने किया। जिस क्रम में जिला मुख्यालय पर गत 26 मई 2022 को व्यापारी प्रेरणा दिवस मनाया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न बाज़ारों से 21 व्यापारी नेताओं को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहीद व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, साथ ही प्रेरणा दिवस पर व्यापारियों को व्यापारी के लिए तन मन धन से कार्य करने एवं संगठन के प्रति रहने की शपथ दिलाई गई। उक्त व्यापारी प्रेरणा सम्मान समारोह में व्यापारियों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री पवन जायसवाल, ज़िला कोषाध्यक्ष हरीलाल गुप्ता, ज़िला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत, देवेश चड्ढा, ज़िला मंत्री अनूप जैन, महमूद खान, उदयराज अग्रहरि, ओंकार मद्धेशिया, नगर अध्यक्ष पेशकार अहमद, नगर महामंत्री विकास गुप्ता, विपिन जायसवाल सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

# जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का एसपी ने दिया निर्देश


निरीक्षण करते एसपी पायनियर

**● परेड सलामी के बाद किया निरीक्षण**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एडीएम व एएसपी ने कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण, दिये निर्देश

**संतकबीरनगर।** आगामी 5, जून, 2022 को राष्ट्रपति के कबीर स्थली मगहर में संभावित आगमन के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल एवं परिसर का निरीक्षण करते हुए साफसफाई व्यवस्था, ले-आउट व्यवस्था आदि का जायजा लिया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी (प्रशिक्षु) नमन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य संबंधित अधिकारी/नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



### तालाब की जमीन हुए अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**श्रावस्ती,जमुनहा।** तहसील जमुनहा अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्हीपुर कला के मजरा संकल्पा कला में गांव की ही कुछ दबंगो द्वारा तालाब की जमीन पर मकान बना कर अतिक्रमण कर लिया गया था जिसे एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला के निर्देश पर नायाब तहसीलदार शुभम तिवारी व राजस्व निरीक्षक व क्षेत्र लेखपाल सुनील मिश्रा की मौजूदगी में तालाब व नवीन परती ग्राम समाज से अवैध निमार्ण जेसीबी लगाकर हटा दिया गया। अबैध निर्माण हटाये जाने के सम्बंध में एसडीम जमुनहा सौरभ शुक्ला द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुपालन में सरकारी जमीन तालाबए चकमार्ग ए नबीन परतीए खाद गड्ढाए व चारागाह को दबंगो से कब्जा मुक्त किया जाएगा।

# जनपद के 83 प्रसव केन्द्रों पर है बेहतर सुविधाः सीएमओ

**संतकबीरनगर।** गर्भवती की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही विविध योजनाओं से जन जन को आच्छादित किया जाय। सरकारी अस्पतालों में गर्भवती के प्रसव के साथ ही बच्चे की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबन्ध किए गए हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि जिले की आशा कार्यकर्ता व एएनएम अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराएं। पूरे जनपद में कहीं से भी यह बात सामने आई कि किसी एएनएम या आशा कार्यकर्ता ने किसी गर्भवती का प्रसव किसी निजी अस्पताल में कराया है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इन्द्र विजय विश्वकर्मा ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि इस बात को सभी लोग ध्यान रखें कि सभी सुविधाओं से युक्त सरकारी चिकित्सालयों में ही प्रसव कराएं ताकि जन समुदाय को अधिक से अधिक लाभ हो सके। उन्होने आमजन से भी अपील की कि वे गर्भवती का प्रसव सरकारी चिकित्सालयों में कराएं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में ही यह प्रसव होते हैं। बेहतर सुविधाओं से युक्त 83 प्रसव केन्द्र हैं जिले में जिला मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता संगीता बताती हैं कि जनपद में बेहतर सुविधाओं से युक्त कुल 83 प्रसव केन्द्र जिले में हैं। इनमें से 5 एफआरयू हैं जिनके प्रसव केन्द्र वातानुकूलित हैं, यहां पर उच्च स्तरीय सुविधाओं का एहसास होगा। वहीं जिला चिकित्सालय में भी प्रसव के लिए बेहतर व्यवस्था तथा विशेषज्ञ चिकित्सक हैं।

### सपा नेता जय राम की याचिका पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**संतकबीरनगर।** विधानसभा चुनाव में मेंहदावल विधानसभा के उप विजेता रहे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जयराम पाण्डेय ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पिछले दिनों याचिका दाखिल कर न्यायालय से अनुरोध किया था भाजपा के प्रत्याशी अनिल कुमार त्रिपाठी जो विधानसभा चुनाव में जीत हासिल किये लेकिन उन्होने कई महत्वपूर्ण तथ्यो को छिपाते हुए अपना नामांकन रिटर्निग अफसर मेंहदावल में दाखिल किये। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जयराम पाण्डेय ने अपने याचिका में कहा है कि मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी के ऊपर कई अपराधिक मुकदमे पंजीकृत है जिसका उन्होने कही भी उल्लेख नही किया। याचिका को उच्च न्यायालय ने संज्ञान में लेते प्रतिवादी विधायक अनिल त्रिपाठी को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। याचनाकर्ता जयराम पाण्डेय के अधिवक्ता भरत सिंह पाल को उच्च न्यायालय ने सुना।

# निलंबन के विरोध में विद्युत इंजीनियरों ने किया प्रदर्शन

**● निलंबन वापसी तक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे इंजीनियर**

संवाददादाता। बस्ती


चीफ इंजीनियर कार्यालय पर धरना देते इंजीनियर पायनियर

**दो दिन** पहले निलंबित किए गए अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता के विरोध में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ एवं राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की ओर से निलंबन को समाप्त करने एवं जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या की प्रति प्रदान देने तक धरने पर बैठने का निर्णय लिया। अभियन्ता संघ एवं मण्डल के जूनियर इंजीनियर संगठन के सदस्यों की सहमति से संयुक्त रूप से समस्त सदस्यों द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया है, कहा कि नियम विरूद्ध एवं अन्यायपूर्ण निलम्बन की कार्रवाई को वापस लिए जाने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय हुआ। विद्युत उपभोक्ताओं एवं आमजन को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने का कार्य करेंगे, विभागीय बैठक एवं समस्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का पूर्ण बहिष्कार करेंगे, विद्युत चेकिंग, विद्युत विच्छेदन एवं राजस्व वसूली इत्यादि कार्यों से किनारे रहेंगे, मुख्य अभियन्ता कार्यालय प्रांगण में विरोध प्रदर्शन के दौरान एसडीओ आईटी आनन्द गौतम, इ. एके उपाध्याय, आशुतोष लाहिरी, मनोज यादव, संतोष कुमार, राम इकबाल प्रसाद, अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह, अशोक चन्द्र पाल, वरिष्ट उपाध्यक्ष पूर्वांचल अभय कुमार, अधिशासी अभियंता हर्रैया अमित कुमार, जेई जितेन्द्र मौर्य, जनपद अध्यक्ष अशोक चंद उपस्थित रहे।

# पत्रकार विषम परिस्थितियों के समय एकजुट होकर संघर्ष करेंः राजेंद्र तिवारी

**● पत्रकारिता तपस्या की तरह है और पत्रकार को एक साधक का जीवन व्यतीत करना चाहिएःशुक्ल**

**● पत्रकारों के जीवन में हमेशा हर तरफ चुनौतियां ही चुनौतियों रहती हैंः संजय**

**● संगठन पत्रकार हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा से संघर्ष करता रहाःतिवारी**

**● ग्रापए ने प्रेस क्लब में संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाई**

संवाददाता। बस्ती

**ग्रामीण** पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 35वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को प्रेस क्लब स्थित सभागार में ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में बनाई गई। ग्रामीण पत्रकारिता का भविष्य और चुनौतियां विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। पत्रकार दीपक दुबे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष डॉ संजय द्विवेदी ने विषय परिवर्तन करते हुए कहा की जीवन में हमेशा हर तरफ चुनौतियां हैं। ऐसे में पत्रकारिता से जुड़े लोगों को हमेशा इसका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं इफ्को पुरस्कार से सम्मानित अष्टभुजा शुक्ला ने पत्रकारिता के विभिन्न चरणों व पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की नैतिकता जिम्मेदारी, इमानदारी पर प्रकाश डाला। कहा कि पत्रकारिता तपस्या की तरह है और पत्रकार को एक साधक का जीवन व्यतीत करना चाहिए। पत्रकारिता आज बाजारवाद के जबरदस्त प्रभाव में है। बाजारवाद का प्रभाव पत्रकारिता और पत्रकार दोनों को तमाम सारे सही तथ्यों से दूर कर रहा है जो पत्रकारिता के लिए घातक है। विशिष्ट अतिथि कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन व संगठन के संरक्षक राजेंद्र तिवारी ने कहा की पत्रकारों को अपने सम्मान के साथ अपने पेशे से जुड़े लोगों के सम्मान की सुरक्षा के लिए हमेशा आगे आकर प्रयास करना चाहिए। संगठन की उत्पत्ति का आधार ही यही है कि वह पत्रकारों के विषम परिस्थितियों के समय एकजुट होकर संघर्ष करें। उन्होंने पत्रकारों को नशीहत देते हुए कहा कि अगर किसी पत्रकार को पत्रकारिता के क्षेत्र में अलग पहचान बनानी है, तो उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। पूर्व सूचना निदेशक डॉ दशरथ प्रसाद यादव, जयंत मिश्रा, सीएचसी हरैया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राकेश कुमार यादव, अशोक श्रीवास्तव, सोहन सिंह, हरिशंकर पांडेय पुनीत दत्त ओझा, डॉ कुलदीप सिंह आदि लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कहा कि संगठन पत्रकार हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा से संघर्ष करता रहा है और आगे भी जब कभी किसी पत्रकार के सामने संकट आएगा तो संगठन हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा। कहा कि पत्रकारों को इस बात को लेकर सतर्क रहना होगा कि उनके द्वारा पत्रकारिता के दौरान कोई ऐसा आचरण न हो जिससे कि सवाल खड़ा हो। इससे पूर्व सभी अतिथियों को बाबू बालेश्वर लाल की स्मृति में प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन तहसील अध्यक्ष सदर डॉ अजीत मणि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में विपिन बिहारी त्रिपाठी, डॉ एसके सिंह, कमलेन्द्र पटेल, महामंत्री पंकज त्रिपाठी, अवधेश कुमार सिंह, राजेश सिंह विसेन, परशुराम वर्मा, बेचू लाल अग्रहरि, राम ललित यादव, अभय दुबे, अमरजीत यादव, अनूप सिंह, दुर्गेश कुमार ओझा, सुरेंद्र नाथ द्विवेदी, मो. इमरान, संजय पांडेय, अनुराग कुमार श्रीवास्तव, धनीश त्रिपाठी, शिव कुमार कमल, एसएन तिवारी, रमेश त्रिपाठी, महेंद्र उपाध्याय, अभिषेक सिंह, सुरेंद्र नाथ द्विवेदी, मोहम्मद इदरीश सिद्दीकी, बृज किशोर यादव, मनीष कुमार, ज्ञानचंद द्विवेदी, शंकर यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश बरनवाल अरुण कुमार मिश्र, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।



ग्रामीण पत्रकारिता का भविष्य और उसकी चुनौतियां विषय पर हुई गोष्ठी में बोलते वक्ता पायनियर

# विकास कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी नहीं की जाएगी बर्दाश्त : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** चित्रकूट

**● साप्ताहिक समीक्षा बैठक में डीएम ने कसे लापरवाह अधिकारियों के पेंच**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में क्षयरोग उन्मूलन, सड़क सुरक्षा अभियान, एयरपोर्ट निर्माण, वीएचएसएनडी, कुपोषण( सैम मैम), रूर्वन मिशन के अंतर्गत निर्माण कार्य, नगरीय क्षेत्रों में सफाई एवं सुंदरता, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, कायाकल्प, सिटी डेवलपमेंट प्लान, गोस्वामी तुलसीदास मंदिर राजापुर एवं बाल्मीकि आश्रम लालापुर का विकास आदि की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सिटी डेवलपमेंट के अंतर्गत कहा कि जो रिक्वायरमेंट है उस पर फोकस करें। हमें टूरिस्ट, रेलवे, दूरदर्शन, पुलिस आदि डिपार्टमेंट के साथ बैठकर समीक्षा करना होगा। तभी धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के खोया पाया केंद्र में बैठकर समीक्षा एवं वाच कर सकते हैं आपने इस बार विजिट कर लिया है उसी के आधार पर कार्य करें। एयरपोर्ट के अंतर्गत उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आदि जो भी कमियां है उसे ससमय कराया जाए। रूर्बन मिशन के अंतर्गत उन्होंने कसहाई में आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, जननी सुरक्षा वार्ड का निर्माण, आवास विकास के अंतर्गत बारात घर का निर्माण पर चर्चा किए


डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल

तथा उन्होंने कहा बरात घर को एक सिस्टमैटिक तरह से बनाएं और अच्छी तरह से उसकी सजावट भी किया जाए जिससे अच्छा लगे। उन्होंने कहा कि बरात घर में व्यवस्थाएं परमानेंट व्यवस्था होनी चाहिए। कुपोषण के अंतर्गत उन्होंने कहा सभी उपकरण की व्यवस्था स्वास्थ्य केंद्रों पर होनी चाहिए कहा की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री सभी को बुलाया और ट्रेनिंग करा कर इसका प्रचार-प्रसार भी कराएं उन्होंने कहा कि सामान, कार्मिक, मुहैया कर दिया गया है अब लाभार्थी कितने आ रहे हैं इस पर फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि एक प्रोफार्मा बनाकर कार्य करें कि कितने जांच हुई हैं और इसको रेंडम चेक कराएं। उन्होंने कहा इस पर भारत सरकार का बहुत ही ज्यादा फोकस है। नगरीय क्षेत्रों में सफाई एवं सुंदरता के अंतर्गत उन्होंने कहा बाजारों में अतिक्रमण है उसे हटाया जाए उन्होंने कहा कि व्यापारी संगठन से बात करें और साफ सफाई कराते रहें। पर्यटन के अंतर्गत उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास मंदिर राजापुर एवं बाल्मीकि आश्रम लालापुर का विकास दोनों पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर गेट, यात्री बेंच आदि कार्य कराए जाने हैं।

## बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बिजली करेंट की चपेट आने से भैंस की मौत हो गई। जिससे परिजनों में हडकम्प मच गया। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। समधन नगर के ग्राम संतोषा निवासी धर्मेंद्र यादव की लगभग 70 हज़ार रुपये कीमत की भैंस दरवाजे पर बंधी थी। बीती गुरुवार की रात 11 बजे अचानक बिजली लाइन का तार टूट कर भैंस के ऊपर जा गिरा जिससे भैंस की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। गांव के बाहर खेतों में पानी लगा रहे हैं किसान ने इसकी जानकारी दी। मरी भैंस को देखकर पीड़ित होश उड़ गए। घटना की सूचना भैंस स्वामी ने बिजली विभाग को दी। जिसपर तत्काल बिजली सप्लाई काट दी गई। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर प्रतोष यादव, डॉ. अजीत यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक भैंस की रिपोर्ट बनाकर जांच के लिए भेजी। भाजपा नेता अफ्जालुर्रहमान हैकल के सहयोग से मृतक महेश स्वामी को मुआवजा दिलाए जाने की आश्वासन दिया गया है।

# पत्नी से छेड़छाड़ करने पर डंडे से पीट पीट कर की गयी थी युवक की हत्या

**● एक गिरफ्तार, भाई व मां फरार,मुस्कारा थाना क्षेत्र के शिवनी डेरा गांव का मामला**

**संवाददाता।** हमीरपुर



**मुस्करा** क्षेत्र के शिवनी डेरा गांव में सात माह पहले युवक की डंडे मारकर हत्या कर लाश खेतो मे छिपा देने के मामले में पुलिस ने आज खुलासा कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है,बंदी बनाये गये युवक का भाई व मां फरार बताये जाते है। शराब पीने के बाद आरोपी के पत्नी के साथ छेड़खानी करने पर युवक की डंडा मारकर हत्या कर दी गयी थी। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि गांव के मूलचंद्र ने छह माह पहले शराब पीने के बाद गांव के कल्लू की पत्नी के साथ छेड़खानी की थी यह बात कल्लू को बराबर खटक रही थी तभी उसने मूलचंद्र को शराब पिलाने के बहाने खेतो मे ले गया था वही पर कल्लू ने अपने भाई नरेंद्र व मां सुशीला की सहायता से मूलचंद्र(40) को शराब पिलाने के बाद डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद तीनो ने लाश को परशुराम के खेत में गाड़ दिया मगर बदबू के चलते कुछ दिन बाद लाश को तीनों ने उखाड़ कर गांव के जंगल में दफ्ना दिया मगर वहा पर जंगली जानवर उसे खोदने लगे फिर सभी ने लाश को उखाड़ कर गांव के परशुराम के खेत में गाड़ दिया तब तक ग्रामीणों को यह बात जानकारी हो गयी और खेत से नरकंकाल उखाड़ कर शिनाख्त करायी गयी जिसमे मूलचंद्र की पत्नी सुमन व बेटा हरगोविंद ने लाश की शिनाख्त की पुलिस ने कल्लू को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने सबकुछ उगल दिया,अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कल्लू की परिवार अपराधी किस्म का है कुछ दिन पहले इसने थाने के उपनिरीक्षक के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने कल्लू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है उसका भाई नरेंद्र व मा अभी फरार है उनकी गिरफ्तारी के लिये दविशे दी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### नलकूप में लगी आग से लाखों का नुकसान

**मौदहा (हमीरपुर)।** शार्ट सर्किट से ट्यूबवेल में लगी आग से किसान का लाखो रुपये का समान जलकर खाक हो गया। दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुचकर आग पर नियंत्रण पाया। तहसील क्षेत्र के मकरांव गांव में शुक्रवार की सुबह गांव निवासी कल्लू यादव के ट्यूबवेल में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ट्यूबवेल मालिक तथा फायर ब्रिगेड को दी और इस दौरान वहां लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई परंतु सूचना मिलने पर भी समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड तो ग्रामीणों ने स्वयं आग बुझाने का बीड़ा उठाया और पास के ही एक अन्य ट्यूबवेल से पानी लाकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया तब तक उक्त ट्यूबवेल सहित उसका सारा सामान जलकर राख हो चुका था जिससे किसान का लगभग दो लाख का नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित किसान कल्लू ने बताया कि आग इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से लगी थी जिसमें ट्यूबवेल के अंदर रखी उनकी कटर मशीन कई हस्ती पाइप भूसा सहित अन्य उपयोगी सामान जलकर राख हो गया वहीं उसने यह भी बताया कि इस अग्निकांड की सूचना फायर ब्रिगेड को तत्काल दी गई थी परंतु आग बुझने तक लगभग दो घंटे का समय लगा इस दौरान फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंच सकी और जब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका तब तक उसका लाखों का नुकसान हो चुका था।

### पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल,पति द्वारा घर से निकालने का लगाया आरोप

**राठ।** जरिया थाने के करही गांव में समय से खाना न तैयार होने पर नाराज पति ने पत्नी को पीट पीट कर घायल कर दिया। पत्नी ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के मुताबिक पत्नी शीला ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की सुबह वह पशुओं को चारा डालने गई थी। जिसके कारण उसे खाना बनाने में देरी हो गई। तभी उसका पति उग्रसेन बाहर से आया और खाना बनाने के लिए कहने लगा। जब उसने पति से थोड़ी देर में खाना बनाने के लिए कहा तो वह आक्रोशित हो गया। आरोप लगाया कि इतने में उसे लाठियों से मारापीटा। मारपीट से घायल महिला को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया है। जरिया थाना इंचार्ज ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। इसी प्रकार दूसरी घटना में कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी आकांक्षा पत्नी कमलेश कुमार ने बताया कि उसकी शादी के छह वर्ष हो गए है। गुरूवार की रात करीब नै बजे उसका पति बिना कारण विवाद करने लगा। विरोध करने पर उसे मारापीटा। बताया कि उसने 1090 में फोन करके पुलिस बुला ली। आरोप लगाया कि उसका पति उसे घर से निकालना चाहता है। जिससे वह बहुत परेशान है। पीड़िता कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छत पर सोये युवक को सर्प के काटने से हुई मौत

**जालौन (उरई)।** छत पर सो रहे युवक को सांप ने कांट लिया। उपचार के लिए ले जाते समय युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद घर में मातम पसर गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी 25 वर्षीय युवक पुरूषोत्तम पुत्र उमेश गर्मी होने के कारण गुरुवार की रात सो रहा था। मध्य रात्रि में युवक के किसी कीड़े की काटने से दर्द का एहसास हुआ। दर्द के एहसास से उसकी नींद टूट गयी। जब उसने देखा तो उसके पास सांप बैठा था। उसने सांप द्वारा काट लेने की आवाज लगाई। परिवार के लोगों ने डंडे के सहयोग से छत से सांप को हटाया। परिवार के लोग युवक के सांप के काटने से घबरा गये। आनन फानन में रात में ही युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया से मेडिकल कॉलेज झांसी भेजा गया। मेडिकल कालेज झांसी से उपचार के लिए ग्वालियर ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को हुई घर में मातम पसर गया।

### विधायक अनिल प्रधान के उठाये मुद्दों पर जल्द निदान का शासन ने दिया भरोसा

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में कर्वी विधानसभा क्षेत्र में पूरे जिले की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी योजनाओं की बाबत दर्जनों मुद्दों और याचिकाओं को सदन में उठाकर जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया। शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने पिछले दिनों विधानसभा पटल पर विभिन्न मुद्दों में चित्रकूट के उद्यान विभाग के बागवानी पर हो रहे भ्रष्टाचार के मामले को सदन में उठाया।

# स्वाबलंबन कैंप में महिलाओं को किया गया जागरूक

**संवाददाता।** उरई ( जालौन )

**जिला प्रोबेशन** अधिकारी के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग, जालौन द्वारा मिशन शक्ति फेज-4.0 के अन्तर्गत उरई शहर के वार्ड नंबर 25 के आंगनबाडी केंद्र पर लिंगानुपात जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वावलंबन कैंप आयोजित किया गया। मिशन शक्ति फेज 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को महिला कल्याण अधिकारी अल्कमा अख्तर ने कन्या भूण हत्या विषय पर एवं बालिकाओं को कार्यस्थल पर माहिलाओं का यौन शोषण के कानूनी जागरूकता, घरेलू हिंसा, लिंगानुपात जागरूकता हेतु डिजिटल एनालॉग गुडडा-गुडडी बोर्ड, सुरक्षा एक्सप्रेस मोबाइल वैन के माध्यम से महिलाओं तथा बच्चों के मुददों पर जागरूकता, सुरक्षा, महिलाओं के जीवन स्तर को उठाने एवं उनकी आय को बढ़ाने सम्बन्धी विभिन्न जानकारी, सुरक्षित मातृत्व एवं सुरक्षित शिशु तथा महिला स्वास्थ्य आदि विषयों पर जानकारी, पुलिस व अन्य सैन्य बलों मे भर्ती होने हेतु मानक एवं शारीरिक दक्षता के विषय मे जानकारीं, यौन हिंसा, कन्या भूण हत्या, दहेज प्रतिषेध हिंसा आदि की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला कल्याण विभाग उप्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ आदि की जानकारी महिला कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी। आगनवाडी केंद्र पर गुडडा गुड्डी बोर्ड की स्थापना की गई। बालिकाओं को समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों से लड़कर जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल के कृषि छात्रों को उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता।** चित्रकूट

**दीनदयाल** शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ में आई ई एस यूनिवर्सिटी भोपाल के कृषि में पढ़ाई करने वाले छात्रों का कृषि आधारित उद्योगो की जानकारी के लिए पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा आज वर्तमान समय में कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए छात्रों को किसानों के बीच में जाकर बहुआयामी प्रयोग करने होंगे। आप यहां पर कृषि से उत्पादित सामग्री के आधार पर बनने वाले उद्योगों को और उनके उत्पादों के बारे में जानने के लिए यहां पर आए हुए हैं, हमारा संस्थान के सभी प्रशिक्षकों से निवेदन है कि छात्रों को पूरी पूरी उत्पादों की जानकारी दी जाए जिससे वह भविष्य में यदि



उद्योग स्थापित करते हैं तो उन्हें कोई कठिनाई न हो। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्राचार्य मनोज सैनी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षणार्थी के मध्य में रखी। विभिन्न सत्रों के अंतर्गत पशु वैज्ञानिक डॉ0 राम प्रकाश शर्मा ने पशु पालन एवं गो आधारित विभिन्न प्रकार के उत्पाद कैसे तैयार किए जाते हैं इस विषय पर मार्गदर्शन किया एवं डॉ मनोज त्रिपाठी ने आरोग्यधाम में चलने वाली रसशाला तथा हरी ताजी जड़ी बूटियों, हर्बल गार्डन इन सभी की जानकारी रखी। रिसोर्स सेंटर के प्रभारी विनीत श्रीवास्तव ने एंटरप्रेन्योरशिप कम्युनिकेशन तथा विभिन्न उत्पादों के प्रोसेस मैपिंग की जानकारी ऑनलाइन के माध्यम से दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न इकाइयों में सैद्धांतिक एवं प्रैक्टिकल विषयों को प्रत्येक इकाई के सुपरवाइजर ने ठीक प्रकार से कराया। डॉ.राजेंद्र सिंह नेगी प्राचार्य कृषि विज्ञान केंद्र ने समापन कार्यक्रम पर जल ग्रहण प्रबंधन तथा कम लागत में ज्यादा मुनाफा खेती में किस प्रकार कमाए इस विषय की जानकारी दी। समापन सत्र के फीडबैक सेशन को लेते हुए डॉ.अशोक पाण्डेय ने स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत समाज शिल्पी दंपत्ति अपने अपने गांव को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे है इसी कार्यपद्धति की चर्चा प्रशिक्षणार्थियों से की। प्रशिक्षण से नई नई बातें हमें सीखने को मिलती है और किसी नए स्थान पर हम जाते हैं तो वहां के वातावरण से भी हमें कुछ ना कुछ सीख मिलती है।

# प्रशासन का बुलडोजर गरजा, हटाया गया दुकानों के सामने पसरा अतिक्रमण

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)

**लगातार** जारी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शुक्रवार को भी प्रशासन का बुलडोजर गरजा और नदीगांव रोड पर मंडी गेट के आगे तक दुकानों के आगे पसरा अतिक्रमण साफ कर दिया गया। एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह और तहसीलदार प्रेमनारायण की अगुवाई में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में बिना भेदभाव बरते सभी के अतिक्रमण साफ कर दिए गए।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक और शासन के निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय प्रशासन द्वारा सोमवार से शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुल्डोजर लगातार अपनी गर्जना कर लोगों के दिल दहला रहा है क्योंकि


पक्का अतिक्रमण तोड़ती जेसीबी पायनियर

अपने पड़ोसियों के पक्के निर्माण ढहते देख उनके कलेजे यह सोचकर मुंह को आ रहे हैं कि कल उनकी भी बारी है। एसडीएम कृष्ण कुमार सिंह, तहसीलदार प्रेमनारायण, कोतवाल बलिराज शाही, सफाई निरीक्षक हरीशंकर निरंजन की मौजूदगी में पालिका कर्मियों ने मारकंडेयश्वर तिराहे से नदीगांव रोड पर सड़क के पश्चिमी किनारे पर गुरुवार को छोड़े गए अभियान को आगे बढाया और पसरे अतिक्रमण को सख्ती के साथ बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। एसडीएम ने एक बार फिर अतिक्रमणकारियों को चेताया, कहा कि अपना अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लेने में ही भलाई है और नुकसान से बचा जा सकता है।

## रात्रि के अंधेरे में दीवार तोड़ पड़ोसी की जमीन पर लगा दिया दरवाजा

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा ने रात के अंधेरे में दीवार तोड़ ली तथा पड़ोसी की खाली पड़ी जमीन की ओर दरवाजा लगा लिया। जब जमीन के मालिक ने विरोध किया तो उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली क्षेत्र जगनेवा निवासी सुशील कुमार पुत्र कृष्ण गोपाल ने बताया कि उनके घर के बाहर खाली जमीन पड़ी है। खाली पड़ी जमीन पर उनके पड़ोसी हरचरन व उसके परिवार के लोगों की नीयत खराब है। जमीन पर कब्जा करने के इरादे से रात के अंधेरे में लगभग 10 जब पूरा परिवार सो गया तो अपनी दीवार तोड़ ली। दीवार तोड़ कर उनकी खाली पड़ी जमीन में दरवाजा लगा लिया। टूट-फूट की आवाज आने से जब उनकी नींद खुली तथा उसका विरोध किया तो हरचरन व गंगा प्रसाद के परिवार के लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी।

# दो दर्जन से अधिक तालाब धरातल से हुये गायब, अधिकारी हैरान

**● जो तालाब जमीन पर हैं वह भी अतिक्रमण की चपेट में**

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**नगर के** तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। शुक्रवार को नगर पालिका की टीम मोहल्ला चुर्खीबाल स्थित तालाब से स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंची। जहां टीम ने अभियान की शुरूआत की। वहीं, अतिक्रमणकारियों द्वारा एक दिन की मोहलत मांगी गई। जिसके बाद एक दिन में स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई। अन्यथा की स्थिति में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण ढहा दिया जाएगा। हैरानी की बात तो यह है कि सरकारी अभिलेखों में नगरीय क्षेत्र में 36 तालाब दर्ज है जो आज जमीन से गायब हो चुके हैं। अतिक्रमण विरोधी चलने से यह मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकारी अभिलेखों के अनुसार नगर में 36 तालाब स्थित हैं। जिसमें से अधिकांश तालाबों पर पक्का निर्माण हो चुका था। जो तालाब बचे भी हैं उन पर भी अतिक्रमण है। पालिका द्वारा चुर्खीबाल मोहल्ले में स्थित तालाब की जमीन पर पक्का निर्माण किए परिवारों को पूर्व में ही अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जा चुकी थी। इसके बाद भी अतिक्रमण न हटने पर गुरूवार की शाम ईओ डीडी सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम नगर के चुर्खीबाल मोहल्ले में स्थित तालाब पर पहुंच गई। टीम ने पक्का निर्माण ढहाने की शुरूआत की ही थी कि अतिक्रमणकारियों ने नगर पालिका ईओ से एक दिन का समय मांगा। उन्होंने कहा कि वह एक दिन में अपने अतिक्रमण हटा लेंगे। जिसके बाद ईओ ने उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि एक दिन में यदि उनका अतिक्रमण नहीं हटा तो जेसीबी मशीन से उनका अतिक्रमण ढहा दिया जाएगा।

# अनियमितताओं की शिकायत पर टीम ने की मदरसों की जांच पड़ताल

**● पिछले 58 माह से मदरसों के शिक्षकों को नहीं मिला मानदेय**

**मौदहा ( हमीरपुर )।** सरकार द्वारा संचालित प्रोवाइडिगं इन एजुकेशन मदरसा मैंनारिटी (एसपीईएमएम) के तहत चल रहे आधुनिकीकरण योजना से आच्छादित मदरसों में आ रही लगातार अनियमितताओं की शिकायतों को देखते हुए मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार ने तीन सदस्यीय टीम के साथ निरीक्षण किया। आज ग्रामीण क्षेत्र मदरसा दारुल उलूम गुलशन रहमत भंभौरा एवं मदरसा इस्लामिया स्कूल पारा टीम पहुंच कर भूमि भवन पेयजल स्वच्छता का स्थली निरीक्षण किया स्थलीय निरीक्षण किया। मदरसा आधुनिकीकरण योजना जो केंद्र सरकार से संचालित योजना है अल्पसंख्यक मुस्लिम बच्चों को दीन तालीम शिक्षा के साथ-साथ



आधुनिक शिक्षा गणित विज्ञान हिंदी सामाजिक विज्ञान पढ़ाने के लिए इस योजना का गठन किया साथ ही मदरसों के लिए अनुदान की व्यवस्था की जिससे अल्पसंख्यक बच्चो का गुणवत्ता एवं पारंपरिक शिक्षा के अलावा आधुनिक शिक्षा गणित विज्ञान हिंदी सामाजिक विषय का ज्ञान हो सकेऔर समाज की मुख्यधारा में अपना स्थान बना सकें जिसके तहत सरकार ने प्रत्येक मदरसे में तीन अध्यापकों की नियुक्ति की । साथ साथ मदरसे को सरकारी अनुदान दिया । आ रही शिकायतों के देखते हुए शासन ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए टीम गठित कर भौतिक सत्यापन के आदेश दिए जिसका आज स्थली निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ब्लॉक अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मोहम्मद सईद सिद्दीकी संकुल प्रभारी सोमनाथ बाजपेई और नोडल शिक्षक रामकृष्ण पार्टी टीम के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया वही खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में दो मदरसे है। जिनका शासन से अनुदान आता है उनका भौतिक सत्यापन किया गया सामान्य पाए गए आधुनिकृत शिक्षकों ने टीम के समक्ष 58 माह से मानदेय शासन द्वारा नहीं दिया गया टीम के समक्ष अपनी बात रखी।

## दिल्ली गये युवक का एक माह से परिवार से संपर्क टूटा

**जालौन ( उरई )।** काम पर दिल्ली गये युवक का परिवार के लोगों का एक माह से संपर्क टूट गया है। पुत्र का परिवार से संपर्क टूटने के कारण परिवार के लोग परेशान हैं। पिता ने एसपी को शिकायत देकर पुत्र की तलाश कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र खंडेराव निवासी सूरल पाल पुत्र बल्देव ने बताया कि उनका पुत्र पूरन सिंह 6 मार्च को काम पर जाने के लिए दिल्ली गया था। तब से वह दिल्ली में रहकर काम कर रहा था। पुत्र से अंतिम बार 19 मई खो बात हुई थी। इसके बाद से उसका फोन बंद जा रहा है। पिता ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि 3 युवक उनके घर आये थे तथा उनके पुत्र पूरन को तलाश रहे थे। 1 माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी युवक की कोई सूचना नहीं मिल रही है। कोतवाली पुलिस को सूचना भी दी किन्तु इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रत्यावेदन देकर पुत्र की तलाश कराने की मांग की है।

# लोक अदालतें सस्ता, सुगम न्याय का वैकल्पिक मंचः जिला जज

**● लंबी प्रक्रिया से बचने के लिये पक्षकार इसका लाभ उठायें**

**● जिले में भ्रमण हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा किया रवाना**

**उरई ( जालौन )।** जनसामान्य के मध्य लोक अदालतों एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रचार वाहन आज जिला मुख्यालय पहुंचा यहां जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना द्वारा उसे हरी झण्डी दिखाकर जनपद भ्रमण हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला जज श्री सक्सेना ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता व सुगम न्याय का वैकल्पिक मंच है। न्यायालय की भागदौड़ व लम्बी न्यायिक प्रक्रिया से बचने के लिये पक्षकार इसका लाभ उठा



सकते है। इसमें विभिन्न प्रकार के सुलह योग वादों को अंगीकृत किया जाता है। इसी क्रम में 29 मई को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें आर्बिट्रेशन के मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेनू यादव द्वारा बताया गया कि सामान्य-जन को राष्ट्रीय लोकअदालत के सफल आयोजन के लिये सम्पूर्ण जनपद में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रचार वाहन द्वारा संघन प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व इसके अधीनस्थ संचालित तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा 27 एवं 28 मई में 2 दिवस प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम तहसील, विकास खण्ड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत तहसील उरई, कोंच, कालपी, जालौन एवं माधौगढ़ एवं कदौरा, डकोर, कोंच, नदीगांव, माधौगढ़, रामपुरा, जालौन, कुठौंद व महेवा विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामों में जायेगी। इस प्रचार अभियान में करीब एक दर्जन पैरालीगल वालंटियर्स को ड्यिूटी पर लगाया गया है। इसमें अरविन्द कुमार पाण्डेय, वैभव विश्वकर्मा, राममोहन चतुर्वेदी, बृजेश सिंह चौहान, अनुराग स्वर्णकार, धर्मेन्द्र कुमार, जयसिंह चौधरी, बादाम सिंह यादव, विपिन बुधौलिया, स्नेशराजा, सीता तिवारी एवं शीलिमा आदि रहेंगे। जिला न्यायालय के प्रवेश द्वार पर प्रचार वाहन को रवाना किये जाते समय प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश जैगम उद्दीन, अपर जिला जज सुरेश चन्द्र, प्रकाश तिवारी, विजय बहादुर यादव, प्रशान्त कुमार, अपर कुटुम्ब न्यायाधीश अमृता शुक्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अन्जू राजपूत, सिविल जज (सीडि) महेन्द्र कुमार रावत, सिविल जज (सीडि), एफ्टीसी गजेन्द्र सिंह, सिविल जज जूडि ऋचा अवस्थी, न्यायिक मजिस्ट्रेट तुषार जायसवाल वाह्य न्यायालय कोंच के न्यायिक अधिकारी पलाश गांगुली, जालौन के न्यायिक अधिकारी अर्नवराज चक्रवर्ती, नेहा राजन और कालपी दीवानी न्यायालय की न्यायिक अधिकारी रागिनी मिश्रा, सुभाष एवं ग्राम न्यायालय माधौगढ़ की न्यायाधिकारी श्वेता यादव आदि सहित सभी न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।